निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 25 मार्च 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 300 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

421 : इटली में वेनिस शहर की स्थापना हुयी।
1306 : रॉबर्ट ब्रूस को स्कॉटलैंड का नया राजा बनाया गया।
1668 : अमेरिका में पहली बार घुड़दौड़ का आयोजन।
1700 : इंग्लैंड, नीदरलैंड और फ्रांस ने दूसरी उन्मूलन समझौते पर हस्ताक्षर की।
1788 : समाचारपत्र 'कलकत्ता गैजेट' में भारतीय भाषा बांग्ला का पहला विज्ञापन प्रकाशित।
1821 : ग्रीस ने तुर्की से स्वतंत्रता हासिल की।
2014 : प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नन्दा का निधन।

ओबीसी आरक्षण के साथ होंगे नगर निकायों के चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी कर ओबीसी आरक्षण के साथ ही 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जाएगा। विधानसभा में 24 मार्च को सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने यह बात कही है। सरकार के इस रुख से निकाय चुनाव में और विलंब होना तय है। मंत्री का कहना है कि रांची, कोडरमा और देवघर को छोड़कर शेष 21 जिलों में ट्रिपल टेस्ट के तहत डोर-टू-डोर सर्वे का काम पूरा हो चुका है। प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा के लिए आयोग की टीम क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है।

ओबीसी आरक्षण के साथ ही होगा निकाय चुनाव

जदयू विधायक सरयू राय ने पूछा कि 16 जनवरी 2025 को अवमानना वाद पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से नगर निकाय चुनाव कराने के लिए चार माह का समय मांगा गया था। यह अवधि बहुत जल्द समाप्त होने वाली है। ऊपर से पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष का पद भी रिक्त है। क्या निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय किए बिना भी सरकार समय-सीमा के भीतर चुनाव कराना चाहती है। इसके जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्पष्ट कर दिया कि ओबीसी आरक्षण के साथ ही सरकार निकाय चुनाव कराने के लिए संकल्पित है। वहीं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए 13 जनवरी 2025 को कल्याण विभाग से अनुरोध किया जा चुका है। इसी दौरान भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने सूचना के तहत पूछा कि क्या 16 मई 2025 से पहले ओबीसी को आरक्षण देते हुए सरकार निकाय चुनाव कराएगा या नहीं। क्योंकि यह अवमाननावाद का मामला है।

नगर निकाय चुनाव में विलंब होने के पूरे आसार

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि परिस्थितिवश इस राज्य ने बिना ओबीसी आरक्षण के मुखिया का चुनाव देखा है। सभी जानते हैं कि चुनाव नहीं होने पर केंद्र सरकार ग्रांट रोकती है। पंचायत चुनाव के समय ऐसा ही हुआ था। अब नगर निकाय चुनाव नहीं होने पर सरकार ने वित्त आयोग का पैसा रोक रखा है। लिहाजा 16 मई को होने वाली अगली सुनवाई से पहले तक तीन जिलों का ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट आ जाता है तो आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए निश्चित समयावधि में निकाय चुनाव कराया जाएगा। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो कोर्ट से ओबीसी प्रतिनिधित्व का हवाला देते हुए कुछ और समय की मांग की जाएगी। इससे साफ है कि नगर निकाय चुनाव में विलंब होने की पूरी संभावना है।

कहां-कहां होना है नगर निकाय का चुनाव


इस लिस्ट में कुल 9 नगर निगम हैं जहां चुनाव लंबित है। इनमें रांची, हजारीबाग, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो नगर निगम शामिल है। नगर परिषद की संख्या 20 है जहां चुनाव होना है। इनमें गढ़वा, बिश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम नगर परिषद शामिल है। इसके अलावा 19 नगर पंचायतों में चुनाव होना है। इनमें बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया शामिल है।

भारतीय खाद्य निगम ने शुरू की गेहूं खरीद की तैयारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार ने आगामी रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया। यह बैठक आज पटना के होटल मौर्य में आयोजित की गई, जिसमें खाद्य एवं सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य में गेहूं खरीद को बढ़ाने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ समय पर दिलाने के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य विभाग के सचिव डॉ. एन. सरवण कुमार (भा.प्र.से.) ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में 1 अप्रैल 2025 से 5000 गेहूं खरीद केंद्र सक्रिय होंगे, जहां किसानों से सीधे खरीद की जाएगी। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घंटे के भीतर किया जाएगा। उन्होंने किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए डीबीटी पोर्टल और सहकारिता विभाग के पोर्टल का उपयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस साल राज्य में गेहूं खरीद का लक्ष्य 1.50 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने बताया कि 50,000 एमटी गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राज्यभर में 151 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो 15 जून 2025 तक कार्यरत रहेंगे। गेहूं की उत्पादकता को देखते हुए रोहतास, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, सिवान, गया, सारण, नालंदा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सासाराम, गोपालगंज, औरंगाबाद, बेगूसराय, पटना और दरभंगा जैसे जिलों में अधिक संख्या में क्रय केंद्र खोले जाएंगे। इस बार सरकार ने किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की योजना बनाई है। इस पहल के तहत किसानों को गेहूं खरीद केंद्रों तक लाने के लिए प्रेरित करेंगे, जिसके बदले उन्हें 27 रुपये प्रति क्विंटल का कमीशन दिया जाएगा।



- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

उत्तर प्रदेश नं. 1

- 15 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

खुशहाल किसान, यूपी की पहचान

- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

काम दमदार, युवाओं को रोजगार

- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

सबके साथ सरकार

- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

स्वास्थ्य का उपहार

- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

विकास पथ पर यूपी का रथ

- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस

- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

विरासत भी, विकास भी

- महाकुम्भ 2025 में 66.30 करोड़+ श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान
- महाकुम्भ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3.50 लाख करोड़+ की वृद्धि
- 6 आध्यात्मिक कॉरिडोर के विकास से पर्यटन में वृद्धि
- अयोध्या में दिव्य-भव्य प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण
- वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास
- अयोध्या में भव्य-दिव्य दीपोत्सव, काशी में देव-दीपावली

अंत्योदय से गरीब कल्याण

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा

- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

संक्षिप्त समाचार

रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर गैलेक्सी ने बांटी सिलाई मशीन

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। खबरा स्थित हर्षित फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज के सभागृह में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर गैलेक्सी ने महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोटरी डॉ. सुरभि के अलावा उप मेयर डॉ. मोनालिसा, सुधीर कुमार सिंह, सैयद अब्बास अली, डॉ. एचएन भारद्वाज, डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. संयोग कुमार समेत रोटरी परिवार के सदस्य थे। भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव के के चौधरी, अमरनाथ प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, डॉ. नवनीत शांडिल्य, डॉ. एनके मिश्रा एवं अन्य गणमान्य भी थे। धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन कौशलेंद्र कुमार चार्टर प्रेसिडेंट द्वारा किया गया।

सिलीगुड़ी से छपरा आ रही यात्री बस पलटी

■ एक महिला की मौत, 12 से ज्यादा यात्री घायल ■ किशनगंज के पास हुआ हादसा



किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज के लाहिल में एनएच 27 पर रविवार की देर रात एक बड़ा हादसा हुआ। जहां सिलीगुड़ी से छपरा जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला यात्री की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। घटना रात 10:12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस किशनगंज से आगे बढ़ी थी और बंगाल के कानकी से पहले डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोगों ने जोर की आवाज सुनी।घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकाला। वहीं घायलों को बंगाल और किशनगंज के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। चाकुलिया थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। पुलिस ने बताया गया कि मृतक महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पति से विवाद के बाद महिला ने की आत्महत्या

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी। वैशाली में सौतेले बेटे की पिटाई से नाराज पिता ने पत्नी को डांट लगाई तो पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली गांव की है। महिला घर में अपनी एक बेटी और सौतेला बेटा के साथ घर में रहती थी। हालांकि परिजनों ने बताया गया है कि पारिवारिक विवाद के कारण फांसी लगाकर महिला ने आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग मौके से जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई । मृतका की पहचान मझौली गांव निवासी मधुरेश राय की 28 वर्षीय पत्नी ब्यूटी कुमारी के रूप में हुई है। जिसकी शादी 10 साल पहले मधुरेश राय से हुई थीं। मधुरेश राय यह दूसरी शादी थी। उसकी पहली पत्नी से एक लड़का है। मृतका की मायका समस्तीपुर है। उसके दो बच्चे हैं और पति प्रदेश में रहकर कंपनी में काम करता है। फिलहाल वह वहीं है। परिजनों द्वारा सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला ब्यूटी कुमारी द्वारा सौतेले बेटे की पिटाई की गई थी। जिसको लेकर सौतेले बेटे ने इसकी शिकायत अपने पिता से फोन पर कर दिया था। इसी को लेकर उसके पिता ने अपनी पत्नी ब्यूटी देवी को फोन कर डांट डपट किया था। इसी बात को लेकर बेटी देवी नाराज हो गई और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिदुपुर थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि लोगों ने यह बताया गया था कि एक महिला की मौत हुई है। मौके से पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दी गई है।

रेलवे क्लेम घोटाले में ईडी का ऐक्शन, पटना समेत चार शहरों में 8 करोड़ की संपत्ति कुर्क



पटना, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे क्लेम घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 8.02 करोड़ रुपये की 24 अचल संपत्ति को अंतिम रूप से कुर्क कर लिया है। यह अचल संपत्तियां बिहार के पटना, नालंदा, गया के साथ नई दिल्ली में स्थित हैं। इस संबंध में ईडी ने पटना के विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर करते हुए मामले में आरोपित अधिवक्ता विद्यानंद सिंह, अधिवक्ता परमानंद सिन्हा, अधिवक्ता कुमारी रिंकी सिन्हा, अर्चना सिन्हा, विजय कुमार, निर्मला कुमारी और मेसर्स हरिजग बिजनेस एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को पीएमएलए, 2002 के तहत दोषी ठहराने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। यह मामला रेलवे दावा न्यायाधिकरण (पटना) से संबंधित है। इस आपराधिक साजिश में आकस्मिक मृत्यु दावा मामलों में दावेदारों को दी गयी राशि का केवल एक हिस्सा ही दावेदारों को मिला, जबकि बड़ा हिस्सा साजिशकर्ताओं ने हड़प लिया। सीबीआई की एसीबी इकाई ने मामला दर्ज किया था। ईडी ने जांच को आगे बढ़ाते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की है।

रेलवे क्लेम घोटाला मामले में ईडी की जांच से पता चला है कि एडवोकेट बिद्यानंद सिंह और उनके वकीलों की टीम ने 900 से ज़्यादा दावों का निपटारा किया, जिनमें जज आरके मित्तल द्वारा डिक्री व निष्पादन आदेश जारी किये गये। आरोप है कि आरोपियों ने दावेदारों की जानकारी के बिना उनके बैंक खाते खोले और उनका संचालन किया।

उन्होंने रेलवे से प्राप्त दावा राशि को अपने खातों में या नकद निकासी के लिए इन दावेदारों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि दावेदारों के बैंक खाते से 10.27 करोड़ रुपये की बड़ी राशि वकीलों के बैंक खातों में स्थानांतरित की गई, जो कि उनके द्वारा अर्जित अपराध की आय के अलावा और कुछ नहीं है।

अधिवक्ताओं और उनकी पत्नियों ने अपराध की आय को छिपाने और इसे बेदाग दिखाने के लिए अपराध की आय का उपयोग करके अपने नाम और उनके द्वारा नियंत्रित एक कंपनी के नाम पर 24 अचल संपत्तियां अर्जित कीं। इस मामले में वकीलों और जज आरके मित्तल से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की गई थी। एडवोकेट बिद्यानंद सिंह, एडवोकेट परमानंद सिन्हा और विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वे सभी न्यायिक हिरासत में हैं। जांच जारी है।





दारोगा ने मांगा 2 किलो लहसुन और 500 रुपया, लापता बेटे की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पिता का आरोप

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बिहार पुलिस अपने अलग-अलग कारनामों की वजह से अक्सर चर्चा में रहती है। पिछले कुछ दिनों से विभिन्न जिलों में खाकी पर हमले की खबरें भी काफी आ रही थीं और इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल भी उठ रहे थे। अब मुजफ्फरपुर जिले में खाकी को लेकर एक ऐसी खबर आई है जिसे सुनकर आप चौंक जाएंगे। दरअसल यहां एक पिता ने आरोप लगाया है कि जब वो अपने लापता बेटे की फरियाद लेकर थाने में गए तो दारोगा ने उनसे 2 किलो लहसुन की डिमांड कर दी। दरअसल जिले में मीनापुर थाना क्षेत्र के पिपराहां गांव से पांच दिसंबर 2022 से लापता युवक अजीत कुमार का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक की बरामदगी के लिए परिजन लगातार थाने का चक्कर लगाकर थक गए हैं। अब लाचार पिता योगेंद्र भगत ने आरोप लगाया कि जब भी थाने पर जाता हूं, तो पुलिस पदाधिकारी डांट कर भगा देते हैं। थाने के दरोगा के द्वारा कहा गया कि दो किलो लहसुन और 500 रुपए लेकर आओ, तभी मामले में कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित योगेंद्र भगत ने अधिवक्ता एसके झा के माध्यम से बिहार मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की हैं।

शराबबंदी कानून हटाना चाहिए, नौजवान बर्बाद हो रहे: भाजपा नेता आरके सिंह



बड़हरा, आरा, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरीय नेता आरके सिंह ने रविवार को एक बार फिर चौंकाने वाला बयान दिया है। बड़हरा के सरैया बाजार स्थित भीखम दास मठिया के प्रांगण में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को हटा देना चाहिए। इससे नौजवान बर्बाद हो रहे हैं। बीजेपी के दिग्गज नेता ने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष समेत पुलिस ही शराब बेचवा रही है। लोगों की समस्या सुनने के क्रम में सभा मंच से ही आरके सिंह ने मोबाइल पर एक अभियंता को हड़काया और कहा कि सुनने में आ रहा है कि आप कुछ विधायकों के कहने पर टेंडर मैनेज कर रहे हैं।तो सुन लीजिए, हम जेल भेज देंगे। पूर्व मंत्री ने सरैया में महिला कॉलेज खोलने के लिए शिक्षा मंत्री से बात कर पहल करने को कहा। वर्तमान सांसद की कार्यशैली की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से अलग हो उन्हें जिताने में शामिल जनप्रतिनिधियों को पानी में डूब मरना चाहिए। भाजपा नेता अजय सिंह ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद के हार जाने से पूरे भोजपुर में विकास कार्य ठप हो गया है । इनके कार्यकाल में भोजपुर संसदीय क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा था। संचालन भाजपा नेता दयाशंकर सिंह कर रहे थे।

बिहार में बाढ़ राहत शिविर के बिल में फर्जीवाड़ा, खानपान का जिक्र नहीं, टेंट-पंडाल में भी गड़बड़ी

पटना, एजेंसी। पिछले साल अक्टूबर में पटना जिले में बाढ़ की स्थिति होने पर पीड़ित परिवारों के लिए बनाए गए राहत शिविर में खर्च के ब्योरे में 2.98 करोड़ का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। गंगा किनारे कुल 14 जगहों पर राहत शिविर बनाए गए थे। डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जांच कराई तो यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत शिविर के खर्च के बिल विपत्रों की जांच के लिए चार सदस्य कमेटी एडीएम की अध्यक्षता में गठित की थी। कमेटी ने लगभग एक माह तक बिल विपत्र के सभी बिंदुओं पर जांच की। दी दीघा मरीन ड्राइव से लेकर पटना सदर प्रखंड के कई इलाके में राहत शिविर का भौतिक सत्यापन किया। सभी राहत शिविर में जिला प्रशासन का एक कर्मचारी तैनात था। कई जगहों पर तो संबंधित एजेंसी और कर्मियों की रिपोर्ट में तालमेल नहीं था। जांच अधिकारियों का कहना है कि राहत शिविर में दो करोड़ 72 लाख और

बिहार में बाढ़ राहत शिविर के बिल में फर्जीवाड़ा, खानपान का जिक्र नहीं, टेंट-पंडाल में भी गड़बड़ी



भोजन में 50 लाख खर्च होने का विवरण दिया गया था। छानबीन के बाद 16 लाख और भोजन में 8 लाख भुगतान करने से संबंधित अनुशंसा की गई है।

रजिस्टर में खानपान का जिक्र नहीं : शिविर में रोजाना कितने लोगों ने भोजन किया इसका स्पष्ट तौर पर जिक्र रजिस्टर में नहीं है। रजिस्टर में पीड़ित परिवारों का पूरा विवरण देना था। शिविर संचालकों ने मनमानी तरीके से लोगों की संख्या दर्ज कर दी है और भोजन का खर्च मनमाने तरीके से दिखा दिया गया। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव 2024 में भी खर्च के विवरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई थी। चार सदस्य कमेटी ने चुनाव खर्च के विवरण की जांच की थी तो124 करोड़ बिल विपत्र की जांच करने के बाद मात्र 32 करोड़ सही पाया गया।

जगह से कई गुना अधिक क्षेत्र में टेंट-पंडाल दिखाया

बिल विपत्रों की छानबीन के दौरान पाया गया कि शरणार्थियों के रहने के लिए जितना बड़ा टेंट-पंडाल लगाने का उल्लेख किया गया है, वह कई गुना अधिक है। अधिकारियों ने पाया कि बिल विपत्र में शिविर के लिए जितना वर्ग फीट दिया गया है, मौके पर उतनी जगह भी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में फर्जीवाड़ा सामने आया, उसके बाद शिविर में तैनात अधिकारियों की रिपोर्ट और भौतिक सत्यापन के बाद बिल में कटौती की गई।

जीतनराम मांझी ने दी एनडीए को टेंशन ! 40 सीटों की डिमांड

शेरघाटी सीट पर भी ठोंका दावा

शेरघाटी/गया, एजेंसी। भले ही अभी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे की कोई चर्चा नहीं हुई, और न ही कोई बैठक। लेकिन इसके बावजूद एनडीए के सहयोगी दल हिन्दुस्तान आवामा मोर्चा (हम) के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के घटक के रूप में उनकी पार्टी को कम से कम 40 सीटें मिलनी चाहिए। उन्होंने गया जिले की शेरघाटी सीट पर भी अपना दावा ठोंका। मांझी रविवार को शेरघाटी के रंगलाल हाई स्कूल मैदान में पार्टी की ओर से आयोजित गरीब चेतना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सभा के



बाद जीतन राम मांझी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के मामले पर उनकी पार्टी का स्टैंड साफ है। वह एनडीए के साथ खड़े हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर उठाए जा रहे सवालों को भी बेतुका बताते हुए कहा कि ऐसी बात करने वालों का ही दिमाग खराब है। इससे पूर्व मांझी ने राज्य सरकार द्वारा कराई गई जाति आधारित गणना पर कहा कि इसमें भुईया और मुसहर को अलग-अलग दिखाया गया है, जिससे उनकी जाति का प्रतिशत कम हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यादवों में भी दो प्रमुख उपजातियां कृष्णौत और मंजरौठ है, लेकिन वहां दोनों जातियों का आंकड़ा एक करके दिखाया गया है। भुईया जाति का आंकड़ा भले साढ़े चार प्रतिशत है, लेकिन केवल सात फीसदी लोग ही साक्षर हैं।

जीतन मांझी ने कहा कि हम चाहते हैं कि देश में शिक्षा में सुधार हो और देशभर में समान शिक्षा कानून लागू हो, इसके लिए भी हम काम करेंगे। मांझी ने कहा कि आपको याद होगा कि नीतीश कुमार ने हमको मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन संख्या कम रहने के वजह से उन्होंने हमें हटा दिया। अगर हमारी संख्या विधानसभा में अधिक होती तो हमें वो नहीं हटाते।



बीएयू में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर के बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में मिलेट्स वैल्यू चेन उत्कृष्टता केंद्र में श्री अन्न उत्पादन तकनीक को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. ए के साह ने कहा कि श्री अन्न को अपनाने से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके अलग-अलग प्रोडक्ट को बनाकर व्यवसाय को बढावा दिया जा सकता है।

मिलेट्स की खेती को मिलेगा बढ़ावा

इस आयोजन से किसानों और उद्यमियों को श्री अन्न के क्षेत्र में नई संभावनाओं के बारे में जानकारी मिली, जिससे वो अपनी आय बढ़ा सके। कार्यक्रम में 57 लोगों ने भाग लिया। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समापन कार्यक्रम के मौके पर डॉ. अमेरन्द्र कुमार, डॉ. विरेन्द्र सिंह, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, डॉ. प्रेम प्रकाश इत्यादि परियोजना के वैज्ञानिक मौजूद थे।

टिकारी में शहीदों को किया गया नमन

गया, एजेंसी। विभिन्न संगठनों ने रविवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की शहादत दिवस मनायी। बेलहड़िया मोड़ पर शहीदे आजम भगत सिंह की स्थापित आदमकद प्रतीमा पर मल्यार्पण कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुकेश विद्यार्थी, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी रौशन कुमार गहलौत, छोटू मियां मौजूद थे। उधर, डॉ. राममनोहर लोहिया फाउंडेशन और राजद की ओर से समाजवादी नेता डॉ लोहिया का जन्मदिन तथा स्वतंत्रता आंदोलन प्रेरणा स्रोत वीर भगत का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। स्थानीय डॉकबंगला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष राजद बंटी यादव, प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक, जिप सदस्य सुरेश प्रसाद यादव, अनिल कुमार और आनंद कुमार मौजूद थे। दूसरी ओर, अभाविप ने शहीद दिवस मनाया। अभाविप के जिला सह संयोजक धीरज केशरी, नगर मंत्री सोनू पटेल, कॉलेज उपाध्यक्ष हिमांशु राज, अतुल राज मौजूद रहे।



किसानों के लिए वरदान साबित होगी पंचाने सिंचाई योजना

12 हजार हेक्टेयर खेतों को मिलेगी नयी जीवनदायिनी , नालंदा में 50 करोड़ की लागत से होगा कायाकल्प

नालंदा, एजेंसी। नालंदा जिले में किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। गिरियक के पास पंचाने नदी के मुंह की उड़ाही का काम जल्द ही शुरू होने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान इस महत्वाकांक्षी योजना को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना से जिले के चार प्रखंडों - गिरियक, सिलाव, राजगीर और बिहारशरीफ की 17 पंचायतों के 50 से अधिक गांवों के 12 हजार हेक्टेयर खेतों का पटवन सुगम हो सकेगा।

50 करोड़ की परियोजना से होगा व्यापक लाभ : पंचाने सिंचाई योजना पर कुल 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके अंतर्गत सिर्फ नदी की उड़ाही ही नहीं, बल्कि उससे जुड़ी नहरों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। इससे नदी का जलस्तर बढ़ेगा और पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक आसानी से पहुंच सकेगा। इस योजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। 1963 में निर्मित पंचाने वीयर का पूरा लाभ अब किसानों को मिल सकेगा।

नहरों का होगा व्यापक जीर्णोद्धार

योजना के तहत गिरियक के रैतर के पास दायीं और बायीं मुख्य नहर की उड़ाही की जाएगी। साथ ही कुछ भाग का समतलीकरण और लाइनिंग भी की जाएगी, जिससे नहरों से पूरी क्षमता के साथ जल प्रवाहित हो सकेगा। दायीं मुख्य नहर की 17.80 किलोमीटर लंबाई में उड़ाही होगी, जबकि 2.280 किलोमीटर की लंबाई में लाइनिंग का काम किया जाएगा।

इसके अलावा, रैतर वितरणी (6.00 किमी), प्यारेपुर वितरणी (2.00 किमी) और घोसरावां वितरणी (6.00 किमी) की सफाई भी की जाएगी। बायीं मुख्य नहर, जिसकी लंबाई 13.485 किलोमीटर है, का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा और 3.50 किलोमीटर में लाइनिंग का काम होगा। राजगीर के पास (6.000 किमी), नानंद वितरणी (8.520 किमी) और नालंदा के पास (8.210 किमी) भी जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा।

बारिश पर निर्भर पंचाने और उसकी सहायक नदियां

जिले की सभी नदियां बरसाती हैं और केवल वर्षा काल में ही इनमें जलधारा बहती है। पंचाने नदी भी इन्हीं में से एक है। इसकी पांच सहायक नदियां हैं - ढाढ़र, तिलैया, धनराजी, सोभी और खुरी। इस नदी का उद्गम हजारीबाग और गया जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में माना जाता है। पंचाने नदी का करीब 1000 वर्ग मील का विशाल जलग्रहण क्षेत्र है। 1963 में गिरियक के पास इस नदी पर बांध (वीयर) का निर्माण किया गया था, जिसकी परिकल्पना मूल रूप से खरीफ की खेती, विशेषकर धान के लिए की गई थी।

बढ़ेगी सिंचाई क्षमता, मिलेगी किसानों को राहत

पहले दायीं और बायीं मुख्य नहर का जलप्रवाह क्षमता (डिस्चार्ज) क्रमशः 150 क्यूसेक और 240 क्यूसेक थी। इनकी सिंचाई क्षमता 10,000 हेक्टेयर (दायीं-4,000 हेक्टेयर और बायीं-6,000 हेक्टेयर) थी। लेकिन बाद के वर्षों में अतिक्रमण के कारण यह क्षमता घटकर वर्तमान में मात्र 6,000 हेक्टेयर रह गई है।

इन पंचायतों के किसानों को होगा लाभ : गिरियक प्रखंड की गिरियक, घोसरावां, प्यारेपुर, रैतर, पुरैनी, बराकर, पावाडीह, घोसतावां, गोरमा, करियन्ना, माहुरी, नानंद, नीरपुर, सब्बैत, नईपोखर, तेतरावां, छातो, सिन्धु और हरगावां पंचायतों के किसानों को इस योजना से प्रत्यक्ष लाभ

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 24-03-2025 21:53 Page 1

इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के विशंभरपुर स्थित सिपाया ढाला पर एक किराए के मकान में रह रहे राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, गोपालगंज के अंतिम वर्ष के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान लखीसराय जिले के निवासी सुंदरम कुमार के रूप में हुई है, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। सोमवार सुबह जब सुंदरम के कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला, तो बगल के कमरे में रह रहे सहपाठियों को शक हुआ। उन्होंने कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना विशंभरपुर थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। सुंदरम का शव पंखे से झूलता मिला। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया।

वहीं इस मामले में विश्वंभरपुर थानाध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से छात्र का मोबाइल और कुछ अन्य सामान जब्त कर जांच शुरू कर दी है। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मृतक सुंदरम कुमार ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने के बाद वर्ष 2022 में राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, गोपालगंज में द्वितीय वर्ष में नामांकन लिया था।

कुलसचिव सौरव प्रियदर्शी ने बताया कि सुंदरम पढ़ाई में मेधावी और अनुशासित छात्र था। वह सिपाया ढाला पर स्थित एक किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात को सुंदरम पढ़ाई करने के बाद अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर सो गया था।

दो समुदायों के बीच विवाद ने लिया हिंसक रुप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत वार्ड-7 में सोमवार को दो समुदायों के बीच बाजा बजाने को लेकर उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस वजह से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। दोनों पक्षों की ओर से हुई जमकर मारपीट में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाद के बाद तुरहा समाज के लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम एक बर्थडे पार्टी के दौरान समुदाय विशेष के धार्मिक स्थल के पास बाजा बजाया जा रहा था। एक पक्ष का आरोप है कि समुदाय विशेष

- थाने में नहीं सुलझा मामला, अगले दिन फिर भड़के लोग
- धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाने का लगा आरोप

के लोगों ने जबरन बाजा बंद करने का दबाव डाला। वहीं, समुदाय विशेष पक्ष की ओर से कहा गया कि इबादत का समय था, इसलिए साउंड कम करने की बात कही गई थी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार रात को दोनों पक्ष थाने पहुंचे। लेकिन राज्यपाल के कार्यक्रम के चलते पुलिस ने अगले दिन आने की बात कही। इस बीच सोमवार सुबह फिर से विवाद भड़क उठा और बात हिंसक झड़प तक पहुंच गई। आरोप है कि तुरहा समाज के कई युवकों को बेरहमी से पीटा गया, जिनमें से पांच से छह युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि झड़प के दौरान धार्मिक स्थलों को भी क्षति पहुंचाई गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डीएसपी के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस और आरा से अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

घटना से नाराज तुरहा समाज के लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सड़क पर जाम लगने से यातायात भी प्रभावित हुआ। वहीं, ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि रविवार को ही मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और रात भर कैंप कर रही थी। लेकिन सोमवार सुबह फिर से दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट हुई। फिलहाल पांच लोग घायल हैं और स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी बताया कि एक पक्ष के दो और दूसरे पक्ष के चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस प्रशासन अब इलाके में शांति बहाली में जुटा है। स्थानीय लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की गई है। हालांकि माहौल अभी भी संवेदनशील बना हुआ है, लेकिन भारी पुलिस बल की तैनाती से स्थिति पर नियंत्रण रखा गया है।

बदमाशों ने घर पर की बमबारी, लोग दहशत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में अपराधियों के दुस्साहस का एक और उदाहरण सामने आया है। फकुली थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में देर रात अज्ञात बदमाशों ने एलआईसी एजेंट अरुण कुमार सिंह के घर पर बमबारी कर दहशत फैला दी। अचानक हुए इस हमले से पीड़ित परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में भय और चिंता का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम (एफएसएल) मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

बमबारी की इस घटना से न केवल घर की दीवारों पर बारूद के छींटे दिखाई दिए, बल्कि घर के अंदर रखे अनाज भी जलकर बर्बाद हो गए। हमले के बाद गृहस्वामी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। उसके बाद फकुली थाना पुलिस, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी टू अनिमेष चंद्र ज्ञानी और एफएसएल की टीम जांच के लिए पहुंची।हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बाद भी पीड़ित की ओर से अभी तक कोई प्राथमिकी फकुली थाने में दर्ज नहीं करवाई गई है। लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि मामला आपसी रंजिश का हो सकता है, हालांकि जांच अभी शुरूआती चरण में है।

इस मामले को लेकर ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने पुष्टि कर बताया कि फकुली थाना क्षेत्र से बमबारी की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद एफएसएल की टीम को मौके पर भेजा गया है। अब तक की जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि यह कम क्षमता का बम या संभवतः सुतली बम हो सकता है। हालांकि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर कैंप करना शुरू कर दिया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

रेलवे में नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सोनपुर (वैशाली/सारण)। रेलवे में बुकिंग क्लर्क, टीटीई, आरपीएफ एवं ट्रैक मैन आदि की फर्जी नौकरी दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश से दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

इस अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों ने बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं से रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर एक सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। उस रकम को गुजरात की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के माध्यम से अपने-अपने खाते में ट्रांसफर कराया।

इसी ठगी की राशि से ही गिरोह युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुछ महीने तक वेतन भुगतान भी करता था, ताकि उन पर अचानक से शक न हो। इस मामले की तह तक जाने को रेल एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है।

रविवार की शाम सोनपुर रेल थाना

- दो ठगों को किया गया गिरफ्तार
- गुजरात से उप्र तक जुड़े हैं तार

में आयोजित प्रेस वार्ता में रेल डीएसपी शाहकार खां ने बताया कि पूर्व में जीआरपी थाना में नौकरी के नाम पर फजीवाड़े का केस दर्ज हुआ था। अनुसंधान के क्रम में कुछ अहम सुराग मिले।

इसके आधार पर गोरखपुर में छापेमारी कर अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। दोनों की पहचान गोरखपुर के शाहपुर थाने के शुभम कुमार निषाद तथा कप्तानगंज, कुशीनगर के रहने वाले पवन कुमार श्रीवास्तव के रूप में की गई है।

इन दोनों ने पूछताछ में गिरोह का सरगना गोरखपुर के अनिल पांडे उर्फ राघवेंद्र शुक्ला को बताया है। इससे पहले जेल में बंद इस मामले के प्राथमिक आरोपित दीपक कुमार तिवारी के बयान में भी अनिल पांडे का नाम सामने आया था।

डीएसपी ने कहा कि सरगना को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद गिरोह की पूरी करतूत सामने आ सकेगी। रेल डीएसपी ने बताया कि इस मामले में फजीवाड़े का कुछ पैसा आरोपितों द्वारा सीधे अपने खाते में अथवा गुजरात बेस्ड कंपनी चैंपियन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के माध्यम से लेने के प्रमाण मिले हैं।

दोनों गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो लैपटॉप, सात मोबाइल, 08 आधार कार्ड, दो पैन कार्ड तथा एक आई कार्ड बरामद किया गया है। ये लोग युवकों से फर्जी नौकरी के नाम पर वसूली की बकायदा रसीद काटते थे और यह रसीद सबसे पहले गिरफ्तार किए गए दीपक कुमार तिवारी के माध्यम से सरगना तक पहुंचता था।

वहीं से गिरोह के सदस्यों के बीच रकम का बंटवारा होता था और ठगे गए युवकों को कुछ माह वेतन दिया जाता था। जीआरपी तथा आरपीएफ के क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम गिरोह के सरगना और अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

गत वर्ष सोनपुर स्टेशन पर सामान्य जांच अभियान के दौरान टीटीई ने तीन युवकों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा था। पूछताछ के दौरान उन युवकों ने बताया था कि वे लोग अवतारनगर में बुकिंग क्लर्क हैं। जब उनका आई कार्ड देखा गया, तब फजीवाड़ा का मामला सामने आया।

इसके बाद आरपीएफ की क्राइम ब्रांच तथा जीआरपी की जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई कि वे तीनों ठगी के शिकार थे और फर्जी नौकरी को असली मानने का भ्रम पाले हुए थे।

उन्हीं युवकों ने पूछताछ में झांसे में आने की पूरी कहानी बताई। इसके बाद गिरोह के प्रमुख सदस्य पश्चिम चंपारण के दीपक कुमार तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। सावधानी की छोटी सी चूक कभी-कभी जिंदगी पर भारी पड़ जाती है। ऐसा ही दर्दनाक हादसा मोतिहारी में उस समय हुआ, जब कान में ईयरफोन लगाकर गाना सुनते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने शादी की तैयारी में जुटे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया।

यह मामला चकिया-मोतिहारी रेलखंड के बलुआ रेलवे क्रॉसिंग के पास का है। जहां झाखरा गांव निवासी रवि कुमार कान में ईयरफोन लगाए रेलवे लाइन पार कर रहा था। उसे इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि मुजफ्फरपुर से आ रही बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन तेज रफ्तार से उसी पटरी पर आ रही है। ट्रेन की आवाज उसे सुनाई नहीं दी और ट्रेन से जोरदार टक्कर लगते ही उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रवि मोतिहारी के आजाद नगर में रहकर दवा का कारोबार करता था। सबसे हृदयविदारक बात यह है कि रवि कुमार की शादी इसी 29 अप्रैल को तय थी। परिवार में शादी की तैयारियों का माहौल था।

तेजस्वी के गढ़ में पहुंचे चिराग

पूजा-पाठ कर हो रही राजनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल देखने को मिल रही है। आगामी 2025 विधानसभा चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चुके हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए हैं। इसी सिलसिले में केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर का दौरा किया। चिराग पासवान ने वहां जुड़ावनपुर गांव स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुनावी रणनीति का संकेत भी दिया।

चिराग पासवान राघोपुर पहुंचते ही सबसे पहले महारानी स्थान मंदिर गए, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-पाठ कर बिहार की समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की।

यह वही स्थान है, जहां तेजस्वी यादव पूर्व में पूजा कर चुके हैं। चिराग के मंदिर में पूजा को राजनीतिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है, खासकर तब जब वे प्रतिद्वंद्वी नेता के गढ़ में



पहुंचे हों।

मंदिर दर्शन के बाद चिराग पासवान जुड़ावनपुर गांव के अग्निकांड पीड़ितों से भी मिलने पहुंचे। यहां कुछ दिन पहले भीषण अग्निकांड में चार दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए थे।

चिराग ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना और जल्द से जल्द पुनर्वास और राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस भयावह अग्निकांड ने कई परिवारों के सिर से छत छीन ली है। हम स्थानीय प्रशासन से बात कर रहे हैं कि इन पीड़ितों को समुचित सहायता दी जाए और पुनर्वास की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

चिराग पासवान ने आगजनी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ इस तरह की घटनाएं और भी हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतनी चाहिए और सूखे स्थानों पर पानी का छिड़काव, सूखी पत्तियों की सफाई तथा जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि हर साल गर्मी में रह-रह कर ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। प्रशासन से आग्रह किया गया है कि जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सजग किया जाए और एहतियाती कदम उठाए जाएं।

चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए न सिर्फ वे व्यक्तिगत रूप से सक्रिय हैं, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

अगरबत्ती की चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग

दो बच्चों की मौत, दो अन्य झुलसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना में सोमवर मध्य रात्रि गौरीचक थाना क्षेत्र के जनकपुर मोड़ स्थित एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो बच्चों की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलए हो गए हैं। घायलों को नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, परिवार के सभी लोग मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जलाकर सो रहे थे। रात में बत्ती से निकली चिंगारी पहले चादर पर गिरी और धीरे-धीरे पूरे झोपड़ी में आग फैला दी। परिवार के पति-पत्नी तो सुरक्षित बाहर निकल गए, लेकिन उनके दो बच्चे आग की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। पीड़ित सुधीर नट ने बताया कि वे कई वर्षों से इस स्थान पर रह रहे थे। आग ने उनके घर के अलावा आसपास की दो अन्य झोपड़ियों को भी अपने चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा, घर का एक भी सामान नहीं बचा है, सब कुछ जलकर खाक हो गया है। हमारे पास खाने के लिए भी एक रुपया नहीं है। अभी तक कोई हमारी मदद के लिए नहीं आया।



घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद थीं। गौरीचक थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी, जिसमें दो बच्चे जलकर मर गए हैं और दो अन्य घायल हैं। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया गया है।

महिलाओं को झेलनी पड़ रही दोहरी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोड्डा। गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड में आए दिन मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है।एक तो मंईयां सम्मान का पैसा महिलाओ के खाते मे आया नहीं और दूसरी ओर इसी मामले पर महिलाएं साइबर ठगी का भी शिकार हो रही हैं।

सरकार की मंईयां सम्मान योजना को लेकर प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन 500 से ज्यादा महिलाएं इस उम्मीद से पहुंचती है कि प्रखंड में अपडेट के बाद महिलाओं के खाते में पैसा आ जाएगा।

वहीं, दूसरी ओर इसी मंईयां सम्मान योजना के नाम पर जिले में साइबर अपराधी काफी सक्रिय हो गए हैं। खाते की जांच के नाम पर खाते में पूर्व से रखी गई राशि को धड़ल्ले से उड़ा ले जा रहे हैं।

इसकी एक बानगी प्रखंड के अग्गियामोंड मे देखने को मिला है। नाम न छापने के शर्त पर महिला ने बताया कि हम प्रखंड कार्यालय सम्मान राशि को लेकर आए थे। प्रखंड मुख्यालय में काफी भीड़ थी।

इस दौरान हमारे मोबाइल पर फोन आया और बताया कि मंईयां सम्मान राशि की जांच की जा रही है आपके खाते में कितना पैसा आया है। मोबाइल पर जो ओटीपी गया है, बताइए महिला ने कहा कि ज्यादा संख्या में भी होने के कारण समझ में नहीं आया और हमने ओटीपी बताया इसके बाद हमारे खाते में पूर्व से जमा 10 हजार रुपये निकल गया है।

इसमें से चार सिम कार्ड पर पहले से प्रतिबिंब पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज है। पकड़े गए आरोपितों में जिले के सारठ थाना क्षेत्र के पथरड्डा ओपी क्षेत्र के दुधवाजोरी गांव निवासी जितेन्द्र दास, सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के कुरुवा गांव निवासी मेहताब अंसारी शामिल हैं। इसके अलावा, सारवां थाना क्षेत्र के सरपत्ता गांव निवासी डीसी कुमार दास, इसी थाना क्षेत्र के चरघरा गांव निवासी निपु कुमार दास, खैरवा गांव निवासी धनंजय कुमार दास, जिले के करौं थाना क्षेत्र के केनवरिया गांव निवासी रामचंद्र दास, श्रीकांत दास भी शामिल हैं।पथरौल थाना क्षेत्र के लेड़वा गांव निवासी विजय कुमार दास, मिथुन कुमार दास, मुकेश कुमार दास शामिल हैं। इन सभी को जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के पहरीडीह गांव के पास स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के पास से पकड़ा गया है।

पूछताछ के क्रम में इन आरोपितों ने बताया कि ये लोग एसबीआइ क्रेडिट कार्ड व टाटा कार्ड उपभोक्ताओं को फर्जी लिंक और एपीके फाइल भेजकर कार्ड को अपडेट करने का झांसा देकर उनके क्रेडिट कार्ड की सारी जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार बनाते हैं। वहीं, फर्जी सरकारी व ब्लाक लेबल पदाधिकारी बनकर आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, किसान समृद्धि योजना, मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाते हैं।

19 साल बाद शिक्षिका की खुली पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चकिया। *फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर 19 वर्ष से नौकरी कर रही एक शिक्षिका के खिलाफ निगरानी डीएसपी ने केस दर्ज कराया है।*

मामला प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोहिया बरमदिया में वर्ष 2006 में पदस्थापित शिक्षक कुमकुम कुमारी पिता रत्नेश्वर मिश्र का हैं। इन्होंने वर्ष 2006 में नियोजन के समय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लखीसराय द्वारा निर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्र पंचायत नियोजन इकाई को दिया था। उच्च न्यायालय के निर्देश पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के वरीय पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने जब दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच कराई तो सर्टिफिकेट जाली निकली।

इसके बाद हिन्दू चकिया निवासी उक्त शिक्षिका के खिलाफ डीएसपी ने स्थानीय थाना में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। केस दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

उधर, समस्तीपुर में बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ (मूल) के प्रदेश सचिव सह जिलाध्यक्ष कुमार रजनीश ने कहा कि जिले में त्याग पत्र दिए शिक्षक एवं प्रोन्नति व स्थानांतरित शिक्षकों से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी ने वर्षों पूर्व त्याग पत्र दिए गए शिक्षकों को भी कार्यरत समझ रहें हैं। संबंधित शिक्षक के बारे में विद्यालय प्रधान द्वारा कई बार विभाग को सूचना उपलब्ध करवाया जा चुका है, लेकिन शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी त्याग-पत्र मानने को तैयार नहीं हैं। इससे विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण का जवाब देने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्पष्टीकरण के सूची में शामिल रोसड़ा आदर्श मध्य विद्यालय के श्रद्धारति, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालपुर के गौतम राज, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महरौर के मानवेन्द्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भिड़हा उत्तर के शुभम सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हनुमाननगर-1 के प्रियंका शाही सहित अन्य शामिल है।

दस हजार शिक्षकों का एक मुश्त स्थानांतरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य के सरकारी विद्यालयों के 10,225 शिक्षकों का ऐच्छिक स्थानांतरण किया गया है। इनमें 226 ऐसे शिक्षक हैं, जो स्वयं या जिनके पति-पत्नी या बच्चे कैंसर से ग्रस्त हैं। जबकि 937 ऐसे शिक्षक हैं, जो स्वयं या जिनके पति-पत्नी या बच्चे किडनी, लीवर या हृदय रोग से पीड़ित हैं। 2,685 शिक्षकों को दिव्यांगता के आधार पर स्थानांतरण किया गया है। इस संबंध में सोमवार को शिक्षा विभाग की ओर से संबंधित शिक्षकों की सूची जारी की गई। शिक्षा विभाग के मुताबिक स्थानांतरित शिक्षकों में 573 ऐसे हैं, जो स्वयं या जिनके पति-पत्नी या बच्चे ऑटिज्म-मानसिक दिव्यांगता से ग्रस्त हैं।

516 ऐसी महिला शिक्षकों का तबादला किया गया है, जो विधवा या परित्यक्ता हैं। 5,288 महिला शिक्षकों का पति के पदस्थापन के आधार पर स्थानांतरण किया गया है।

इस स्थानांतरण से नियोजित शिक्षकों को अलग रखा गया है। स्थानांतरित शिक्षकों का 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विद्यालय आवंटन होगा।

इन सभी शिक्षकों के अंतर जिला आवेदनों पर विचार करते हुए उन्हें ऐच्छिक जिला आवंटित किया गया है। स्थानांतरित 10,225 शिक्षकों में 7,272 महिलाएं हैं। बाकी 2,953 पुरुष शिक्षक हैं।

स्वयं, पति-पत्नी या बच्चे के विभिन्न प्रकार के कैंसर के आधार पर जिन 226 शिक्षकों को स्थाननांतरित किया गया है, उनमें 113 महिला एवं 113 पुरुष शिक्षक हैं।

स्वयं, पति-पत्नी या बच्चे के किडनी, लीवर या हृदय रोग के आधार पर स्थानांतरित 937 शिक्षकों में 442 महिला एवं 442 पुरुष शिक्षक हैं।

स्वयं के दिव्यांगता के आधार पर स्थानांतरित 2,685 शिक्षकों में 620 महिला एवं 2,065 पुरुष शिक्षक हैं।

स्वयं, पति-पत्नी या बच्चे के ऑटिज्म-मानसिक दिव्यांगता के आधार पर स्थानांतरित 573 शिक्षकों में 293 महिला एवं 280 पुरुष शिक्षक हैं।

थानाध्यक्ष को दी गयी विदाई

नवादा। स्थानांतरित अपर थानाध्यक्ष नवनीत कुमार को अकबरपुर थाना परिसर में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। अपर थानाध्यक्ष नवनीत कुमार को फूल माला, बुके, उपहार देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित जन प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं पुलिसकर्मियों ने निवर्तमान अपर थानाध्यक्ष को ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी बताते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपर थानाअध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि इस थाना में लगभग तीन वर्ष उनका कार्यकाल रहा। अच्छी पुलिसिंग के लिए और आप लोगों की सहयोग से नवादा पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रमोशन देते हुए सिरदला प्रखंड के परनाडाबर थाना अध्यक्ष के रूप में मुझे कमान दिया गया है।

मौके पर सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार, दुर्गा पूजा शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष कौशल कुमार पांडे ,बलिया बुजुर्ग पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार बॉबी, शाही गैस एजेंसी के संचालक सरोज सिंह, प्रिंस कुमार, सीटू कुमार ,आकाश चौधरी व अन्य थे।

हेडमास्टर पर छात्रा ने लगाया छेड़खानी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। शहर के बहादुरपुर स्थित मिडिल स्कूल के हेडमास्टर पवन पासवान पर स्कूल की ही चौथी कक्षा की एक छात्रा से छेड़खानी करने का आरोप लगा है। इस घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भड़क उठे। उसके बाद लोगों ने स्कूल में जमकर हंगामा मचाया और हेडमास्टर के साथ मारपीट भी की। बाद में लोगों ने हेडमास्टर को बंधक बना लिया। जब इस घटना की जानकारी नगर पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस दौरान लोग शिक्षक को वहां से उतारकर वहीं पर सजा देने की बात कर रहे थे। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शिक्षक को तत्काल सेवा से बर्खास्त करने की भी मांग की है।

जानकारी के मुताबिक छुट्टी होने के बावजूद हेडमास्टर चौथी कक्षा की एक छात्रा को लेकर अपने कार्यालय कक्ष में बैठे हुए थे। आरोप है कि इस दौरान उससे छेड़खानी की जा रही थी। इस बात की लोगों को भनक लग गई, जिससे बड़ी संख्या में बहादुरपुर और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिससे स्कूल के शिक्षक वहां से फरार हो गए।

छेड़खानी का मामला आग की तरह फैल गया। इसके बाद कुछ लोगों ने हेडमास्टर के कक्ष में घुसकर उनसे मारपीट शुरू कर दी। हालांकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव भी किया और छात्रा को बाहर निकालकर हेडमास्टर को उन्हीं के कार्यालय कक्ष में बंद कर दिया। इसके बाद घटना की जानकारी नगर पुलिस को दी गई। बाद में नगर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों के विरोध को देखते हुए वह हेडमास्टर को अपने साथ ले जाने की हिम्मत जुटा नहीं पा रही थी। बाद में बड़ी संख्या पर पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया और पुलिस सुरक्षा घेरे में हेडमास्टर को हिरासत में थाने ले जाया गया। नगर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शिव ने कहा कि हेडमास्टर पर छेड़खानी का आरोप लगा है। हेडमास्टर को हिरासत में ले लिया गया है। अगर पीड़िता के परिवार की ओर से आवेदन प्राप्त होता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बारात से लौट रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकरायी, चार की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। रविवार की सुबह बारात से लौट रही स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर एन एच 31 पर पलट गई, जिससे स्कॉर्पियो सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

यह घटना नगर थाना क्षेत्र के खतोपुर चौक के पास एन एच 31 की है। मृतकों की पहचान मनोज कुमार सिन्हा के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और उसके भाई अभिषेक कुमार, रुदल पासवान के 19 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार और जगदीश पंडित का 18 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है।

बारात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी चंदन महतो के पुत्र अभिषेक कुमार की शादी के लिए साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के न्यू जाफर नगर गई थी जहां से लौटने के दौरान यह घटना हुई है।

बताया जाता है कि बेगूसराय के पहाड़पुर गांव से अभिषेक कुमार की शादी को लेकर बारात साहेबपुर कमल इलाके गई थी, जहां से सभी आज सुबह लौट रही थी।

लौटने के दौरान सुबह के लगभग 4 बजे सुबहखातोपुर के पास स्कॉर्पियो का टायर पंचर हो गया, जिस वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए एन एच 31 पर पलट गई।

स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर को तोड़ते हुए गाड़ी एन एच 31 पर पलटी तो वाहन आगे पीछे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया है।


सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया की लोग स्कॉर्पियो से बारात से लौट रहे थे। गाड़ी पंचर होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर एन एच पर पलट गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है और पांच लोग घायल हैं।

शहर में डाकबंगला के पास रविवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री घायल हो गया। कियाखाप गांव निवासी घायल 65 वर्षीय रामाशीष पासवान राजमिस्त्री का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया।

ने बताया कि डाक बंगला के पास घर के ढलाई का कार्य चल रहा था। छत के बगल से गुजरी हाई टेंशन तार की चपेट में आने से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार कर रहे डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि घायल की स्थिति सामान्य है। इलाज चल रहा है।

सोशल मीडिया पर चल रहा माफिया अतीक का साम्राज्य, लगातार पोस्ट किए जा रहे वीडियो

प्रयागराज, एजेंसी। माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद भी सोशल मीडिया पर उसका साम्राय कायम है। अतीक अहमद ही नहीं जेल में बंद उसके बेटे उमर और अली के नाम से दर्जनों सोशल मीडिया अकाउंट संचालित हो रहे हैं। खास बात यह है कि इन पर लगातार फोटो और वीडियो भी पोस्ट किए जा रहे हैं पर पुलिस ने चुप्पी साध रखी है। उमेश पाल हत्याकांड के



मुख्य शूटर और अतीक अहमद के बेटे असद को भले ही पुलिस ने करीब दो साल पहले मुठभेड़ में ढेर कर दिया था, लेकिन शनिवार को सोशल मीडिया पर उसका वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें वह गाड़ी चलाते नजर आ रहा है। अतीक अहमद एमपी के नाम से चल रहे सोशल मीडिया अकाउंट से यह वीडियो पोस्ट किया गया है। वहीं एक दिन पहले अतीक के भाई अशरफ के साले और गैंगस्टर सद्दाम की वीडियो रील इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की गई थी, जिसमें यूपी में घर बैठे मर्डर करा देंगे गाना बज रहा था। इससे पहले अतीक अहमद नाम से बनाए गए इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसके बेटे अली के कोर्ट में पेशी के दौरान आने का एक वीडियो सात मार्च को पोस्ट किया गया था। अतीक अहमद के ऑफिशियल नाम से बने एक और अकाउंट पर 24 फरवरी को अतीक व मुख्तार अंसारी का फोटो पोस्ट कर उन्हें किंग ऑफ पूर्वांचल बताया गया है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर इन दिनों अतीक, अली और उमर के नाम पर सबसे यादा सक्रिय अकाउंट इंस्टाग्राम पर हैं। ऐसे करीब 1.5 दर्जन अकाउंट सामने आए हैं। खास बात यह है कि इनमें से यादातर पर अतीक व उसके परिवार से जुड़े पुराने वीडियो लगातार पोस्ट किए जा रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं जिनमें माफिया व उसके बेटों की कोर्ट में पेशी के दौरान के वीडियो शेयर किए जा रहे हैं।

कड़ी सुरक्षा के बावजूद पेशी पर कैसे बन रही वीडियो रील?

एक दिन पहले अशरफ के साले सद्दाम की वीडियो रील वायरल होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि कोर्ट में पेशी के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच आखिर कैसे वीडियो रील शूट की जा रही है। साथ ही प्राइवेट लोगों को न्यायिक हिरासत में निरुद्ध लोगों के साथ आने-जाने की अनुमति मिल रही है। वो भी तब, जबकि आरोपी कुख्यात गिरोह के सदस्य हैं।

मकान में मिला पिता-पुत्र का शव, मचा हड़कंप- तीसरी आंख... खोज रही सुराग

गोरखपुर, एजेंसी। शाहपुर के पादरी बाजार के बैंक कालोनी में मकान भूतल वाले कमरे में पिता पुत्र का शव मिला। सुबह पता चलने पर इलाके में हड़कंप मच गया। पिता अवधेश शर्मा 85 और



बेटा अश्विनी शर्मा 45 की मिला शव। घर पर द्वितीय फ्लोर पर बड़ा बेटा अरविंद कुमार परिवार के साथ रहते हैं। अश्वनी की पत्नी सूरत में रहती हैं। पत्नी और बचों को छोड़कर अश्वनी पिता के साथ रहता था। पिता को कैंसर था, उनकी देखभाल भी अश्वनी करता था। घटना स्थल पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्रित कर रही है।

नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान पर बढ़ेगी सख्ती

तीन बार नोटिस दिए जाने के बाद लग सकता है जुर्माना भी

लखनऊ , एजेंसी। प्रदेश में सड़क हादसों में बढ़ती मौतों को देखते हुए अब नो हेलमेल, नो फ्यूल अभियान पर सख्ती बढ़ाई जाएगी। परिवहन विभाग और पुलिस मिलकर इस अभियान को गति देंगे। इसके लिए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को भी पत्र भेजा गया है। साथ ही कॉलेजों एवं कार्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश में सड़क दुर्घटना में हर साल करीब 25 हजार लोगों की मौत होती है। मरने वालों में 31 फीसदी बाइक सवार हैं। मौत की वजह देखी जाए तो कुल मरने वालों में 49 फीसदी अधिक गति की वजह से जान गंवाते हैं, जबकि आठ फीसदी शराब के नशे में और 12 फीसदी गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से होने वाले हादसे में दम तोड़ते हैं। बाइक सवारों की मौत मामले को लेकर सड़क सुरक्षा समिति ने भी नाराजगी जताई है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से भी बाइक सवारों की मौत को रोकने के लिए पुख्ता रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।



इसके तहत अब परिवहन एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रणनीति के तहत नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट आने वाले बाइक सवारों को पेट्रोल न दिया जाए। सरकारी, अर्द्ध सरकारी और कॉर्पोरेट कार्यालयों, विश्वविद्यालयों, बैंक में भी नो हेलमेट नो एंट्री, नो अटेंडेंस की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। अब परिवहन एवं यातायात पुलिस की टीमें इस आदेश की निगरानी बढ़ाएंगी। बिना हेलमेट बाइक सवार को पेट्रोल देने वालों पंपों की फोटो खिंचवाई जाएगी और उसके बाद संबंधित संचालक को भेजी जाएंगी। यही प्रयोग कार्यालयों, विश्वविद्यालयों में भी की जाएगी। संबंधित फोटो के जरिये पंप संचालकों, कॉलेज संचालको और कार्यालय के मुखिया को बताया जाएगा कि उनके आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इसे लेकर तीन बार नोटिस के बाद भी आदेश का पालन नहीं किए जाने पर जुर्माना लगाने पर भी विचार चल रहा है। हालांकि अभी जुर्माना लगाने के संबंध में केसवार राशि तय नहीं की गई है।

रेवाड़ी में है बाइक, अलीगढ़ में हो गया चालान, काले रंग की बाइक पर बैठा था अज्ञात युवक

अलीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के रेवाड़ी में नौकरी कर रहे युवक की बाइक का अलीगढ़ में चालान हो गया। युवक के पिता ने एसएसपी से मामले की शिकायत की है। भाजपाई राजवीर सिंह वर्मा ने बताया कि उनका बेटा हेमंत कुमार हरियाणा के रेवाड़ी में नौकरी करता है। 27 फरवरी को उनकी बाइक का अलीगढ़ के कंपनी बाग चौराहे पर चालान काटा दिया गया। जबकि उनकी बाइक छह माह से हरियाणा के रेवाड़ी में ही है। 22 मार्च को चालान का मेसेज उसके फोन पर पहुंचा। फोटो में एक काले रंग की बाइक पर अज्ञात युवक बैठा हुआ है। जबकि उनकी बाइक लाल रंग की है। राजवीर ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे आरोपित पर कार्रवाई कर चालान रद्द करने की मांग की है। युवक को दोषमुक्त कर दिया गया है।



अब गंगापार की भिंडी का स्वाद चखेंगे अरब देश

निर्यात की किसान कर रहे तैयारी



प्रयागराज , एजेंसी। आने वाले दिनों में अरब देश के लोग भी गंगापार की भिंडी का स्वाद चखेंगे। इसके लिए किसान भिंडी के निर्यात की तैयारी कर रहे हैं। यह भिंडी दुबई, बहरीन, सऊदी अरब अमीरात, मलयेशिया और जर्मनी में भी निर्यात की जाएगी। फूलपुर तहसील के बहादुरपुर ब्लॉक के रमईपुर गांव से सैकड़ों क्विंटल भिंडी पिछले कई सालों से दुबई निर्यात की जा रही है। खास बात यह है कि हनुमानगंज की भिंडी की साइज बड़ी होती है। ब्लॉक के रमईपुर, करनपुर, बख्खोपुर, सीहीपुर, सोनी, रामनाथपुर, रतौरा, कटियारी चकिया समेत दर्जनभर गांवों के तकरीबन 400 बीघे में हरी सब्जी की खेती की जा रही है। इनमें भिंडी की डिमांड सबसे अधिक है। भिंड़ी की खेती को ग्लोबल रूप देने वाले रमईपुर के प्रगतिशील किसान उमेश पटेल ने तकरीबन चार साल पहले जिला उद्यान अधिकारी के सहयोग से वैश्विक बाजार में भिंडी भेजने की रणनीति बनाई। उनकी यह मुहिम सफल हुई। उमेश पटेल ने बताया कि पहली बार किसानों के घर से ही 1800 से 1900 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पैकेजिंग कर भिंडी को दुबई भेजा गया था। इसके बाद से हर साल डिमांड बढ़ती गई। अब तो यहां के किसान केवल भिंडी की खेती से ही लाखों रुपये कमा रहे हैं। नैनी शुआट्स के कृषि वैज्ञानिकों की निगरानी में उन्नत खेती को लेकर किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

- **मुनाफा अछा मिलने से किसानों का उत्साह हुआ दोगुना-** किसान जंग बहादुर पटेल, तेज प्रताप, सूर्य प्रताप, लालचंद्र, प्रकाश चंद्र , रामकृपाल पटेल, आशुतोष पटेल, राधेश्याम वर्मा, गुलाब गौतम, हरिनाथ बिंद, और हैदर अली बताते हैं कि प्रति माह 90 से 100 क्विंटल भिंडी दुबई में निर्यात की जा रही है। उमेश पटेल ने बताया कि जल्द ही बहरीन, सऊदी अरब अमीरात और जर्मनी में भी हमारे यहां की भिंडी निर्यात की जाएगी। इसकी कीमत 25 से 40 रुपये प्रति किलो रखी गई है। इससे किसानों को लागत कम और मुनाफा अधिक हो रहा है। किसान उमेश पटेल ने बताया विदेश से उन्हें करेला, बैगन, गोभी, मिर्च, मटर आदि का भी आर्डर दिया गया है।
- **मई से नवंबर तक की जाती है भिंडी की सप्लाई-** किसान उमेश पटेल ने बताया कि मई से लेकर नवंबर तक भिंडी का निर्यात अरब के देशों में किया जाता है। भिंडी को वाया वाराणसी, लखनऊ, मुंबई होते हुए दुबई भेजा जाता है। एक बाक्स में तकरीबन साढ़े चार किलो भिंडी की पैकिंग की जाती है। छह माह में तकरीबन 550 क्विंटल भिंडी का निर्यात अरब देश में किया जाता है।
- **इस बार कई किस्मों की भिंडी का होगा निर्यात-** इस बार भिंडी की किस्में भी बढ़ाई जा रही हैं। उमेश पटेल के अनुसार इस बार भिंडी की राधिका, मिस ओकरा, नबिया और सौंदर्या के किस्म की बुआई की जा रही है। मई के प्रथम सप्ताह से अरब देशों में भिंडी का निर्यात शुरू कर दिया जाएगा।

खाना पहले लेने के लिए हुआ था संघर्ष, आठ बंदियों को अलग- अलग बैरकों में रखा गया; पुलिस अलर्ट

जौनपुर , एजेंसी। जिला कारागार में शनिवार को सुबह वर्चस्व के लिए सोनू सिंह और मंगेश यादव गुट के बंदी आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बाद दोनों गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दो बंदी रक्षक और 13 बंदी घायल हो गए। दो घायलों का इलाज जेल अस्पताल में चल रहा है। छह बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अलग- अलग शहरों में भेजा गया घटना का पता तब चला, जब रविवार को सुबह डीएम व एसपी जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसके बाद दोनों गुटों के आठ बंदियों को पुलिस ने चिह्नित कर अलग-अलग बैरकों में रखा है। घटना के बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। रविवार की देर शाम छह बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उनको प्रयागराज, वाराणसी, सुल्तानपुर और गाजीपुर की जेलों में भेजा गया।

ये है पूरा मामला



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को सुबह करीब 8:30 बजे जिला कारागार में खाना लेने के लिए सभी बंदी लाइन में लगे थे। सोनू सिंह और मंगेश यादव गुट से जुड़े बंदी भी लाइन में लगे थे। खाना पहले लेने के लिए दोनों गुटों के लोग एक-दूसरे को पीछे करने लगे। इस पर दोनों गुटों में कहासुनी के बाद धक्कामुक्की होने लगी। इसके बाद दोनों गुटों के बंदी एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। झाड़ू के डंडे से एक-दूसरे की पिटाई करने लगे।

बीच- बचाव में चोटिल हुए बंदी रक्षक- बीच-बचाव में बंदी रक्षक यानी हेड वॉर्डर आशुतोष चतुर्वेदी और जेल वॉर्डर जय प्रकाश यादव सहित बंदी अदनान और बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल घायलों की संख्या 15 बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सोनू सिंह के 12 और मंगेश गुट के 23 लोग जिला कारागार में बंद हैं। दोनों गुटों में काफी दिनों से वर्चस्व के लिए विवाद चल रहा है।

घटना के बाद पुलिस-प्रशासन अलर्ट- जेल में हुई इस घटना के बाद पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। मारपीट करने वाले बंदियों के संबंधियों में जेल के बाहर गैंगवार न हो, इसके लिए सभी थानों को भी अलर्ट कर दिया गया। बंदियों के संबंधियों के यहां भी पुलिस दबिश दे रही है। इस संबंध में जेल अधीक्षक डॉ. विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्चस्व को लेकर मारपीट हुई थी। दो घायलों का जेल अस्पताल में इलाज चल रहा है। मारपीट में 15 बंदी घायल हुए हैं।

देर शाम दूसरी जेलों में भेजे गए छह बंदी- शनिवार को हुई इस घटना के बाद रविवार की सुबह डीएम डॉ. दिनेश चंद्र और एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जिला कारागार का निरीक्षण कर माहौल का मुआयना किया। डीएम ने घटना में शामिल कुछ बंदियों को चिह्नित कर दूसरे कारागार में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। मारपीट में शामिल बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद देर शाम छह बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए उनको दूसरे जनपदों की जेलों में भेजा गया।

काशी में सटोरियों की पिच तैयार...

STF, क्राइम ब्रांच के साथ ही खुफिया विभाग भी सक्रिय; रडार पर सट्टेबाज

वाराणसी , एजेंसी। आईपीएल-18 सीजन का शनिवार को आगाज होने के साथ ही सटोरियों की पिच भी तैयार हो गई। सटोरियों ने मोबाइल पर आईडी, पासवर्ड और पॉइंट देकर सट्टेबाजी का खेल शुरू कराया है। मुंबई, नई दिल्ली, जयपुर और कोलकाता में बैठे सटोरियों ने शहर में अपने-अपने एजेंट बैठा दिए हैं। कमिश्नरेट पुलिस, एसटीएफ, एलआईयू अन्य खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। जेल गए कुख्यात सटोरियों को रडार पर लिया गया है। महानगरों के बुकी के साथ ही शहर के सट्टेबाजों को चिह्नित किया जा रहा है। काशी समेत पूर्वांचल में आईपीएल सट्टे का बड़ा अवैध कारोबार है। महानगर में बैठे बुकी के एजेंटों ने काशी समेत आसपास जिलों में अपना जाल फैला दिया है। युवाओं को सट्टे के इस धंधे में शामिल कराया है। शहर के शिवपुर क्षेत्र के एक अपार्टमेंट के फ्लैट में सट्टेबाजी का खेल शुरू हुआ है। शहर के अन्य क्षेत्रों के होटल, गेस्ट हाउस में भी सट्टेबाजी की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मैच बुकी ने अपने एजेंटों को काम पर लगा दिया है। उधर, आईपीएल में सट्टेबाजी की गंध आते ही पुलिस और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हैं। गली, मोहल्ले और अपार्टमेंट समेत कॉलोनियों में अपने-अपने मुखबिर छोड़ रखे हैं। पूर्व में गिरफ्तार सट्टेबाजों की गतिविधियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।



रेलवे ने यात्रियों को दी राहत

अब सप्ताह में चार दिन चलेगी टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस

बरेली , एजेंसी। खाटू श्याम के दर्शन और अजमेर शरीफ जाने वाले लोगों को रेलवे ने राहत दी है। टनकपुर से दौराई के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन 05097-98 को 30 मार्च से नियमित कर दिया जाएगा। सप्ताह में तीन दिन चलाई जाने वाली यह ट्रेन अब चार दिन चलाई जाएगी। नवंबर 2024 में रेलवे बोर्ड ने इस ट्रेन को नियमित करने की घोषणा की थी। 30 मार्च से नियमित संचालन के साथ ही इस ट्रेन का नंबर 15092-91 हो जाएगा।

रेलवे ने टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस का पोर्टल पर नए नंबर से बुकिंग शुरू कर दी है। यह ट्रेन दौराई से सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार चलाई जाएगी। वहीं टनकपुर से इसका संचालन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व शनिवार को किया जाएगा। अब तक ट्रेन में बरेली-दौराई के बीच स्लीपर श्रेणी में किराया 405 रुपये है, जो 370 रुपये हो जाएगा। इसी तरह एसी तृतीय में 1110 के स्थान पर 920 और एसी द्वितीय श्रेणी में किराया 1545 से घटकर 1430 रुपये हो जाएगा।

इस ट्रेन के संचालन से आला हजरत एक्सप्रेस पर यात्रियों का दबाव कम होगा। यात्रियों की जेब भी कम ढीली होगी। इस ट्रेन को भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन पर ठहराव दिया जाएगा। खाटू श्याम जी और अजमेर शरीफ जाने वाले यात्रियों को आसानी से कन्फर्म टिकट भी मिल जाएगा।



यात्री न मिलने से कासगंज-छपरा विशेष ट्रेन निरस्त

यात्री न मिलने के कारण रेलवे ने 05092/05091 कासगंज-छपरा-कासगंज होली विशेष ट्रेन को निरस्त कर दिया है। कई फेरों में यह ट्रेन लगभग खाली चल रही थी। इज्जतनगर मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि 24 मार्च को 05092 कासगंज-छपरा विशेष ट्रेन और 25 मार्च को चलने वाली 05091 छपरा-कासगंज विशेष ट्रेन का संचालन निरस्त कर दिया गया है।

दो दिन बंद रहेगी भोजीपुरा-देवरनियां के बीच क्रॉसिंग

इज्जतनगर मंडल के भोजीपुरा-देवरनियां रेलवे स्टेशनों के बीच किमी संख्या-06/2-3 की क्रॉसिंग संख्या-03/सी (धबोरा गांव) पर रेलपथ पर बैलास्ट की छनाई और पैकिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान क्रॉसिंग 24 मार्च को दोपहर दो बजे से 25 मार्च को सुबह छह बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग के रूप में दोहरिया पर स्थित क्रॉसिंग संख्या एक और हंसा रोड स्थित क्रॉसिंग संख्या पांच का इस्तेमाल किया जाएगा।

काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट का संचालन 26 जून तक

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 09075/09076 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 26 जून तक बढ़ा दिया है। यह ट्रेन 25 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को मुंबई सेंट्रल से सुबह 11:00 चलने के बाद बोरीवली, वापी, उधना, बडोदरा, रतलाम, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बदायूं होते हुए अगले दिन सुबह 10:50 बजे बरेली जंक्शन आएगी। यहां से बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, लालकुआं, हल्द्वानी होते हुए दोपहर 2:30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। वापसी में 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को काठगोदाम से शाम 5:30 बजे चलने के बाद रात 8:23 बजे बरेली जंक्शन आएगी और अगले दिन रात 8:55 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत, बेटी ने किया हत्या का दावा

बहराइच , एजेंसी। कैसरगंज क्षेत्र निवासी एक वृद्ध की शनिवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची बेटी ने छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

कुरसंडा निवासी बच्चाराम यादव (75) की शनिवार शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची भागीरथपुरवा निवासी उनकी बेटी सुहागिनी ने पिता के भाइयों व भतीजों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

सुहागिनी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके पिता बच्चाराम की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसका फायदा उठाकर विपक्षियों ने उनकी जमीन अपने नाम लिखवा ली। इसको लेकर उन लोगों ने वाद दायर कर रखा है।

सुहागिनी ने कहा कि पहले ही आशंका थी कि विपक्षी उनके पिता की हत्या कर सकते हैं। इसलिए चार फरवरी को भी उच्चाधिकारियों को लिखित तहरीर दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच शनिवार को जमीन हड़पने के लिए विपक्षियों ने उनकी हत्या कर दी। सुहागिनी ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह शव लेने पहुंची तो उन्हें भगा दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी है।

कानून-व्यवस्था को लेकर विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा में सोमवार को कार्यवाही शुरू होते ही कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों जमकर हंगामा किया। बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्य वेल में पहुंचकर शोरगुल और हंगामा करने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विपक्षी सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद विधायक अपनी बात रखेंगे, आपकी बात सुनी जायेगी। भारी शोरगुल के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तरकाल शुरू करा दिया। इसी बीच भाकपा-माले विधायकों ने सदन में सिया और सुन्नी के अलग-अलग कब्रिस्तान की मांग पर हंगामा करना शुरू कर दिया। 18 मिनट में दूसरी बार विपक्ष के विधायक फिर वेल में पहुंच गए। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर लौट आए। वहीं मंत्री विजेंद्र यादव ने राजद विधायक भाई वीरेन्द्र को फटकार लगा दी। दरअसल, राजद विधायक ललित यादव के पुलिस महकमे से जुड़े सवाल पूछे जाने के बाद भाई वीरेंद्र ने हस्तक्षेप किया। भाई वीरेंद्र के इस रवैये से नाराज मंत्री विजेंद्र यादव ने उन्हें फटकार लगा दी। विजेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा कि क्या आप ज्यादा काबिल हैं? विपक्षी विधायकों ने कब्रिस्तान की घेराबंदी के मुद्दे पर सरकार से सवाल किया। उन्होंने मांग की कि सरकार कब्रिस्तानों की घेराबंदी की समय सीमा निर्धारित करे और नए कब्रिस्तानों को सूचीबद्ध करने के लिए सर्वे कब किया जाएगा, इसकी जानकारी दे। गृह विभाग के प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव ने बताया कि जिलाधिकारी और एसपी को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। सरकार के इस जवाब से विपक्षी विधायक संतुष्ट नहीं हुए और सभी विधायक वेल में पहुंच गए। नाराज विधायकों ने वेल में नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हंगामा क्यों कर रहे हैं? अगर सदन नहीं चलने देना चाहते हैं तो कहिए, बंद कर दें? विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी विधायक अपनी सीटों पर लौट आए। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने मदरसा निर्माण के संबंध में एक सवाल पूछा। इस पर मंत्री जमा खां ने जवाब दिया कि मदरसा का निर्माण करवाया जा रहा है और कई स्थानों पर यह प्रक्रिया जारी है। उधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर हंगामा किया और विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्षी सदस्यों ने बिहार में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने, आरक्षण के मुद्दे समेत अन्य मामलों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि बिहार की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है और हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। अपराधी तांडव कर रहे हैं, लेकिन सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। वामपंथी विधायकों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर हंगामा किया। विधायकों ने बताया कि हम लोगों ने आज कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया था। बिहार के भीतर बागमती और सिकरहना नदी पर सरकार ने बांध निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। उसके दायरे में आने वाले लगभग सैकड़ों गांवों के बांध निर्माण से नदी के पानी में डूबने की आशंका है। वहां एक रिव्यू कमेटी बनी थी, लेकिन बिना रिव्यू कमेटी से रिपोर्ट लिए निर्माण कार्य को शुरू कर दिया गया। क्षेत्र की जनता के बीच इसको लेकर काफी आक्रोश है। ऐसे में सिकरहना नदी के बाध निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर जनता की समस्या को देखा जाए।

पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 , पटना द्वारा राजभाषा सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-I, द्वारा पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, स्थित प्रेक्षागृह, पटना में राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त सम्मेलन में क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के सभी कार्मिक एवं बिहार एवं झारखंड में अवस्थित उपकेंद्र प्रमुख/राजभाषा प्रभारी समेत लगभग 150 कार्मिकों ने प्रतिभागिता की। राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन अरिंदम सेनशर्मा, कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र-I, ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं अपने सम्बोधन में हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया एवं उपस्थित सभी कार्मिक से हिन्दी में अपना अधिकतम कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बताते चलें कि उक्त एक दिवसीय सम्मेलन में 3 सत्र आयोजित की गयी।

बड़ी मुश्किल से बिहार की प्रतिष्ठा बढ़ी है, फिर इसे गिराना चाहते हैं : सभापति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोमवार को सदन में राजद के सुनील कुमार सिंह को कहा कि आप बिहार को बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से बिहार की प्रतिष्ठा बढ़ी है, एक बार फिर से इसे गिराना चाहते हैं। दरअसल सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सुनील कुमार सिंह ने फिर राष्ट्रगान के अपमान का मुद्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। ऐसे में इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। इस पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सुनील कुमार सिंह को उपरोक्त बातें कही। इस पर सुनील सिंह ने कहा कि मैं नहीं बल्कि मुख्यमंत्री बिहार की प्रतिष्ठा गिरा रहे हैं। इसके बाद सभापति ने कहा कि इस मुद्दे पर अब कोई चर्चा नहीं होगी। इसके बाद प्रश्नकाल के दौरान सुनील सिंह ने खाद्य तस्करी का मुद्दा उठाया। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि विभाग सजगता से इस मामले में जांच करा लेगा जिसके बाद नेता विरोधी दल राबड़ी देवी खड़ी हो गई और उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का चावल मिल रहा है। पूरे बिहार में प्लास्टिक का चवाल मिल रहा है। ये कृषि मंत्री हैं तो इनको इस मामले में संज्ञान लेनी चाहिए। इसके जवाब में विजय सिन्हा ने कहा कि सदन की गंभीरता को हमलोग ध्यान में रखकर इसकी जांच कराएंगे। औचक निरक्षण और छापेमारी की जाएगी। उड़न दस्ता से भी जांच की जाएगी, लेकिन आप लोग भी बता देंगे कि किन स्थानों पर ये काम हो रहा है तो आसान हो जाएगा। उधर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सदस्यों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधान परिषद के गेट पर नारेबाजी की। बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर राबड़ी देवी के नेतृत्व में सदस्यों ने बाहर प्रदर्शन किया।

ताला तोड़ खाद दुकान से हजारों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पुनपुन थाना क्षेत्र के गबसपुर गांव के समीप स्थित खाद बीज के दुकान से ताला तोड़कर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में दुकान के मालिक दिलीप कुमार के द्वारा पुनपुन थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवेदन में पुनपुन थाना क्षेत्र के गवसपुर गांव के रहने वाले खाद बीज दुकान के मालिक दिलीप कुमार का कहना है कि वह अपना दुकान बंद कर घर गया था अगले दिन जब वह दुकान पर आया तो उसके दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान से 5000 गायब था।

जो लोग फर्जी होते हैं, उनको हर चीज फर्जी दिखती है : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। विधानसभा में सोमवार को विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जमकर हमला बोला। विपक्ष के विधायकों से उन्होंने कहा कि आप लोग बैठे रहिएगा तो अच्छा लगेगा। जाइएगा नहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग तीन मार्च को 2025-26 का बजट पेश कर चुके हैं और आज उस बजट की कुंजी लेने आए हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विकास की सोच के साथ बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। 2004-05 का आखिरी बजट तेइस हजार करोड़ का था और आज वह तीन लाख करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि पता नहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहां से आंकड़ा लाने का काम किया? इनको जानना चाहिए कि पिछले दो बजट में भी हमारे यहां 98 प्रतिशत राशि और पिछले बजट में 97 प्रतिशत राशि हम लोगों ने खर्च की है। उनको थोड़ा आइना दिखा देता हूं। सम्राट चौधरी ने कहा कि तेजस्वी भाई के समान हैं। बजट छोटा है, लेकिन पूर्व उप मुख्यमंत्री के माता पिता के शासन काल में महज 23 फीसदी बजट की राशि खर्च होती थी जो लोग फर्जी होते हैं, उनको हर चीज फर्जी दिखती है। उन्होंने कहा कि 1989 के बाद बिहार में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बना, यही तो मैं कह रहा हूं कि 1990 के बाद बिहार में कुछ नहीं हुआ। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं जाति पर राजनीति नहीं करता और मैं भाजपा का सदस्य हूं। मैंने लालू जी के साथ काम किया है। लेकिन, हमारे विचार अलग थे। लोग पूछते हैं कि क्या मैं संघ कार्यालय गया हूं, तो मैं पूछता हूं कि जब आपके पिता मुख्यमंत्री बने थे, क्या वे उस दिन संघ कार्यालय गए थे? मैं कहता हूं कि जिस दिन आप संघ कार्यालय जाएंगे, आपका भाग्य खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपराधियों को नहीं छोड़ूंगा। अगर अपराधी कट्टा दिखाएगा तो पुलिस उसे मार गिराएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने साफ कह दिया है कि जो भी अपराधी है उसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू जी कहते थे कि रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा, लेकिन, यहां राजा भी आया, रानी भी आई, राजकुमार भी आया और राजकुमारी भी आई। लालू यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि लालू 1990 से नाच ही देख रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं लालू के अत्याचार से राजनीति में आया हूं। उन्होंने कहा कि मैंने गांधी मैदान में लालू यादव से माफी भी मंगवाई थी और आगे भी लालू यादव को झुकाने का काम करूंगा।

इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा व मुजफ्फरपुर द्वारा जागरुकता सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा व मुजफ्फरपुर द्वारा पानी सती टेक्स्टाइल एवं मेसर्स पब्लिक स्कूल में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दीजाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

व्यापार संघ ने 101 लोगों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। व्यापार संघ ने समाज में अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 101 लोगों को राष्ट्रीय एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। राजधानी पटना के धारामेंशन वैंकवट हॉल में व्यापार संघ की ओर से राष्ट्रीय एक्सीलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मनेजमेंट साउंटर्स ग्रुप ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शिवकुमार यादव, उपेंद्र प्रसाद अधिवक्ता बीना कुमारी जैसवाल, फिल्म अभिनेता कुणाल सिंह, समीर परिमल, सुषमा साहू ने किया। इस मौके पर व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से व्यापारियों में एक अलग तरह का उत्साह बढ़ेगा और व्यापारियों को आकर्षित करना हमारा मुख्य उदेश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार जहां एक और व्यापारियों पर ध्यान नहीं देती है जिसके बाद व्यापारियों को एक होना पड़ा है और आने वाले समय में इस तरह कार्यक्रम होने से व्यापारियों में मजबूती होगी। इस मौके पर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम अपने बिहार में होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बबली चंद्रा और गरिमा यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुराग फिल्म के रंजीत महापात्र, भोजपुरी कलाकार माही खान, विमल पांडे, सुजीत सार्थक, पल्लवी गिरी, आदित्य मोहन दुबे, राहुल श्रीवास्तव के साथ हीं अमृता दीक्षित, प्रियंका रंजन, डॉ राकेश कुमार, प्रिया रंजन, डॉ विजेंद्र कुमार, अधिवक्ता राजीव रंजन समेत मधुकर कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग उपस्थित हुये जिन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रेडिया पार्टनर बजाओ रेडिओ को सम्मानित किया गया।

नोडल जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, राज्य स्तर के 10 वक्ता चयनित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मौलाना मजहरूल हक अरबी - फारसी विश्वविद्यालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत युवा संसद नोडल जिला स्तरीय कार्यक्रम' का आयोजन विश्विद्यालय के सभागार में किया गया और राज्य स्तर के लिए दस सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का चयन किया गया। ये नाम हैं - वर्तिका, खुशी राज, ह्रितिक रोशन, रतिकेश पूर्णोदय, सुमंत कुमार, सृष्टि, कृति कुमारी, आयशा फातिमा, कोशकी, अनिशा भारती। कार्यक्रम का उद्घाटन राम कृपाल यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मो० आलमगीर, विश्वविद्यालय के कुल सचिव, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक बिहार गिरधर उपाध्याय भी उपस्थित थे।

बिहार दिवस पर कलाकारों ने दिया पैगाम, सब मिलकर करें स्वच्छता के लिए काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन गांधी मैदान में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा पटना वासियों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा, बिहार के प्रसिद्ध पेंटर मनोज कुमार बच्चन, पार्षद श्वेता कुमारी तथा नगर निगम के अधिकारी रामाशीष तिवारी, श्वेता भास्कर द्वारा किया गया। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीतों के माध्यम से उपस्थित लोगों को पटना शहर को साफ रखने तथा स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन्होंने बिहार के अनेक पारंपरिक गीत भी प्रस्तुत किए जिनमें पनिया के जहाज से पलटनिया ले ले अइह पिया, सिया जी बहिनिया हमार हो, राम जी से पूछे जनकपुर की नारी और जगदंबा घर में दियरा जैसे गीत शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान राजू, सिद्धार्थ, गोलू, बिट्टू, रोशन, विजया, अंकिता, वंदना मुस्कान और सोनू ने झिझिया नृत्य प्रस्तुत करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। नुक्कड़ टीम के कलाकारों ने पटना की स्वच्छता और हम विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान हजारों लोगों ने स्वच्छता हेतु काम करने का संकल्प लिया और स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में भाग लिया। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने कहा कि स्वच्छता हमारी जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। हम सबको मिलकर स्वच्छता के लिए काम करना चाहिए।

26 मार्च से सात दिवसीय रामलीला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। श्रीराम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का आयोजन आगामी 26 मार्च से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में काशी बनारस से आए कलाकारों के द्वारा रामलीला की प्रस्तुति की जाएगी। रामलीला कार्यक्रम श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति ठाकुरबाड़ी के द्वारा आयोजित की गई है। यह कार्यक्रम 26 मार्च से प्रत्येक दिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलेगी। श्री राम जानकी मंदिर न्यास कमिटी के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सोनू ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने जू एम्बेसडरों की शैक्षणिक यात्रा को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार और भारत पेट्रोलियम के संयुक्त तत्वावधान में आज जू-एम्बेसडरों की एक टीम कैमूर एवं रोहतास जिलों के इकोटूरिज्म क्षेत्रों में दो दिवसीय शैक्षणिक यात्रा पर निकली जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जू-एम्बेसडर, इको टूरिज्म की संभावनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी इकट्ठा कर पर्यावरण और इकोटूरिज्म को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में इको पर्यटन स्थलों की अपार संभावनाएं हैं, जरूरत सिर्फ उन्हें खोजने और प्रचारित करने की है जिससे राज्य के लोग भी बिहार में ही इकोटूरिज्म का आनंद ले सकें। वहीं मंत्री डॉ. सुनील कुमार के द्वारा 'हर रविवार, इको फ्रेंडली काम / एक घंटा पर्यावरण के नाम' अभियान की भी शुरूआत की गयी। इसको लेकर मंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तर्ज पर इस अभियान के तहत प्रदेश के नागरिकों को हर रविवार एक घंटे का समय पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ें और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में प्रभात कुमार गुप्ता, भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय अधिकारी समेत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य पदाधिकारीगण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

विश्व क्षयरोग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। विश्व क्षयरोग दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के अंतिम संस्करण के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डा. संजय कुमार गुप्ता, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिसियन के द्वारा समग्र रूप से टी.बी. बीमारी के इलाज एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक रहने एवं अन्य जानकारियां, डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा टी.बी. के इलाज एवं बचाव तथा डा. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/ फिजिसियन के द्वारा टी.बी. से संबंधित इलाज एवं बचाव पर व्याख्यानें उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। संगोष्ठी में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडीकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए।

मसौढ़ी में कचरा से बनेगा खाद, नगर परिषद ने शुरू की प्रोसेसिंग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। नगर परिषद की ओर से अब फेके गए कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दरअसल नगर परिषद क्षेत्र से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को डंपिंग जोन नहीं होने के कारण सड़कों के किनारे इधर-उधर फेंक दिए जाते थे जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अब नगर परिषद उन सभी कचरों को इस्तेमाल करने के लिए कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जिसको लेकर 8 कट्ठा जमीन को चिन्हित करते हुए वहां पर तकरीबन डेढ़ लाख की लागत से एक कटिंग मशीन प्लांट किया गया है जहां पर गीला एवं सूखा कचरे से जैविक खाद तैयार की जा रही है, जो यह खाद किसानों के बीच खेती-बाड़ी में काम आएगा। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र से निकलने वाले कचरा के लिए डंपिंग जोन के लिए जमीन अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन फिलहाल जो कचरा शहर से निकल रहा है। इधर-उधर सड़क के किनारे फेंकी जाती है जिसको लेकर कई तरह की परेशानियां भी बढ़ रही थी ऐसे में एक नई प्लानिंग के तौर पर आप सभी कचरों को इधर-उधर न फेंक कर उन्हें उन कचरों से खाद बनाने की तैयारी हो गई है, वहीं अमीन रामाधार कुमार यादव ने बताया कि कटिंग मशीन लगाकर उन कचरों को खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रसव के नाम पर पैसा वसूली मामले में एसडीएम ने लिया संज्ञान

अस्पताल प्रभारी से जबाब तलब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी का अनुमंडल अस्पताल जिसे मिनी पीएमसीएच कहा जाता है जहां मरीजों के साथ प्रसव के नाम पर नजराना वसूली का खेल चल रहा है। मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने संज्ञान लिया है और अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी और प्रबंधक से जांच रिपोर्ट मांगी है और एक हफ्ते में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। एसडीएम द्वारा लिये संज्ञान के बाद अस्पताल कर्मियों के बिच हड़कंप मची है। दरअसल बीते 19 मार्च को मसौढ़ी प्रखंड के काजीचक और चपौर गांव से आए हुए मरीजों से नजराना वसूली की गई थी और यह मामला सिर्फ आज का नहीं है बल्कि प्रत्येक दिन होता रहता है। ऐसे में एसडीएम ने अस्पताल की व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अस्पताल प्रबंधन से जवाब तलब किया है और जल्द ही उक्त कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है।

मच्छर भगाने की बत्ती से झोपड़ियों में लगी आग, दो मासूमों की दर्दनाक मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में रविवार की आधी रात दर्दनाक हादसा हुआ। जनकपुर मोड़ के पास सड़क किनारे बनी चार झोपड़ियों में अचानक आग लग गई जिससे दो मासूम बच्चों की झुलसकर मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। मौके पर पहुंची गौरीचक थाना पुलिस और तीन दमकल की गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद घंटों बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था। स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार झोपड़ी में रहने वाले मजदूर परिवारों ने रात में मच्छर भगाने वाली बत्ती (कॉइल) जलाई थी जिससे आग लगी जब परिवार के लोग सो रहे थे, तब जलती हुई बत्ती गिर गई और धीरे-धीरे झोपड़ी में आग फैल गई। तेज हवा के कारण आग ने पास की तीन अन्य झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। रात करीब 12 बजे आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। झोपड़ियों में सो रहे लोग जान बचाने के लिए बाहर भागे, लेकिन 8 वर्षीय सन्नी कुमार और 4 वर्षीय आदित्य कुमार अंदर ही फंसे रह गए। आग इतनी भयानक थी कि उन्हें बाहर निकालने का मौका नहीं मिल पाया और उनकी मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य बच्चे घायल हो गए जिनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना पुलिस और दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक चारों झोपड़ियां पूरी तरह जल चुकी थीं। परिवारों का सारा सामान, कपड़े, राशन और पैसे भी राख हो गए। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संपादकीय

हीथ्रो से जुड़े सवाल

दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे में से एक लंदन का हीथ्रो शुक्रवार को बिजली कटने की वजह से बंद रहा, जिससे भारत समेत कई जगहों की उड़ानों पर असर पड़ा। यह वाकया हैरान करने वाला है क्योंकि अक्सर ऐसी समस्याओं को गरीब और विकासशील मुल्कों से जोड़कर देखा जाता रहा है। पिछले साल हीथ्रो से रोज औसतन 2.20 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यहां से दुनिया की 230 जगहों की उड़ानें भरी जाती हैं। बताया गया कि हवाई अड्डे की बिजली पास में आग लगने की वजह से गई। जिस सब-स्टेशन से हवाई अड्डे को बिजली की सप्लाई की जाती थी, वहां आग लगी और इससे यह समस्या खड़ी हुई। सब-स्टेशन पर लगी आग पर काबू पाने में कई घंटे लग गए। ब्रिटिश सरकार ने बताया कि आग लगने की घटना में किसी का हाथ होने की आशंका नहीं है। इसके बावजूद आतंकवाद निरोधी दस्ता इस मामले की तहकीकात कर रहा है। वजह यह है कि ब्रिटेन के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इस घटना का असर हुआ। इस वाकये का असर हवाई अड्डे के आसपास के रिहायशी इलाकों और बिजनेस एस्टेब्लिशमेंट पर भी पड़ा। हीथ्रो के बंद होने से कम से कम 1,351 उड़ानों पर असर पड़ा। इनमें से कुछ को लंदन के गैटविक हवाई अड्डे, पैरिस और एम्सटर्डम की ओर भेजा गया, लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। खबरों के मुताबिक, हवाई अड्डे के बंद होने से करीब 3 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। और आने वाले दिनों में भी इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे। जितने बड़े पैमाने पर हीथ्रो के बंद होने और उस वजह से उड़ानों के रद्द या रीशेड्यूल होने से लोगों पर असर पड़ा है, यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस सक्षम हैं? फिर सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि जिस तरह की चीजों को लेकर गरीब और विकासशील देशों को पश्चिम में नीची नजर से देखा जाता है, हीथ्रो में हुए हादसे के बाद उस पर ये देश क्या कहेंगे। दूसरा सवाल यह है कि क्या ऐसे किसी हादसे की आशंका हीथ्रो के मैनेजमेंट को नहीं थी और अगर उन्हें ऐसा कोई अंदेशा था तो इसके लिए उपाय क्यों नहीं किए गए थे? एक और बात यह भी है कि हालिया दशक में भारत जैसे देशों में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप हो रहा है, जो वैश्विक स्तर का है। चीन तो इस मामले में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल है। वहीं, पश्चिमी देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर इनके मुकाबले कमतर साबित हो रहा है।

भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है।

न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता हो

(ललित गर्ग)

न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है।

भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। हाल ही में यह बात सामने आई है कि एक मौजूदा न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। इस तरह की घटना, किसी भी चल रही जांच के बावजूद, न्यायपालिका की ईमानदारी और निष्पक्षता पर एक बदनुमा दाग है।

न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में इसके लिये तत्पर है और वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी है। स्वल्प समय में ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वे कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं, वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के सामने अनेक चुनौतियां हैं, उनका मार्ग कंटकाकीर्ण हैं। उनके द्वारा शुरु किये कानून सुधार-अभियान की किसी पहल का विरोध होना स्वाभाविक है। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कॉलेजियम सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। न्यायिक प्रणाली, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर टिकी हुई है, न केवल निंदा से परे होनी चाहिए बल्कि जनता द्वारा भी देखी जानी चाहिए। न्यायालयों के भीतर एक व्यापक आत्मनिरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायिक प्रक्रिया बेदाग रहे और न्यायपालिका के बारे में जनता की धारणा को उसके सही परिप्रेक्ष्य पर बहाल किया जा सके। न्यायालयों




की निष्पक्षता में आम आदमी का विश्वास सर्वोपरि है, और इस विश्वास को खतरे में डालने वाली किसी भी घटना से शीघ्रता और विवेकपूर्ण तरीके से निपटा जाना चाहिए।

न्यायालयों के कामकाज की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनकी समीक्षा की जानी जरूरी है। यह बहुत स्पष्ट है कि कुछ न्यायाधीश, कभी-कभी, व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों चुनते देखे जाते हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया की एकरूपता और निष्पक्षता को कमजोर करता है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने और पक्षपात या पक्षपात की किसी भी झलक से बचने के लिए मामलों का चयन करने का विवेक सीमित होना चाहिए। यह आवश्यक है कि सभी मामलों को एक स्थापित, पारदर्शी रोस्टर प्रणाली के आधार पर निष्पक्ष रूप से आवंटित किया जाए। यह भी न्याय-प्रक्रिया की एक बड़ी विसंगति है कि कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाती है। इस तरह की प्रथाएं न्याय की नींव को ही नुकसान पहुँचाती हैं, क्योंकि वे अनुचित पक्षपात का कारण बन सकती हैं। किसी भी वकील को, चाहे उनकी स्थिति या पद कुछ भी हो, न्यायिक प्रक्रिया में अनुचित लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सर्वप्रथम तो भारत के न्यायपालिका का संस्थागत चरित्र बदलने की जरूरत है। यह सामंती है और इसे इसके स्थान पर लोकतांत्रिक बनाना होगा। संवैधानिक जजों की चयन प्रक्रिया बहुत ही अलोकतांत्रिक है, जिसमें संविधान में वर्णित 'हम भारत के लोग' इनकी कोई भूमिका नहीं है। यहां पहले से पदासीन चले आ रहे लोग अपनी पसंद के लोगों को चुनकर पदों पर बिठा देते हैं, देखते ही देखते कुछ ही वर्षों में भारत का पूरा न्यायिक तंत्र कुछ परिवारों के कब्जे में आ गया है। वर्तमान सरकार ने परिवारवादी राजनीति के साथ परिवारवादी न्याय-व्यवस्था में सुधार किये हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। न्यायपालिका की हठधर्मिता, विधायिका और कार्यपालिका का न्यायिक सुधार के संबंध में उपेक्षात्मक रुख साथ-साथ भारतीय जनमानस की उदासीन भूमिका ऐसी जड़ताएं हैं जिसने अपार पीड़ा को सहते हुए भी न्यायिक सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए सरकारों पर दबाव बनाने का कार्य कभी नहीं किया गया, जो मिला उसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया। अनेक मामलों में अन्यायपूर्ण न्याय को स्वीकारना ही आम जनता की विवशता रही है। भारत को अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थिति और अपने गौरवपूर्ण इतिहास बोध के अनुसार एक वैकल्पिक न्याय तंत्र ही स्थापित करना चाहिए, किंतु जब तक यह नहीं होता वर्तमान व्यवस्था में ही कुछ आवश्यक सुधार करके हमें इसे समसामयिक, तीक्ष्ण, समयबद्ध और उपयोगी बनाए रखना चाहिए। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



महावीर स्वामी की शिक्षाओं से क्या सीखें

अहिंसा केवल तलवार न उठाना नहीं है, विचारों, वाणी और व्यवहार से किसी को आहत न करना भी अहिंसा है। दूसरी महत्वपूर्ण सीख है सत्य। महावीर कहते हैं, जीवन में जो भी कहो, सोच-समझ कर कहो, और वही कहो जो सच हो।

(सुंदरचंद ठाकुर)

बाजार की भीड़ में, ट्रैफिक के शोर में, भागते समय के पहियों के नीचे, क्या कभी रुक कर हमने अपने भीतर झांकने की कोशिश की है? जिस आत्मा के साथ हम इस दुनिया में आए, क्या वह आत्मा अब भी वैसी ही शांत, निर्मल और उज्ज्वल है? शायद नहीं। और यही वह क्षण है जब महावीर स्वामी की वाणी की गूंज हमें भीतर तक झकझोर देती है। उन्होंने ही कहा था- परिग्रह (मोह, लोभ) ही दुखों की जड़ है।

महावीर स्वामी, जिनका जन्म राजमहलों में हुआ, उन्होंने वह सबकुछ त्याग दिया, जिसे हम जीवन की उपलब्धि मानते हैं। क्यों? क्योंकि उन्होंने जान लिया था कि बाहरी दुनिया की दौलत हमें भीतर की शांति नहीं दे सकती। आज हम भी उन्हीं महलों के नए रूप ङ्क बड़ी गाड़ियां, मोबाइल, चमकदार कपड़े, सोशल मीडिया की वाहवाही आदि में उलझे हैं। लेकिन क्या इन सबसे हमें सच्चा सुकून मिलता है? शायद नहीं।

महावीर की पहली और सबसे बड़ी शिक्षा है ङ्क अहिंसा परमो धर्मः हम सोचते हैं, मैंने किसी को मारा नहीं, तो मैं अहिंसक हूं। लेकिन क्या यह पूरा सच है? हमारी वाणी की हिंसा - किसी को कटु बोल देना, किसी का अपमान कर देना, किसी की निंदा करना - ये सब हिंसा नहीं है क्या? आज के इस असहिष्णु समय में, जहाँ छोटी-छोटी बातों पर रिश्ते टूट रहे हैं, वहां अगर हम केवल महावीर की अहिंसा को जी लें, तो दुनिया कितनी सुंदर हो सकती है।

अहिंसा केवल तलवार न उठाना नहीं है, विचारों, वाणी और व्यवहार से किसी को आहत न करना भी अहिंसा है। दूसरी महत्वपूर्ण सीख है सत्य। महावीर कहते हैं, जीवन में जो भी कहो, सोच-समझ कर कहो, और वही कहो जो सच हो। लेकिन क्या हम ऐसा करते हैं? हम अपने बच्चों से, मित्रों से, जीवन साथी से, ऑफिस में ङ्क हर जगह झूठ का सहारा लेते हैं। कभी डर के कारण, कभी अपने स्वार्थ के कारण। पर क्या यह झूठ हमें सुख देता है? नहीं। हर झूठ के पीछे छिपा डर, हमारी आत्मा को कचोटता रहता है। सत्य की राह पर चलकर ही मन हल्का, शांत और मुक्त होता है।

महावीर की तीसरी शिक्षा है अपरिग्रह (त्याग) आज की दुनिया में हम जितना जमा करते हैं, उतने ही उलझते जाते हैं। मकान, गाड़ी, पैसे, कपड़े, गहने सब जमा करते हैं, फिर भी मन खाली है। महावीर कहते हैं, जितना छोड़ोगे, उतना ही हल्के हो जाओगे। क्या आपने कभी पुराने कपड़े, बेकार सामान, फालतू की चीज़ें दान की हैं? उस खालीपन में जो सुकून है, वही असली धन है।

आज अगर हम अपने जीवन से फालतू चीज़ें न केवल भौतिक वस्तुएं, बल्कि बेकार की सोच, गुस्सा, नफरत ङ्क हटा दें, तो हमारे पास एक खाली, सुंदर जगह बचती है, जहां शांति का वास हो सकता है।

संयम, महावीर की चौथी शिक्षा है। आज हमारी दुनिया असंयम की दुनिया बन चुकी है खाने में, बोलने में, खर्च करने में, रिश्तों में। हर चीज़ 'तुरंत चाहिए' की दौड़ में हम संयम खो चुके हैं। अगर हम बोलने में संयम रखें, तो न लड़ाई होगी, न रिश्ते टूटेंगे। खाने में संयम रखें, तो शरीर स्वस्थ रहेगा। पैसों के खर्च में संयम रखें, तो चिंता नहीं होगी।

महावीर की ये पंक्तियां हमें रोज याद करनी चाहिए- मनुष्य खुद अपने भाग्य का निर्माता है। जितना खुद को जानोगे, उतना मुक्त हो जाओगे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

हे माननीय! आखिर अपनी जिम्मेदारी कब समझेंगे आप? बहुत हद कर दी आपने!

सवाल किसी जज की कोठी में भारी मात्रा में नोटों के मिलने का नहीं है और न ही उसके खिलाफ लीपापोती वाली प्रक्रिया शुरू करने का है, बल्कि सुलगता हुआ सवाल यह है कि व्यवस्था के ऐसे जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में हमारी संवैधानिक व्यवस्था कितनी असहाय प्रतीत होती आई है और आज तक उसका सार्थक और सकारात्मक हल नहीं ढूंढा जा सका है।

(कमलेश पांडे)

भ्रष्टाचार, तस्करी, तबादला उद्योग, जघन्य हिंसा-प्रतिहिंसा आदि मानवता विरोधी नीतियों या कार्यों पर निर्णायक चेक एंड बैलेंस का विगत 8 दशकों में भी नहीं बनना इस पूरी व्यवस्था के लिए कलंक की बात है।

समकालीन लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत सिलसिलेवार ढंग से जो 'संवैधानिक ड्रामा' रचाया जा रहा या चल रहा है, इसके लिए सिर्फ और सिर्फ 'हमारी संसद' जिम्मेदार है, क्योंकि जनहित में प्रभावशाली कानून बनाने का जिम्मा उसी के ऊपर है। यदि उसने इस मामले में अबतक किसी तरह की कोई लापरवाही बरती है तो यह जन-बहस का मुद्दा है। इसलिए कुछ सुलगता हुआ सवाल यहां पर प्रासंगिक है! लेकिन जब हम संसद की बात करते हैं तो इसकी सीधी जिम्मेदारी सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों और उनके समूह की होती है। क्योंकि सत्ता की अदलाबदली प्रायः इन्हीं के बीच होती रहती है। संसद के अलावा, हमारी सिविल सोसाइटी, मीडिया मठाधीश, अधिवक्तागण, शिक्षाविद, प्रबुद्ध कारोबारी तबका एवं विभिन्न प्रकार के लोकतांत्रिक दबाव समूह भी इस स्थिति के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं, क्योंकि भले ही इनके पास कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है या फिर अलग-अलग प्रकार की कानूनी सहूलियत प्राप्त है, लेकिन जनमत निर्माण में इनकी बहुत बड़ी भूमिका रहती आई है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि समाज का यह जागरूक तबका और उनका जेबी संगठन राजनीतिक रूप से दलित-महादलित, ओबीसी-एमबीसी, सवर्ण-गरीब सवर्ण, अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक, आदिवासी-आर्य, अकलियत-पसमांदा, भाषा-क्षेत्र, अमीर--गरीब आदि विभिन्न गुटों में बंटा हुआ है, जो आभिजात्य वर्गीय सोच की हिफाजत का टूल्स बना दिया गया है। वहीं, संसद द्वारा सही कानून बनवाने और बनाए हुए कानूनों को लागू करवाने में नौकरशाही की बड़ी भूमिका रहती है। जबकि इन कानूनों की न्यायसम्मत समीक्षा करने और मतभेद या विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय देने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है, जहां वकीलों की दलील के आधार पर किसी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचा जाता है। खास बात यह कि हमारी नौकरशाही के प्रशासनिक विवेक और न्यायपालिका के न्यायिक विवेक पर भी कोई सवाल उसी तरह से नहीं उठाया जा सकता है, जिस तरह से विधायिका के विधायी व प्रशासनिक विवेक और मीडिया के संपादकीय विवेक को मान्यता एवं संरक्षण प्राप्त है। कहने का तातपर्य यह कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया का जागरूक और निष्पक्ष होना पहली शर्त है। मौजूदा दौर में 'धनपशुओं' से सहयोग प्राप्त सिविल सोसाइटी यानी समाजपालिका भी बहुत



ताकतवर होकर उभरी है और सत्ता परिवर्तन में मुख्य भूमिका निभा रही है। हालांकि, इसके संकीर्ण सोच से भी समाज दिग्भ्रमित हुआ है। आमतौर पर राजतंत्रीय सोच और सामंती विचारों से हमारा मौजूदा लोकतंत्र भी संक्रमित हो चुका है। तभी तो भूमि संपदा, मौद्रिक संपदा और स्वर्ण संपदा बनाने की होड़ हमारे माननीयों में मची रहती है। वहीं जो ज्ञान संपदा के धनी हैं, वे भी भूमि संपदा, मौद्रिक संपदा और स्वर्ण संपदा बनाने की होड़ में शामिल हो चुके हैं। अफसोस की बात यह है कि हमारा लोकतंत्र और संविधान ही इनकी अवैध और अकूत कमाई का हथकंडा बन चुका है और उच्चपदस्थ लोग इनके खिलाफ एकजूट नहीं हो रहे हैं। यही वजह है कि जनता दिन-ब-दिन गरीब और उसके शासक लगातार अमीर होते जा रहे हैं। इनके अवैध धन से कहीं आतंकवादी, तो कहीं नक्सली व उग्रवादी फलफूल रहे हैं। भ्रष्टाचार, तस्करी, तबादला उद्योग, जघन्य हिंसा-प्रतिहिंसा आदि मानवता विरोधी नीतियों या कार्यों पर निर्णायक चेक एंड बैलेंस का विगत 8 दशकों में भी नहीं बनना इस पूरी व्यवस्था के लिए कलंक की बात है। आखिर अनवरत सांप्रदायिक दंगों और राजकोषीय लूट के लिए हमारी संसद नहीं तो कौन जिम्मेदार है, यक्ष प्रश्न है। कम्पनी, फर्म, ट्रस्ट, एनजीओ आदि को अलग इकाई मानना और उनके दिवालिया व विफल होने पर उनके संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई न होना, उनकी या उनसे लाभान्वित लोगों की अन्य सम्पत्तियों तक प्रशासनिक आंच का नहीं पहुंचना हमारी नीतिगत विफलता नहीं तो क्या है? आज भू-सम्पदाओं में जो धोखाधड़ी मची हुई है, मौद्रिक क्षेत्र में डिजिटल धोखाधड़ी लगातार बढ़ रही है, इसके लिए प्रशासनिक जवाबदेही कौन सुनिश्चित करेगा। अनुभव बताता है कि पुलिसिया भ्रष्टाचार, तहसील कदाचार, न्यायिक जुल्म व लेटलतीफी, प्रशासनिक पक्षपात, सियासी अनैतिकता से समूचा समाज भयाक्रांत और परेशान है, लेकिन हमारे माननीयों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास नहीं है। या वैसा कोई सजग व्यक्ति या समूह भी नहीं है जो इन लोकतांत्रिक महावीरों को उनकी मौलिक शक्ति का एहसास दिलाए।

सवाल किसी जज की कोठी में भारी मात्रा में नोटों के मिलने का नहीं है और न ही उसके खिलाफ लीपापोती वाली प्रक्रिया शुरू करने का है, बल्कि सुलगता हुआ सवाल यह है कि व्यवस्था के ऐसे जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में हमारी संवैधानिक व्यवस्था कितनी असहाय प्रतीत होती आई है और आज तक उसका सार्थक और सकारात्मक हल नहीं ढूंढा जा सका है।

आपने देखा सुना होगा कि देश को लूटने वाले विदेशों में बस रहे हैं। ऐसे लोग हमारी कानूनी खामियों का फायदा उठाकर विदेशों में मौज कर रहे हैं, क्योंकि उनको परोक्ष सियासी शह व सहूलियत दोनों प्राप्त है। ऐसे में यक्ष प्रश्न यह है कि यदि मौजूदा लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था जनता की सुख-शांति-समृद्धि सुनिश्चित नहीं कर सकती हैं तो फिर उसके होने या न होने का क्या मतलब रह जाता है। इस नजरिए से आधुनिक लोकतंत्र भी अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और पूंजीपतियों के नेतृत्व वाली नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है, जिससे आमलोगों की त्रासदी और बढ़ेगी! वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

संक्षिप्त समाचार

आंध्र एसोसिएशन इंग्लिश स्कूल में नर्सरी कक्षा का ओरिएंटेशन



जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आंध्र एसोसिएशन इंग्लिश स्कूल में सोमवार को नर्सरी क्लास का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया।इस अवसर पर स्कूल प्रबंध समिति, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण और अभिभावकों की उपस्थिति रही। स्कूल में नर्सरी कक्षा की शुरूआत स्कूल के समग्र शिक्षा के दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है, जो यह सुनिश्चित करती है कि छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के प्रारंभ से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अनुभव प्राप्त हो।

सरहुल पूजा और शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सरहुल पूजा और शोभायात्रा को लेकर केंद्रीय सरना समिति, लोहरदगा के अध्यक्ष रघु उरांव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर एक-एक करके सभी विषयों पर सभी ने बारी-बारी से अपने विचार दिए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एमजी रोड स्थित झखरा कुम्बा में पहानों के द्वारा पूरे विधि-विधान से सरहुल पूजा होगी। इसके बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका रूट न्यू नगर पालिका, स्टेट बैंक, बड़ा तालाब, अपर बाजार, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली चौक, अजय उद्यान, कस्तूरबा छात्रावास, अलका सिनेमा, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक पहुंचेगी। दूसरी ओर से कचहरी चौक में पूजा बाद शोभायात्रा सरना समिति के नेतृत्व में निकालकर पावरगंज चौक तक आएगी। दोनों का मिलन होने के बाद शोभायात्रा बाबा मठ होते हुए मैना बगीचा पहुंचेगी। वहां पर समापन होगा। समिति के मुख्य संरक्षक मणि उरांव ने कहा कि आगामी एक अप्रैल को पूरे भव्यता के साथ शहर में सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज के सभी आदिवासी संगठनों से अपील की गई कि अपनी एकता और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र वेशभूषा के साथ शोभायात्रा में भाग लें। शोभायात्रा पूरी तरह से नशा मुक्त होगी। शोभा यात्रा में डीजे पर प्रतिबंध होना चाहिए। समिति की अगली बैठक 30 मार्च को बीएस कालेज परिसर में होगी।

दो बच्चों के पिता ने महिला के साथ किया यौन शोषण, मामला दर्ज

दुमका/जरमुंडी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जरमुंडी थाना क्षेत्र में एक 35 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर गांव के ही दो बच्चों के पिता द्वारा यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़ित महिला ने आरोपी दो बच्चों के पिता पर जरमुंडी थाना में लिखित शिकायत लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले को लेकर जरमुंडी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के आवेदन पर पुलिस मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई हैं। पीडित महिला का मेडिकल कराया गया है।

लगातार तीसरे दिन लोहरदगा ने झेला प्रकृति का कोप

लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लोहरदगा में लगातार तीसरे दिन प्रकृति के कोप का सामना लोगों को करना पड़ा। दो दिन ओलावृष्टि और बारिश के बाद रविवार तड़के तेज हवा के साथ बारिश हुई। इसमें कई घरों के छप्पर उड़ गए। कई जगह पेड़ और डालियां टूटकर गिरने से आवागमन बाधित हुआ। बिजली के तार और उपकरण क्षतिग्रस्त होने से घंटों बिजली बाधित रही। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण इलाकों में भी बारह घंटे से अधिक लगातार बिजली गुल रही। कैरो और आस-पास रविवार को तेज हवा के साथ बारिश होने से कई पेड़ गिर गए। उतका मेन रोड स्थित सीबीएन हॉस्पिटल के पास विशाल काय तुन्द का पेड़ गिर गया, गनीमत कोई जान-माल की क्षति नहीं हुई। वहां पर खड़ी गाड़ियां बाल-बाल बच गई। पेड़ गिरने से तीन घंटे आवागमन बाधित रहा। खंडा जोड़ा पुल के पास भी एक आम का पेड़ सड़क पर गिर गया। इसे भी स्थानीय लोगों द्वारा काटकर हटाया गया। शनिवार को बारिश के साथ हुए ओलावृष्टि और रविवार को तेज हवा से खेती तो नष्ट हुए हैं। आम के मंजर व टिकोरा पूरी तरह झड़ गए हैं। इस बार लोग बीजू आम का मजा नहीं ले सकेंगे। लोहरदगा में सैकड़ों परिवार और किसान सरकारी मदद की बाट जोह रहे हैं। कई गरीब परिवारों के खपरैल घर पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। मरम्मत के बगैर इनमें रहना मुमकिन नहीं। प्रभावित परिवार प्रशासन से जल्द सहायता की गुहार लगा रहे हैं।

केचकी के ट्रैक मेंटेनर बिनोद यादव जीएम अवार्ड से सम्मानित

लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गत 21 मार्च को बिहार के हाजीपुर जोन स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में आयोजित 69 वें रेल सप्ताह समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केचकी के रेलकर्मी बिनोद कुमार यादव (ट्रैक मेंटेनर) को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने प्रशस्ति पत्र और जीएम अवार्ड देकर सम्मानित किया। धनबाद डिविजन के एकमात्र ट्रैक मेंटेनर को जीएम अवार्ड से सम्मानित होने पर केचकी के रेलकर्मियों और आसपास के लोगों ने खुशियों का जहां इजहार किया, वहीं पुरस्कृत और सम्मानित रेलकर्मी बिनोद यादव को हार्दिक बधाई दी।बधाई देनेवालों में केचकी एसएम मनीष केरकेट्टा, प्रमोद कुमार, टिकट बुकिंग प्रभारी उमाशंकर दयाल,समाजसेवी फौजदार सिंह, लोकनाथ सिंह, हजारी सिंह, हरेराम सिंह, उदयशंकर आदि के नाम शामिल हैं।

रामनवमी में डीजे का बहिष्कार करने का लिया निर्णय

लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। श्रीरामनवमी महोत्सव को लेकर सरईडीह शिवमंदिर में रविवार को रामनवमी पूजा समिति की बैठक समाजसेवी अमरेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें रामनवमी महोत्सव काफी धूमधाम से मनाने और डीजे बाजा का पूरी तरह से बहिष्कार करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता,सचिव ऋषिकांत सिंह,कोषाध्यक्ष आशीष कुमार,उपाध्यक्ष राकेश कुमार,कार्यकारिणी सदस्य उमेश प्रसाद,जोखन प्रसाद,प्रकाश सिंह,अरूण सिंह,संजीव गुप्ता,प्रेमचंद प्रसाद आदि शामिल थे।

कोल साइडिंग खुलने के बाद प्रदूषित हुआ डैमः विधायक

लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चंदवा प्रखंड का जगराहा डेम मामले को विधायक प्रकाश राम ने विस सत्र में शून्यकाल के दौरान उठाते हुए डैम का सौंदर्यकरण, गहरीकरण और सफाई की मांग की है। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पिछले 7 वर्षों से लगातार इसमें शैवाल उग रहे थे। डेम का आकार भी सिकुड़ रहा है। इसे तत्काल संरक्षित करने की आवश्यकता है। विधायक ने विधानसभा सत्र में कहा कि डेम के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का टेंडर भी हुआ था ,लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। अब इसे प्रशासनिक उदासीनता ही कहें कि किसी भी प्रशासन के द्वारा अब तक इसमें किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। पिछले 7-8 वर्षों से लगातार यही स्तिथि है। अतिक्रमणकारियों के द्वारा पहले ही डेम की जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया है। इस मामले में आंदोलन भी खूब हुए आंदोलन भी खत्म हो गया और डैम भी खत्म होने के कारगर पर है। बता दें कि जगराहा डेम वर्तमान में अपने वास्तविक आकार के विरुद्ध उसके आधे से भी कम रह गया है। जो डेम में पानी सालों भर रहता था, उस डेम में पानी की जगह शैवाल दिख रहा है। शैवाल उगने की सबसे बड़ा वजह पानी का प्रदूषित होना है। यदि लगातार यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में चंदवावासियों को पाने के लिए तरसना होगा।

जेबीकेएसएस प्रखंड प्रभारी के लिए 31 लोगों ने दिए प्रस्ताव

हजारीबाग/विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की बैठक टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल तथा संचालन विष्णुगढ़ पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल ने किया। इसमें केंद्रीय कमेटी द्वारा मनोनीत प्रभारियों में राजेन्द्र बेदिया, गिरि शंकर प्रसाद तथा दिनेश साहू शामिल हुए। कहा गया कि जिले के सभी प्रखंडों में जेबीकेएसएस कमेटी का विस्तार किया जा रहा है। सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी गठन के बाद प्रखंड कमेटी का गठन किया जाएगा। पंचायत कमेटी गठन की जिम्मेवारी प्रखंड प्रभारियों को सौंपी जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रभारी के लिए 21 के विरुद्ध 31 लोगों ने अपने नाम का प्रस्ताव दिया। प्रभारी दिनेश साहू ने कहा कि प्राप्त नामों को केंद्रीय कमेटी द्वारा समीक्षा के उपरांत 21 सदस्यीय प्रखंड प्रभारी के नामों की घोषणा की जाएगी। प्रभारी राजेन्द्र बेदिया ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के 23 वर्षों के बाद भी झारखंड चारागाह बना हुआ है। मूल निवासी उपेक्षित हैं। युवा बेरोजगार, किसान उपेक्षित तथा पलायन की भयावह स्थिति है। हरेक राजनीतिक दलों ने सिर्फ छलने का काम किया है। इससे उबकर अब लोग टाइगर जयराम महतो को उम्मीद की निगाहों से देख रहे हैं। प्रभारी गिरी शंकर प्रसाद ने कहा कि विष्णुगढ़ आंदोलन की धरती रही है। इसी धरती से बदलाव की शुरूआत करने का संकल्प लें। इसके लिए कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जेबीकेएसएस की विचारधारा को अभी से जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मौके पर उपप्रमुख सरयू पटेल, सुशील महतो, सत्यनारायण महतो, माही पटेल, उपमुखिया पूनम कुमारी, अरबिन्द महतो, रामचंद्र राम, सुजीत कुमार, प्रकाश कुमार, मिताब आलम, प्रदीप कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

गरीबी, बेरोजगारी व कुप्रथाओं को मिटाने का माध्यम है शिक्षा : रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का चेरो जनजाति ने किया सम्मान

पोलपोल में पंचायत स्तरीय राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ का सम्मेलन आयोजित

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होता है। शिक्षा अनमोल धन है। हमे शिक्षा के महत्व को समझना होगा। तभी हम समाज को विकसित कर सकते हैं। उक्त बातें मनिका विधानसभा के विधायक रामचन्द्र सिंह ने कही। वे रविवार को पोलपोल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोरही में पंचायत स्तरीय राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

मौके पर राष्ट्रीय चेरो जनजाति महासंघ ने विधायक रामचंद्र सिंह को सम्मानित किया। महासंघ ने विधायक को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मांदर की थाप पर थिरकते आदिवासी समुदाय के महिला पुरुषों ने मंच तक विधायक को लाया। उन्हें फूल- मालाओं से लाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक भरदुल सिंह व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि गरीबी बेरोजगारी, कुप्रथा मिटाने का एक मात्र माध्यम शिक्षा है। शिक्षा के बिना हम आगे नही बढ़ सकते। एक- एक व्यक्ति अगर समाज सुधार के दिशा में प्रयास करे तो निश्चित रूप से हमारा समाज आगे बढ़ सकता है। कहा कि मेधावी छात्रों के लिए पढ़ाई में पैसा कभी बाधक नही बनेगा। संगठन गरीब मेधावी बच्चों को पढ़ाने का काम करेगा। कहा कि घर मे बैठने से अधिकार नही मिलता। इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी जीवन मे बहुत संघर्ष किया है। यही कारण है कि क्षेत्र की जनता सेवक के रूप में चुनी है। कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि बच्चों को



पढ़ा लिखाकर समाज मे एक अलग पहचान दिलायेंगे । कहा कि भरदुल सिंह ने भी गरीब बंचित लोगो को मदद किया तो आज इनकी पत्नी को पंचायत के प्रतिनिधित्व करने का जनता अवसर दिया है। सभी मेहनत पर विश्वास कीजिए। जनता का आशीर्वाद में बहुत ताकत होती है। प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि चेरो जाति के लोगो का भी प्रतिनिधित्व सभी क्षेत्रों में हो इसके लिए हमसभी को एकजुट होकर काम करना होगा। अभी भी हमारा समाज काफी पिछड़ा है। उन्होंने डायन प्रथा ,बाल विवाह, नशा उन्मूलन के रोकथाम पर बल दिया। साथ ही कहा कि आपको अगर एक टाइम भूखे भी सोना पड़े तो सोये परन्तु बेटा -बेटी को जरूर पढ़ाए। मौके पर राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देना बहुत जरूरी हैं। बेटी को बोझ न समझें। शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। शिक्षित समाज विकसित समाज। मौके पर बीडीओ अरुण सिंह ने कहा कि समाज के लोगो को शिक्षा के साथ साथ कुप्रथा के खिलाफ भी आवाज बुलंद करना होगा। सामुहिक विवाह का प्रचलन बढ़वा देना होगा। तभी हम दहेज जैसी कुप्रथा पर अंकुश लगा सकते हैं। कहा कि हम सजग हो रहे हैं। परंतु अभी भी हमारा प्रतिनिधित्व सभी क्षेत्रों में नही है। ग्रामीण व घरेलू महिला के स्तर को सुधारने में भी कार्य करने की जरूरत है।महिलाओं के साथ पुरुष भेदभाव बंद करे। मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि आज भी हमारे समाज मे कई कुरीति हैं जिसे दूर किये बिना हम आगे नही बढ़ सकते। कहा कि आज भी हमारा समाज डायन प्रथा, नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसे समाजिक कुरीतियों से गुजर रहा है। इसे दूर करने का एक मात्र उपाय शिक्षा है। शिक्षा ही आर्थिक बिपन्नता से मुक्ति दिला सकता है।

मौके पर जिला अध्यक्ष उपाध्याय सिंह ने कहा कि शिक्षित, विकसित व संगठित समाज कैसे हो इस बात को ले हम सभी को मंथन करने की जरूरत है। समाज के कमजोर वर्ग के लोगो को उत्थान में मदद करना जरूरी है। हमे दूसरे समुदाय के लोगो से प्रेरणा लेना चाहिए। मौके पर हृदया सिंह, मृतुन्जय सिंह, मुखिया गुड्डी देवी, पुष्पा देवी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर रबिंद सिंह, राधिका रमन सिंह, जगन सिंह, राजनाथ सिंह, ईश्वरी सिंह, महेन्द सिंह, अभय सिंह ,जितेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह व बलराम सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25 हेतु अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25 हेतु अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को अनुमोदित करना था। उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता एवं



उच्च शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाया जा सके। बैठक के दौरान संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ हीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए गंभीर बीमारी के उपचार हेतु वित्तिय सहायता के लिए प्राप्त लाभुकों के आवेदन पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिससे उन्हें योजना का लाभ दिया जा सके। अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे योजनाओं के लाभार्थियों तक समुचित लाभ पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करें।

किसी भी हाल में एनएचएआई के ठेकेदारों की नहीं चलने दी जाएगी मनमानी : केएन त्रिपाठी

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़े नेशनल हाईवे 139 फोरलेन के निर्माण कार्य को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने रुकवा दिया है। पूर्व मंत्री ने रैयतों को मुआवजा नहीं देने, मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराने व रैयतों को डरा धमकाने का आरोप लगाया। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी निर्माण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कई गांव में हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। कहा कि कंपनी के प्रतिनिधि ग्रामीणों को डरा धमका रहे हैं। कह रहे हैं कि वह मनमानी ढंग से काम करेंगे। जिसे जहां जाना है जाए। कहा कि वह ऐसा नहीं होने देंगे। ग्रामीणों की मांग के अनुसार ठेकेदार को काम करना होगा। क्षेत्र वासियों की



- पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने एनएच 139 फोरलेन निर्माण कार्य को कराया बंद
- कहा : ठेकेदार मनमाने ढंग से कर रहा कार्य, रैयतों को डरा धमकाकर कर रहा परेशान

फ्लाईऐश प्रदूषण फैलाने पर सदर सीओ दर्ज कराएंगे एफआईआर

वार्ता के दौरान सदर सीओ को फ्लाईऐश प्रदूषण फैलाने के आरोप में एफआईआर करने का निर्देश जारी किया गया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि नेशनल हाइवे का निर्माण मनमाने तरीके से हो रहा है । विरोध करने पर ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। ग्रामीणों व जनता की परेशानी को देखते हुए आंदोलन शुरू किया। एक दिन के लिए नेशनल हाइवे के निर्माण कार्य को रुकवाया है। पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने बताया कि वार्ता में 12 बिंदुओं पर सहमति बनी है। निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को रखा जाएगा। सदर सीओ को प्रदूषण फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। रैयतों को मुआवजा दिया जाएगा। कई इलाकों में फ्लाईओवर बनाने पर सहमति बनी है।

जरूरत के हिसाब से सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कहा कि अनियमितता व मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है। इधर पलामू डीसी के कार्यालय में नेशनल हाइवे फोरलेन का कार्य करवा रही कंपनी के प्रतिनिधि ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के साथ बातचीत की। बातचीत में 12 बिंदुओं पर सहमति बनी। त्रिपाठी ने कहा कि एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। अगर 12 बिंदुओं पर कार्य नहीं किया तो पुणः कार्य को रोक दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर बैठक

खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आज समाहरणालय, खूंटी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से संबंधित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा करते हुए जिले में अब तक प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली गई। जीएम, जिला उद्योग केंद्र द्वारा बताया गया कि कुल 178 आवेदनों में से 44 को स्वीकृति दी गई एवं 13 आवेदनों का भुगतान किया गया। जिसपर उप विकास आयुक्त ने लंबित मामलों की समीक्षा कर मार्च 2025 तक स्वीकृत आवेदनों का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं प्रोत्साहन राशि, मार्केटिंग सपोर्ट एवं प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर



चर्चा की गई। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा करते हुए स्टेज-2 सत्यापन की प्रगति पर चर्चा हुई। जीएम जिला उद्योग केंद्र द्वारा बताया गया कि कुल 685 ऑनलाइन आवेदनों में से 522 सत्यापित किए गए। सत्यापित लाभार्थियों को जल्द से जल्द स्टेज-3 प्रशिक्षण एवं सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिए गए। योजना के प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय कारीगरों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु रणनीति तैयार करने को लेकर भी निर्देशित किया गया। बैठक में जीएम जिला उद्योग केंद्र, एलडीएम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कॉर्पियो गाड़ी लूट कर भाग रहे अपराधी गिरफ्तार

स्कॉर्पियो सहित तीन अपराधी गिरफ्तार एक भागने में सफल रहा

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छतरपुर थाना के बटाने डैम के पास एक कला रंग का स्कॉर्पियो (रजिस्ट्रेशन नंबर JH 03व 9999) को लूट कर भाग गए। गाड़ी मालिक ने इसकी जानकारी छतरपुर थाना को दी। गाड़ी मालिक के बताए गए क्षेत्र में गस्ती दल, थाना के पुलिस पदाधिकारी व ग्रामीणों के सहयोग से स्कॉर्पियो गाड़ी लूट कर भाग रहे अपराधकर्मी का पीछा किया गया। अपराधी पुलिस को पीछा करते देखा सिल्दाग के पास गाड़ी सहित रोड पर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। भाग रहे चार में से तीन अपराधकर्मी को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चाकू के साथ पकड़ लिया गया है। स्कॉर्पियो वाहन को भी बरामद कर लिया गया। पकड़ाए सभी अपराधकर्मियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने किया नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम जल्द होगा बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन : सांसद

मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार की रात रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। स्टेशन पर रात्रि 9.47 बजे ट्रेन के आगमन होते ही सांसद ने उक्त ट्रेन को ठहराव हेतु हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगमता होगी। उन्होंने रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से व पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद के साथ अभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वे नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम बाबा वंशीधर के नाम पर बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन करने को प्रयासरत हैं। जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। कहा कि पलामू व गढ़वा जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बनारस, गोरखपुर व लखनऊ के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए वे इन जगहों पर रेलवे पहुंच सुलभ करने को प्रयासरत हैं। जल्द हीं इन जगहों के लिए भी ट्रेन परिचालन के कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। बताया कि देश की राजधानी दिल्ली से पलामू व गढ़वा के लोगों की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से प्रतिदिन ट्रेन का परिचालन करवाने का कार्य करेंगे। कहा कि 200 किलोमीटर लम्बी बरवाडीह -अंबिकापुर चिरमिरी रेल लाइन का डीपीआर बन रहा है। आगे कि करवाई करते हुए रेल लाइन



निर्माण का कार्य भी काम किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेलवे पदाधिकारियों को आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रेलवे एडीआरएम विनीत कुमार, गढ़वा जिला के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, रघुराज पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, शिव नारायण चन्द्रा, विनय चौबे, मुकेश चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, अनुज पाण्डेय, भोला पाण्डेय, पंकज तिवारी, धीरेन्द्र चौबे, कौशल झा, अभिषेक चौरसिया, पियूष तिवारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीगण, रेलवे के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

पलामू प्रमंडल को उप राजधानी बनाना होगा, तभी होगा क्षेत्र का विकास : रूचिर तिवारी

20 सूत्री मांगों को लेकर शहीद मैदान से ले झारखंड विधानसभा के गेट तक हुआ मार्च

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 20 सूत्री मांगों को लेकर शहीद मैदान से लेकर झारखंड विधानसभा के गेट तक मार्च किया। मार्च का नेतृत्व राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पलामू जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, गढ़वा के नेता गणेश सिंह, अभय कुमार भूइंया, उमेश सिंह चेरो, करीमन पासवान आदि ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव डी राजा मौजूद थे। मौके पर भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड बने हुए 25 वर्ष हो गए । परंतु अभी तक झारखंड वासियों के हित में स्थानीय नियोजन नीति नहीं बनी। झारखंड विधानसभा के अंदर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व जसपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई। झारखंड में घर बनाने के लिए बिहार से बालू आ रहा है। परंतु झारखंड का बालू चीनी के भाव हो गया है। रघुवर सरकार का बंद किया गया 5000 सरकारी स्कूलों को अभी तक चालू नहीं किया गया। खेतों में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। झारखंड में बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी है। इस दिशा में कोई ध्यान नहीं है। लाखों नौकरियों की बहाली रिक्त पड़ी है। परंतु इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। शासन- प्रशासन केवल झारखंड की खनिज संपदाओं को अडानी व अंबानी के हाथों लूटाने में मशगूल है। झारखंड के खनिज संपदाओं पर बाहरी पूंजीपतियों का कब्जा बढ़ते जा रहा है। झारखंडवासी व आदिवासी मूल वासियों को दो वक्त का रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। झारखंड सरकार सहित पलामू जिला के ही वित्त मंत्री पलामू की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं।पलामू जिला को उप राजधानी बनाने की बात पिछले बार ही हेमंत सरकार ने की थी। इस विधानसभा मार्च के माध्यम से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड सरकार को आगाह कर रही है कि हमारी 20 सूत्री मांगों पर सुनवाई कर उसको लागू नहीं किया जाएगा तो अबकी बार झारखंड विधानसभा मार्च नहीं बल्कि झारखंड विधानसभा के समीप अनिश्चितकालीन हजारों की संख्या में धरना दिया देंगे।

शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करें जिला प्रशासन : रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा है कि चंदवा मेन रोड के रहने वाले प्रमोद कुमार साहू के मकान में कार जेएच 01ऊ1333 व मलिक सह चंदवा पेट्रोल पंप के मालिक सुजल गनोड़िया ने नशा की हालत में तेज गाड़ी चलाते हुए दीवाल में धक्का मार दिया है। इससे पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में प्रमोद कुमार साहू व उनके स्टाफ बाल बाल बच गए। जिला सचिव तिवारी ने जिला प्रशासन से गाड़ी को पकड़कर उस पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथी ही नशा की हालत में गाड़ी चलाने वाले की जिला प्रशासन नियमित जांच करे। साथ ही उन पर कार्रवाई भी करे।

एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु को मिला 'निक्षय मित्र' सम्मान

हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु को 'निक्षय मित्र' के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय ने की। यह सम्मान एनटीपीसी केरेडारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) केरडारी में पिछले 15 महीनों से 45 टीबी मरीजों को निरंतर पोषण किट और दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए दिया गया। चट्टी बरियातु कोल माइनिंग प्रोजेक्ट अपनी सीएसआर के तहत छह महीनों से 150 टीबी मरीजों को मासिक पोषण बैग प्रदान कर रहा है, ताकि उन्हें उचित पोषण मिले और उनकी स्वास्थ बेहतर हो सके। आज, इन पोषण बैगों का वितरण जिला टीबी अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। मरीजों, उनके परिवारों और स्वास्थ्य विभाग ने परियोजना के निरंतर समर्थन और टीबी से लड़ने के प्रयासों के लिए अपनी आभार व्यक

एनसीसी को बिहार से मिला 1480 करोड़ का प्रोजेक्ट, शेयर के चढ़े भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। एनसीसी को बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन से 1,480.34 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मिला है। इस अपडेट के बाद आज यानी सोमवार 24 मार्च को एननसीसी के शेयरों में शुरुआती कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। इस प्रोजेक्ट में दरभंगा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल कैंपस में मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का रीडेवलपमेंट शामिल है।

शुक्रवार के बंद भाव 206.03 रुपये की तुलना में आज एनसीसी के शेयर एनएसई पर 210



रुपये पर खुले और जल्द ही 214 रुपये पर पहुंच गए। सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास 2.50 पर्सेंट ऊपर 211 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे।

पांच दिन में 14 पर्सेंट से अधिक की उछाल- शेयर मार्केट में पिछले छह दिन रैली के बीच इस स्टॉक में भी उछाल रही। पिछले पांच सत्रों में इसमें 14 पर्सेंट से अधिक की उछाल दर्ज की गई है। जबकि, पिछले एक महीने में इसमें 13 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले छह महीने के इसके प्रदर्शन की बात करें तो इस अवधि में एनसीसी के शेयर 32 पर्सेंट से अधिक लुढ़के हैं।

धैर्य रखने वाले निवेशकों के लिए मल्टीबैगर- इस साल एनसीसी अपने निवेशकों को करीब 24 पर्सेंट का नुकसान करा चुका है। जबकि, पिछले एक साल में 13 फीसद से अधिक टूटा है। हालांकि, धैर्य रखने वाले निवेशकों के लिए एनसीसी का शेयर मल्टीबैगर साबित हुआ है। महज पांच साल में इसने 1120 पर्सेंट का छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। पांच साल पहले यह शेयर 17.30 रुपये का था। इसका 52 हफ्ते का हाई 364.50 रुपये और लो 170.05 रुपये है।

भारत की जीडीपी 10 साल में दोगुना... 105 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 10 साल में बढ़कर दोगुना हो गया है। खास बात है कि 2015 से 2025 की अवधि में जीडीपी के बढ़ने की रफ्तार 105 फीसदी रही है, जो अमेरिका और चीन जैसी दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी तेज है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय जीडीपी का आकार 2015 में 2.1 लाख करोड़ डॉलर था,



जिसके 2025 में बढ़कर 4.3 लाख करोड़ डॉलर पहुंचने का अनुमान है। यह करीब 105 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। 10 साल की इस अवधि में अमेरिका की जीडीपी का आकार 18.3 लाख करोड़ डॉलर से 66 फीसदी बढ़कर 30.3 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। चीन की अर्थव्यवस्था 11.1 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 19.5 लाख करोड़ की हो जाएगी, जो 76 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है। इसी साल जापान और 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देगा भारत

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसकी प्रमुख वजह नीतियों में साहसिक सुधार, मजबूत आर्थिक बुनियाद और व्यापार सुगमता है।

भारत का व्यापार विकास

5 वर्षों में 6 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

● विदेशी कंपनियों का मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ता निवेश भारत के लिए शुभ संकेत ● भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, व्यापार केंद्र बन रहा है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत आने वाले 5 वर्षों में दुनिया के व्यापार में बड़ी भूमिका निभाएगा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के व्यापार विकास में लगभग 6 प्रतिशत का योगदान देगा। इस मामले में वह चीन (12 प्रतिशत) और अमेरिका (10 प्रतिशत) से थोड़ा ही पीछे रहेगा।

डीएचएल ट्रेड एटलस 2025 की रिपोर्ट बताती है कि 5 वर्षों में भारत व्यापार के पैमाने पर तीसरे स्थान पर बना रहेगा। साथ ही व्यापार की गति के मामले में 15 पायदान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच जाएगा। यह एक इतिहास होगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि भारत की सालाना व्यापार वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत से बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो जाएगी।

क्या लिखा है रिपोर्ट में?

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2024 में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 13वां सबसे बड़ा भागीदार था। लेकिन 2019 से 2024 तक इसके व्यापार की मात्रा में 5.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जबकि वैश्विक व्यापार में केवल 2.0 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की तेजी से व्यापार वृद्धि उसकी तेज आर्थिक वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। इसका मतलब है कि भारत की



अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वह दुनिया के साथ ज्यादा व्यापार कर रहा है।

तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

डीएचएल एक्सप्रेस के एसवीपी (साउथ एशिया) आर. एस. सुब्रमण्यन ने कहा, ट्रेड एटलस वैश्विक व्यापार में भारत के तेजी से विस्तार को रेखांकित करता है, जो देश को पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और यह दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार केंद्र बन रहा है। हालांकि, यह भी याद रखना चाहिए कि दुनिया की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

यहां भारत चीन से रहा आगे

रिपोर्ट में एक दिलचस्प बात यह भी कही गई है कि चीन को अक्सर भारत की तुलना में अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था माना जाता है। लेकिन 2023 में भारत का माल व्यापार-से-जीडीपी अनुपात लगभग चीन जितना ही था। इतना ही नहीं, जब वस्तुओं और सेवाओं दोनों में व्यापार की बात आती है तो भारत की व्यापार तीव्रता चीन से भी अधिक थी। इसका मतलब है कि भारत व्यापार के मामले में चीन से पीछे नहीं है।

विदेशी कंपनियां कर रहीं निवेश

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के भविष्य के व्यापार विकास के लिए ज्यादा उम्मीदें हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि विदेशी कंपनियां भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश करने के लिए बड़ी रकम लगा रही हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में भारत ग्रीनफील्ड विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए दुनिया में अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य। विदेशी कंपनियां भारत में नए कारखाने और व्यवसाय स्थापित कर रही हैं, जिससे भारत का व्यापार और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है।

कमाई के मामले में नंबर 1 है गुजरात के भरथाना का टोल प्लाजा

एनएच-48 पर बने इस प्लाजा की सालना कमाई 400 करोड़ रुपये है

राजस्थान में सबसे ज्यादा 156 टोल, लेकिन कमाई में उप्र नंबर 1

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में महंगे टोल को लेकर अक्सर लोगों की शिकायत रहती है। क्या आप जानते हैं कि देश में सबसे ज्यादा कमाई किस टोल प्लाजा पर होती है? इसका जवाब है गुजरात के भरथाना गांव में बना टोल प्लाजा। यह टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर बना है जो राजधानी दिल्ली को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से जोड़ता है। यह देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला



टोल प्लाजा है। यह टोल प्लाजा हर साल लगभग 400 करोड़ रुपये कमाता है। यह पिछले पांच साल का औसत है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 देश का सबसे व्यस्त रूट है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने लोकसभा में कुछ जानकारी दी। एनएच-48 के जरिए उत्तरी भारत के राज्यों से सामान पश्चिमी तट के पोर्ट्स तक जाता है। देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला दूसरा टोल प्लाजा भी इसी एनएच पर है। राजस्थान के शाहजहांपुर में ह॥-48 पर बना टोल प्लाजा हर साल 378 करोड़ रुपये कमाता है। सरकारी जानकारी के अनुसार भारत में 1,063 टोल प्लाजा हैं। इनमें से 14 टोल प्लाजा हर साल 200 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाते हैं। अभी देश में 1.5 लाख किलोमीटर के एनएच नेटवर्क में से लगभग 45,000 किलोमीटर पर टोल लगता है। इसमें नए बने एक्सप्रेसवे भी शामिल हैं।

कैसे बढ़ी कमाई

पिछले पांच साल में कई नए राजमार्ग बने हैं जिन पर टोल लगता है। फास्टटेग के इस्तेमाल से टोल की चोरी भी कम हुई है। इसलिए टोल से होने वाली कमाई बहुत बढ़ गई है। साल 2019-20 में टोल से 27,504 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। पिछले साल यह कमाई बढ़कर 55,882 करोड़ रुपये हो गई। सरकार के आंकड़ों के अनुसार लोगों ने पिछले पांच साल में टोल के रूप में 1.9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिए हैं। लेकिन यह रकम राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए खर्च होने वाले बजट का सिर्फ पांचवां हिस्सा है। सरकार केवल उन्हीं राजमार्गों पर टोल लगाती है जो कम से कम ढाई लेन के हों। सरकार ज्यादा से ज्यादा राजमार्गों पर टोल लगाना चाहती है ताकि उसकी कमाई बढ़ सके।

किस राज्य में हैं सबसे ज्यादा टोल प्लाजा

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 97 टोल प्लाजा हैं। इन टोल प्लाजा ने पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा 22,914 करोड़ रुपये की कमाई की है। वहीं राजस्थान में सबसे ज्यादा 156 टोल प्लाजा हैं। इन टोल प्लाजा ने 20,308 करोड़ रुपये की कमाई की है। आमतौर पर, उन टोल प्लाजा पर ज्यादा कमाई होती है जो पोर्ट्स और इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्रों को जोड़ने वाले ह॥ पर बने होते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा, इन टोल प्लाजा पर ज्यादातर कमर्शियल गाड़ियां आती हैं।

3 एक्सपर्ट्स के सुझाए 7 शेयरों की खरीदारी में है समझदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। चॉइस ब्रोकिंग के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सुमित बगड़िया ने आज के लिए दो स्टॉक पिक की सलाह दी है। आनंद राठी के सीनियर मैनेजर (टेक्निकल रिसर्च) गणेश डोंगरे ने तीन शेयरों का सुझाव दिया है, जबकि प्रभुदास लीलाधर के सीनियर मैनेजर (टेक्निकल रिसर्च) शिजू कूथुपलक्कल ने दो शेयरों का सुझाव दिया है। इनमें एनटीपीसी लिमिटेड, गेल इंडिया लिमिटेड, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स), जिंदल सॉ लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड और राइट्स शामिल हैं।

सुमित बगड़िया के शेयर- एनटीपीसी लिमिटेड- बगड़िया ने 376 रुपये के टार्गेट प्राइस के लिए एनटीपीसी को 351.30 पर खरीदने की सलाह दी है। इसका स्टॉप लॉस 339 रुपये पर रखने की सिफारिश की है।

गेल इंडिया लिमिटेड- बागड़िया ने गेल इंडिया लिमिटेड को 188 के टार्गेट प्राइस के लिए 168 रुपये पर स्टॉप लॉस रखते हुए 175.05 पर खरीदने की सलाह दी है।

मुकेश अंबानी की रिलायंस को पीछे छोड़ आगे निकली आईसीआईसीआई बैंक

पिछले हफ्ते कमाई का बना डाला रेकॉर्ड!

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले हफ्ते शेयर मार्केट में तेजी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल आया। मार्केट में तेजी आने से देश की टॉप कंपनियों की भी कमाई बढ़ गई। पिछले हफ्ते की कमाई के मामले में आईसीआईसीआई बैंक ने मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को पीछे छोड़ दिया है। पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा कमाई के मामले में आईसीआईसीआई बैंक पहले स्थान पर रहा।

पिछले हफ्ते भारत की टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 का



मार्केट कैप 3,06,243.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इक्विटी बाजार में तेजी के कारण यह उछाल आया। आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में अच्छा माहौल रहा। बीएसई सेंसेक्स 3,076.6 अंक (4.16 फीसदी) ऊपर गया। वहीं एनएसई निफ्टी में भी 953.2 अंक (4.25 फीसदी) की तेजी आई।

किसे हुआ कितना फायदा?

पिछले हफ्ते आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू सबसे ज्यादा बढ़ी। इसने 64,426.27 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मार्केट कैप 9,47,628.46 करोड़ रुपये हो गया। कमाई के मामले में इसके बाद भारती एयरटेल का नंबर रहा। इसका मार्केट कैप 53,286.17 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,354.44 करोड़ रुपये हो गया। वहीं एचडीएफसी बैंक की वैल्यू 49,105.12 करोड़ रुपये बढ़ी। अब इसका कुल मार्केट कैप 13,54,275.11 करोड़ रुपये है।

रिलायंस की कितनी हुई कमाई?

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 39,311.54 करोड़ रुपये कमाए। इससे इसकी वैल्यू 17,27,339.74 करोड़ रुपये हो गई। वहीं बजाज फाइनेंस ने 30,953.71 करोड़ रुपये जोड़े और 5,52,846.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मार्केट कैप 24,259.28 करोड़ रुपये बढ़कर 12,95,058.25 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 22,534.67 करोड़ रुपये का फायदा हुआ। अब इसकी वैल्यू 6,72,023.89 करोड़ रुपये है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,823.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,28,058.89 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस ने 5,543.9 करोड़ रुपये जोड़े। इससे इसका मार्केट वैल्यूएशन 6,61,364.38 करोड़ रुपये हो गया। इस कंपनी को हुआ नुकसान देश की टॉप 10 कंपनियों में से 9 को फायदा हुआ। वहीं एक कंपनी ऐसी भी रही जिसे मार्केट में तेजी के बावजूद नुकसान हुआ। इस कंपनी का नाम आईटीसी है। पिछले हफ्ते आईटीसी की मार्केट वैल्यू 7,570.64 करोड़ रुपये घटकर 5,07,796.04 करोड़ रुपये रह गई।

मस्क की एंट्री से पहले टेलीकॉम कंपनियों को मिलेगी माफी!

नई दिल्ली, एजेंसी। टेलीकॉम कंपनियों के लिए गुड न्यूज है। सरकार उन्हें हजारों करोड़ रुपये की राहत देने की तैयारी में है। उनका स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज माफ किया जा सकता है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। यह माफी उन एयरवेव्स पर मिलेगी, जो सितंबर 2021 से पहले नीलामी में खरीदे गए थे। इससे सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। साथ ही भारती एयरटेल और रिलायंस जियो जैसी कंपनियों को भी 5त सर्विस को बढ़ाने और टेलीकॉम नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

जून 2022 में सरकार ने फैसला किया था कि 15 सितंबर, 2021 के बाद नीलाम किए गए बैंडविड्थ पर एसयूसी नहीं लगेगा। यह नियम अलग-अलग फ्रीक्वेंसी पर लागू था। लेकिन इससे पहले नीलाम किए गए स्पेक्ट्रम पर कोई फैसला नहीं लिया गया था।

एक सूत्र ने कहा कि 2022 से पहले नीलाम किए गए स्पेक्ट्रम पर एसयूसी माफ करने की योजना को जल्द ही मंजूरी मिल सकती है। सरकार चाहती है कि टेलीकॉम कंपनियों का नेटवर्क विस्तार का काम तेजी से चलता रहे। इसलिए यह राहत दी जा रही है।

किसे होगा सबसे ज्यादा फायदा

सरकार को लगता है कि नीलामी में एयरवेव्स की अच्छी कीमत मिल गई है। कई बार बोलियां बहुत ऊंची लगीं। इसलिए अब कंपनियों पर



स्पेक्ट्रम के लिए और टैक्स लगाने की जरूरत नहीं है। कंपनियों को एसयूसी के अलावा लाइसेंस फीस भी देनी होती है। यह फीस कंपनियों के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू का 8 प्रतिशत होती है। इसमें से 5 प्रतिशत यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड में जाता है। एसयूसी कंपनियों के क्त्रक का लगभग 3-4 प्रतिशत होता है। सूत्र ने बताया कि इस मामले पर टेलीकॉम विभाग और संबंधित मंत्रालयों में चर्चा हो चुकी है। जल्द ही एसयूसी माफी की घोषणा हो सकती है। वोडाफोन आइडिया को इस फैसले से सबसे ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है।

स्टारलिंक की एंट्री

यह छूट ऐसे समय में दी जा रही है जब दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत के टेलीकॉम सेक्टर में एंट्री करने जा रही है। स्टारलिंक दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सेवा दे रही है। कंपनी की भारत में 2 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है। लोकल कंपनियों को एसयूसी से पूरी तरह छूट मिलेगी लेकिन स्टारलिंक को अपने स्पेक्ट्रम पर टैक्स देना होगा।

सूत्रों का कहना है कि स्टारलिंक और अन्य सैटेलाइट ऑपरेटरों से एसयूसी इसलिए मांगा जा रहा है, क्योंकि उन्हें स्पेक्ट्रम नीलामी के बजाय प्रशासनिक आधार पर मिलेगा। जिस कंपनी को सरकार से तय कीमत पर स्पेक्ट्रम मिलेगा, उसे उस पर टैक्स देना होगा। अगर कोई कंपनी नीलामी में स्पेक्ट्रम खरीदती है, तो उसे एसयूसी नहीं देना होगा। लेकिन अगर कोई कंपनी सरकार से सीधे स्पेक्ट्रम लेती है, तो उसे एसयूसी देना होगा। सरकार का कहना है कि यह नियम सभी कंपनियों के लिए बराबर है। इससे सरकार को रेवेन्यू मिलेगा और टेलीकॉम सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी।

अब तक मिलीं 11.5 लाख नौकरियां, 1.61 लाख करोड़ का निवेश, 14 लाख करोड़ का हुआ उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में विनिर्माण बढ़ाने के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत नवंबर, 2024 तक कुल 1.61 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। साथ ही, 11.5 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) मिली हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, 1.61 लाख करोड़ रुपये के निवेश से करीब 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ, जबकि 5.31 लाख करोड़ रुपये के निर्यात करने में मदद मिली है। सरकार ने योजना के तहत चालू वित्त वर्ष 2024-25 में



15.52 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा, केंद्र सरकार ने 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 764 आवेदनों को मंजूरी दी है। इसमें बल्क ड्रग्स, मेडिकल डिवाइस, फार्मा, दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल्स और ड्रोन जैसे क्षेत्रों के पीएलआई लाभार्थियों में 176 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं।

विशेष इस्पात के लिए 35 कंपनियों ने दिखाई रुचि- सरकार को विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के दूसरे दौर में 25,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता के साथ 35 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्पात मंत्रालय इन कंपनियों के चयन और उनके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 24-03-2025 21:34 Page 1

हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर ग्रामीण का रेता गला

- क्षेत्र में नक्सलियों की धमक से लोगों में दहशत
- दर्जन भर थे हथियारबंद लोग, क्षेत्र में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चक्रधरपुर। पश्चिम सिंहभूम के छोटा नागरा थाना क्षेत्र में हथियार बंद नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गला रेत कर हत्या कर दी है। जिसकी हत्या की गई है उसे नक्सलियों का ही साथी बताया जा रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में दहशत कायम है। इस संबंध में कोई भी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छोटानागरा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र दीकुपोंगा गांव निवासी तुपरा होनाहोगा के घर रविवार की देर रात्रि दर्जनों की संख्या में हथियारबंद नक्सलियों ने तुपरा होनाहोगा के घर को घेर लिया। उसके बाद उसे हथियार के बल पर घर से उठाकर दोलैईगाड़ा के पास नदी किनारे ले गए। उसके बाद उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। नक्सली की हत्या होने की खबर गांव में फैलते ही किसी ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के समय पर घटना स्थल पर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने मृतक तुपरा होनाहोगा के शव को उठाकर दफना दिया है। इलाके में सक्रिय नक्सली गतिविधियों को इसी से समझा जा सकता है। ऐसे में ग्रामीण बड़ी संख्या में इलाके में नक्सलियों को घूमता देख डरे और सहमे हुए हैं।

इस बीच एक ग्रामीण की नक्सली द्वारा हत्या कर दिए जाने के बाद ग्रामीणों मे और ज्यादा खौफ है। नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या क्यों की? इस पूरे मामले की स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं मिल पाई है। दरअसलस तुपरा होनाहोगा कुछ माह पहले नक्सली कनेक्शन के एक मामले में जेल से बाहर आया था।

वह एक राजनीतिक दल का सदस्य भी था, ऐसे में नक्सलियों ने उसकी हत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है। बरहाल इस संबंध में अब तक न पुलिस कुछ बोल पा रही है और न ही ग्रामीण।

निकाय चुनाव पर संकट के बादल

नहीं सुलझ रही ट्रिपल टेस्ट की गुत्थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड में नगर निकाय चुनाव की राह में ट्रिपल टेस्ट की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही।

विधानसभा में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को सरकार से सवाल किया कि 16 मई, 2025 को चार माह की वह अवधि पूरी हो रही है, जो सरकार ने उच्च न्यायालय को शपथ पत्र में चुनाव कराने के लिए मांगी थी। मगर अभी तक सिर्फ 21 जिलों में ही ट्रिपल टेस्ट का सर्वे पूरा हुआ है। ऐसे में क्या सरकार समय पर चुनाव करा पाएगी, या फिर अदालत से एक बार फिर समय मांगने की नौबत आएगी? विभागीय मंत्री ने भरोसा तो दिया, लेकिन हकीकत यह है कि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया अधूरी होने से चुनाव फिर टलने की आशंका प्रबल हो चली है।

ट्रिपल टेस्ट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत नगर निकाय चुनाव से पहले सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था तय की जाती है।


इसके तीन चरण होते हैं- सर्वेक्षण, डेटा विश्लेषण और अंतिम निर्णय। यह सुनिश्चित करता है कि पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिले।

मगर इस जटिल प्रक्रिया में समय और संसाधन दोनों की भारी आवश्यकता होती है, जो झारखंड सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है।

सरयू राय ने विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के जरिए सरकार से पूछा कि उच्च न्यायालय को दिए गए शपथ पत्र में 16 जनवरी से चार माह के भीतर चुनाव कराने का वादा किया गया था।

अब जबकि 16 मई नजदीक है, राज्य के 24 में से सिर्फ 21 जिलों में ही सर्वे पूरा हो सका है। तीन जिलों में सर्वे अब भी अधूरा है।

इसके बाद भी ट्रिपल टेस्ट का



अंतिम निर्णय लेने के लिए सरकारी विभागों को कई प्रक्रियाओं से गुजरना बाकी है। ऐसे में समय पर चुनाव की घोषणा कैसे संभव होगी, यह सवाल अनुत्तरित है।

विभागीय मंत्री ने विधानसभा में दावा किया कि हर हाल में ट्रिपल टेस्ट पूरा कर समय पर चुनाव करा लिया जाएगा। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, तो उच्च न्यायालय से और समय मांगा जाएगा।

यह दोहरा रुख नगर निकाय चुनाव के भविष्य पर संदेह पैदा करता है। विधायक सरयू राय ने चेतावनी दी कि यदि ट्रिपल टेस्ट समय पर पूरा नहीं हुआ, तो पंचायत चुनाव की तरह नगर निकाय चुनाव भी ठंडे बस्ते में जा सकते हैं।

नगर निकाय चुनाव की घोषणा आमतौर पर मतदान से एक माह पहले होती है। यानी 16 अप्रैल तक तारीख तय हो जानी चाहिए। मगर ट्रिपल टेस्ट की धीमी गति को देखते हुए यह लक्ष्य असंभव-सा लगता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को या तो प्रक्रिया में तेजी लानी होगी, या फिर अदालत के सामने समय विस्तार की गुहार लगानी पड़ेगी।

जनता के बीच बढ़ती बेचैनी और विपक्ष के तीखे सवालों के बीच सरकार की कसौटी अभी बाकी है। नगर निकायों का यह चुनाव न केवल स्थानीय प्रशासन को मजबूत करने के लिए जरूरी है, बल्कि यह सरकार की प्रशासनिक क्षमता का भी परिचायक है।

क्या झारखंड की जनता को समय पर चुने हुए प्रतिनिधि मिलेंगे, या ट्रिपल टेस्ट की उलझन में यह सपना एक बार फिर अधूरा रह जाएगा? समय ही इसका साक्षी होगा।

फिर गरमाया बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड की राजनीति में एक बार फिर बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा गरमा गया है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने जामताड़ा में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की।

उन्होंने झारखंड सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है और उनकी जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने मांग की कि जो लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं, उन्हें आरक्षण से वंचित कर दिया जाना चाहिए।

चंपाई सोरेन ने संथाल परगना के जामताड़ा में एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी विरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, अबुआ सरकार (हमारी सरकार) ही आदिवासी समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या के कारण आदिवासी समाज अपने ही राज्य में अल्पसंख्यक बनने की कगार पर है।

उन्होंने आदिवासी समाज से बिरसा मुंडा की तरह उलगुलान करने का आह्वान करते हुए कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकना ही झारखंड की अस्मिता को बचाने का एकमात्र उपाय है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं को बहला-फुसलाकर उनसे विवाह कर रहे हैं और उनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। इसके बाद उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। उन्होंने कहा, ₹जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, उन्हें आदिवासी आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण सिर्फ उन आदिवासियों के लिए होना चाहिए जो अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बनाए रखते हैं।

झारखण्ड में ग्लास ब्रिज का होगा निर्माण, सैलानी होंगे आकर्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पतरातू, दशम तथा नेतरहाट में स्काई वाक अर्थात ग्लास ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इसके निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के लिए कंसलटेंट का चयन किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नेतरहाट में दो ग्लास ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

एक ग्लास ब्रिज का निर्माण नेतरहाट के मैगनोलिया प्वाइंट तथा दूसरा नेतरहाट के ही कोयल व्यू प्वाइंट में होगा। इस तरह, कुल चार ग्लास ब्रिज का निर्माण दो पैकेजों में होगा। पहले पैकेज में नेतरहाट के दोनों प्वाइंट में ग्लास ब्रिज का निर्माण होगा तो दूसरे पैकेज के तहत पतरातू घाटी के व्यू प्वाइंट तथा दशम फाल में इसका निर्माण होगा। राज्य सरकार ने चारों जगहों पर



ग्लास ब्रिज के निर्माण से जुड़े सभी कार्यों की जिम्मेदारी पथ निर्माण विभाग को सौंपी है।

इसी विभाग द्वारा चारों ग्लास ब्रिज के निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

कंसलटेंट डीपीआर निर्माण के साथ-साथ इनके निर्माण से संग्रहित होनेवाले राजस्व का भी आकलन करेगा। डीपीआर तैयार करने में पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इसके निर्माण से वनों एवं वन्य जीवों को कोई नुकसान न हो, इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसे लेकर भी अध्ययन कंसलटेंट को करना है।

इसके द्वारा तैयार होनेवाली डीपीआर की स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन ग्लास ब्रिज का डायमेंसन तय कर दिया गया है।

दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय महोत्सव का आयोजन

उद्योग मंत्री ने किया शिरकत, कहा- सहकारिता में 35% अनुदान का प्रावधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। सूबे के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव दो दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय महोत्सव में शिरकत की।

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में कहा कि राज्य में खाद्य पदार्थों का उत्पादन, पैकेजिंग और ब्रांडिंग करने का कार्य छोटे स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में करें, ताकि हमारा झारखंड आत्मनिर्भर हो सके।



दो दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय महोत्सव में पहुंचे उद्योग मंत्री ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनियों (पीएफसी), सहकारिता, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को परियोजना लागत का 35% की दर से तीन करोड़ रुपये और अधिकतम दस करोड़ तक की अधिकतम अनुदान का प्रविधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे स्वयं सहायता समूह, जो खाद्य पदार्थों का प्रसंस्करण करते हैं और उन्हें पूंजी की आवश्यकता है तो प्रारम्भिक तौर पर उनके फेडरेशन के स्तर पर प्रत्येक सदस्य को चालीस हजार रुपये की दर से पूंजी देने का प्रविधान है।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री संजय यादव ने कारोबारी राहुल अग्रवाल को 27 लाख रुपये, राजेश कुमार को 13.58 लाख, अनीस सेठी को 48.60 लाख, ब्रह्मचारी को 5.45 लाख, जावेद अख्तर समेत मीतु राय, वीरेन गांगुली भोलानाथ उरांव आदि को चेक देकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और बैंक ऑफ इंडिया को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर हौसला बढ़ाया गया।

लापरवाही के आरोप में थाना प्रभारी निलंबित

एक्शन में दिखा पुलिस प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश ने सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार को निलंबित कर दिया है।

अंचित कुमार पर मुकदमों से जुड़े हुए ई-साक्ष्य को अपलोड करने में लापरवाही बरतने का आरोप है। दरअसल पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश मुकदमे से जुड़े हुए ई साक्ष्य की समीक्षा कर रहे थे।इस दौरान उन्होंने पाया कि पलामू जिले में 11 मुकदमों से जुड़े हुए ई साक्ष्य का डाटा अपलोड नहीं किया गया है। जबकि लातेहार में 28 और गढ़वा में सात मुकदमों से जुड़े हुए डाटा को अपलोड किया गया था।

डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि ई साक्ष्य को अपलोड करने में लापरवाही बरती गई थी। जिसके कारण निलंबित किया गया है।

पलामू, गढ़वा व लातेहार के सभी पुलिस अधिकारियों को ई साक्ष्य अपलोड करने को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि माह में दो बार इसकी समीक्षा की जाती है।समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने का मामला सामने आया था।

इधर, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने अंचित कुमार के थाना प्रभारी के पद से निलंबित होने के बाद सब इंस्पेक्टर विश्वनाथ कुमार राणा को सतबरवा का थाना प्रभारी बनाया है। एसपी ने सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर मनातू थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार गुप्ता को थाना प्रभारी बनाया गया है। उधर, नावाबाजार (पलामू) प्रखंड निवासी सैयद तुफैल अहमद के 25 वर्षीय बंदी पुत्र महफूज अहमद की कथित पुलिस की पिटाई से मौत हो गई। वह



रांची रिम्स में इलाजरत था।

जानकारी के अनुसार लूट कांड के आरोपित महफूज अहमद को जेल भेजा गया था। वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था।

मृतक की मां सलमा बीबी ने नावा बाजार थाना प्रभारी को आरोपित बनाया है। कहा कि थाना प्रभारी ने टार्चर कर उसके बेटा का अधमरा कर दिया था।

इसके बाद जेल भेज दिया गया था। पिटाई के प्रभाव से जेल में उसकी तैबीयत खराब हो गई। इलाज के दौरान उसके बंदी बेटा की रिम्स में मौत हो गई। इस मामले को लेकर सलमा ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था।पूरे मामले की जानकारी देते हुए न्याय की फरियाद की थी। इस मामले को झारखंड विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता बाबू लाल मरांडी ने सदन में उठाया था।

करंट लगने से नवविवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गावां (गिरिडीह)। सोमवार सुबह गावां थाना क्षेत्र के बिरने गांव में एक हृदयविदारक घटना घटी। रसोई की सफाई के दौरान 20 वर्षीय सुधा कुमारी करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, सुधा कुमारी रसोई घर की सफाई कर रही थी। वह नंगे पैर थी और स्विच बोर्ड को पानी से धो रही थी, तभी अचानक बिजली का झटका लगा और वह अचेत होकर गिर गई। पानी और बिजली के खतरनाक मेल ने उसकी जान ले ली।

यह घटना हमें बिजली से जुड़े उपकरणों के इस्तेमाल में लापरवाही के गंभीर नतीजों की ओर इशारा करती है। कई लोग सफाई या रखरखाव के दौरान बिजली उपकरणों को गीले हाथों से छू लेते हैं, जिससे जानलेवा घटनाएं हो सकती हैं। सुधा कुमारी की शादी महज आठ महीने पहले हुई थी। एक साधारण दिन की सफाई उसकी जिंदगी का आखिरी दिन बन जाएगी, यह किसी ने नहीं सोचा था। सुधा की मौत के बाद घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा एक बड़ी सीख देता है कि बिजली से जुड़े उपकरणों को लेकर कोई भी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। घर में सुरक्षा के ये छोटे-छोटे उपाय बड़ी अनहोनी से बचा सकते हैं।

इधर दूसरी ओर रंका थाना क्षेत्र के सोनदाग गांव में रविवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय बालकुमार भुइयां पिता स्व.महावीर भुइयां की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बालकुमार भुइयां अपने घर में खराब हुए बिजली लाइन को दुरुस्त करने के लिए तार जोड़ रहे थे।

इस दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्वजन आनन-फानन में उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पार्किंग शुल्क में अप्रत्याशित वृद्धि, रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

साहिबगंज। रेलवे स्टेशन के पार्किंग शुल्क में चार गुना वृद्धि कर दी गई है। इससे टोटो चालक परेशान हैं। पूर्व में रेलवे स्टेशन परिसर में टोटो के प्रवेश करने पर शुल्क के रूप में 10 रुपया देना होता था लेकिन अब इसे सीधे 40 रुपया कर दिया गया है। यानी कोई टोटो किसी यात्री को छोड़ने रेलवे स्टेशन जाता है तो उसे 40 रुपये चुकाने पड़ते हैं।

यानी पार्किंग शुल्क के मामले में साहिबगंज ने पटना व रांची जैसे शहरों को भी पीछे छोड़ दिया है। पटना में रेलवे स्टेशन परिसर में चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर 50 रुपया शुल्क देना पड़ता है। यहां ऑटो से पूर्व में 30 रुपया लिया जाता था जिसे बढ़ाकर 40 रुपया कर दिया गया है।

हद तो यह कि रेलवे स्टेशन के सामने से गुजरने वाले आटो व टोटो को रोककर भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा संख्या: एम-716-पीएम10-सीएएमसी-सीएनआई-बीकेएससी, दिनांक: 20.03.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से डीआरएम (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** "एसएसई/सी एंड डब्ल्यू/पुरुलिया के अधीन चांडिल में और एसएसई/सी एंड डब्ल्यू/बोकारो स्टील सिटी के अधीन बोकारो में आद्रा मंडल में स्थापित पीएम 10 एनालाइजर सिस्टम (कुल- 03 अदद) हेतु तीन वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध"। **विभागीय मूल्य: ₹** 18,05,400 (18% की दर से जीएसटी सहित)। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय **11.04.2025 को सुबह 11.00 बजे है** तथा निविदा **दिनांक 11.04.2025 को सुबह 11.00 बजे** के बाद खोली जाएगी। ई-निविदा का विवरण कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **(PR-1264)**

निविदा सूचना संख्या: ईएलआईएन-25-व्हीकल हायरिंग-जीईएम/04/टीएन, दिनांक: 22.03.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीएमई/टीआरएस/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे, बोकारो निम्नलिखित कार्य हेतु **निविदा संख्या/जीईएम बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/6076585, दिनांक: 22.03.2025** के तहत बोलियां आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** दो वर्षों की अवधि के लिए डीईई/टीआरएस/ईएलआईएन के आधिकारिक उपयोग हेतु मासिक आधार पर कैब और टैक्सी को किराए पर लेने की सेवा- एसयूवी; 1250 किमी. प्रति माह; आउटस्टेशन 24*7। **स्थान का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा मूल्य: ₹** 8,54,400। **बयाना राशि: ₹** 17,088। **अनुबंध की अवधि:** 02 वर्ष। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **निविदादाता द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तारीख और समय:** 14.04.2025 को सुबह 11.00 बजे तक। **निविदा खोलने की तारीख/ समय:** 14.04.2025 को सुबह 11.30 बजे। निविदा दस्तावेज का विवरण सरकारी **ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) वेबसाइट यानी www.gem.gov.in** पर उपलब्ध होगा। **(PR-1265)**

मंडरो में फैला ब्रेन मलेरिया का कहर, दहशत

दस दिनों में पांच बच्चों की हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मंडरो (साहिबगंज)। साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड स्थित आदिम जनजातियों के गांव नगरभिट्ठा में ब्रेन मलेरिया फैल गया है। इस बीमारी की चपेट में आने से पिछले 10 दिनों में इस गांव के पांच बच्चों की मौत हुई है। गांव के दर्जनभर बच्चे व युवक अब भी बीमार हैं, जिनके रक्त की जांच रविवार को कराई गई।

जांच रिपोर्ट में सभी में ब्रेन मलेरिया की पुष्टि हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम वहां कैंप कर रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गत 12 मार्च को सबसे पहले चांदू पहाड़िया के दो वर्षीय पुत्र जीता पहाड़िया की मौत हुई थी। लोगों ने इसे सामान्य मौत माना और उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

पुनः 19 मार्च को असना पहाड़िया के पांच वर्षीय पुत्र विकास पहाड़िया चल बसा। इसके दो दिन बाद 22 मार्च को दो व 23 मार्च को एक और बच्चे की मौत हो गई। मृतकों में गुल्ली पहाड़िया के चार वर्षीय पुत्र बेफरे पहाड़िया, बिजु पहाड़िया के दो वर्षीय पुत्र एतवारी पहाड़िया व सोमरा पहाड़िया की तीन वर्षीय पुत्री सजनी पहाड़िन शामिल हैं।

इधर, इसके बाद रविवार को ग्राम प्रधान ने घटियारी गांव के झामुमो कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दी तो कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त हेमंत सती को मामले से अवगत कराया तो उपायुक्त ने तत्काल स्वास्थ्य टीम नगरभिट्ठा भेजकर बीमार बच्चों का रक्त संग्रह कराकर उनकी जांच कराई। ग्रामीणों के अनुसार सभी बच्चों के सिर में दर्द था। उल्टी-दस्त के बाद बेहोशी छाने लगी और अंततः मौत हो गई।

गांव की छह वर्षीय रुती पहाड़िन, तीन वर्षीय दिनेश पहाड़िया, चार वर्षीय अरुण पहाड़िया, पांच वर्षीय मीना पहाड़िया, दो वर्षीय जोनी पहाड़िन, पांच वर्षीय दानियाल पहाड़िया, आठ वर्षीय मनोज पहाड़िया, आठ वर्षीय गुलाबी पहाड़िया, 20 वर्षीय पति पहाड़िया, 27 वर्षीय चुनी पहाड़िन सहित दर्जन भर बच्चे एवं युवक अब भी बीमार हैं। स्वास्थ्य टीम ने 32 महिला- पुरुष एवं बच्चों का रक्त संग्रह कर जांच के लिए भेजा है।

स्वास्थ्य टीम में सीएचओ रवि कुमार जाटव, नीतीन चतुर्वेदी, एमपीडब्ल्यू डोमन मंडल, दिनेश कुमार, बीपीएम अमन भारती, शांति लता हेंम्ब्रम आदि शामिल थे।

बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान

गुमला। जिले में गुरुवार की शाम मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया। बेमौसम बारिश के कारण न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। इसके साथ ही लोगों को गर्मी के सितम से राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 21 और 22 मार्च को भी बारिश होने की संभावना है। गुरुवार की शाम आसमान में बादल छाने लगे और शाम में रिमझिम बारिश हुई। बारिश के कारण लगभग आधा घंटा वाहनों के पहिए थम गए। सड़कों में सन्नाटा पसर गया, बिजली गुल हो गई। यह वर्षा गुमला के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हुई। चैनपुर में रिमझिम वर्षा के साथ वज्रपात की घटना हुई, जिसमें एक छात्रा की मौत हो गई। लोहरदगा में मौसम में बदलाव हुआ है, जिले का तापमान फिर एक बार नीचे आ गया है। पिछले एक सप्ताह से लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा था, लेकिन गुरुवार को अचानक से बादल घिर आए और बारिश शुरू हो गई। हालत ऐसी थी कि दिन के समय ही अंधेरा हो गया था और लोगों को वाहन चलाते समय लाइट जला कर चलना पड़ रहा था।

अगले वित्तीय वर्ष में जाति जनगणना का मिला आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने जाति जनगणना पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 17 फरवरी 2024 को सरकार ने निर्णय लिया था, जिसके बाद एक साल का समय बीत गया है। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि प्रदेश में जाति गणना प्रक्रियाधीन है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव द्वारा जाति जनगणना को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि झारखंड में जातीय सर्वेक्षण होगा, जाति गणना प्रक्रियाधीन है।

इस पर श्री यादव ने कहा कि सरकार किस एजेंसी से सर्वेक्षण कराएगी स्पष्ट करे। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में झारखंड में जातीय सर्वेक्षण होगा। स्पीकर ने जातीय सर्वेक्षण पर सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि इस धन रोपनी, धनकटनी के समय का ख्याल रखें। झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि 16 मई के पहले नगर निकाय चुनाव हो जाएगा। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि 21 जिले में ट्रिपल टेस्ट पूरा हो चुका है।

ओबीसी को आरक्षण भी देंगे, संभव हुआ तो समय भी लेंगे। सभी जिलों में ट्रिपल टेस्ट होने पर ही नगर निकाय चुनाव होगा। चुनाव नहीं होने से केंद्र ग्रांट रोकती है, भाजपा ने ओबीसी आरक्षण 27 से घटाकर 14 प्रतिशत किया। तमिलनाडु 69 प्रतिशत आरक्षण देता है, भाजपा नौवीं शिड्यूल में ऐसा अधिकार देती है। शहर में चोरी, छिनतई और गृहभेदन की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं, वहीं पुलिस दोपहिया वाहनों की दो-दो बार चेकिंग में व्यस्त है। यह विडंबना सोमवार को विधानसभा में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से उजागर की।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-216 से 220-24-25 (खुली), दिनांक 21.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., केस सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) ओ-एसी-टी-216-24-25,** एसएसई/पी(वे)/पीएन के तहत ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा, रु. 75,14,753.99, रु. 1,50,300/-, **(2) ओ-एसी-टी-217-24-25,** एसएसई/पी(वे)/एमएनई के तहत ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा, रु.75,01,162.19, रु. 1,50,000/-, **(3) ओ-एसी-टी-218-24-25,** एसएसई/पी(वे)/डीजीआर के तहत ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा, रु. 80,09,787.35, रु. 1,60,200/-, **(4) ओ-एसी-टी-219-24-25,** वरिष्ठ डीईएन/2/एएसएन के तहत मधुपुर में एक्सीलेंस सेंटर के प्रावधान के लिए खुली निविदा, रु.45,89,407.19, रु.91,800/-, **(5) ओ-एसी-टी-220-24-25,** एईएन/जेएसएमई के तहत हंसडीहा-मोहनपुर शाखा में पैकिंग एवं मशीन टैंपिंग और यार्ड ड्रेनों की सफाई आदि जैसे विविध पी-वे कार्यों के लिए खुली निविदा, रु. 1,12,21,269.58, रु. 2,06,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह (क्रम सं. 4 के लिए) और 12 माह (क्रम सं.1, 2, 3 एवं 5 प्रत्येक के लिए)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-386/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पुणे बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा



पुणे, एजेंसी। पुणे देश के टेनिस इतिहास में पहली बार प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जबकि महाराष्ट्र 25 साल के अंतराल के बाद 8 से 12 अप्रैल तक म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में इस आयोजन की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग, कोरिया और थाईलैंड सहित एशिया ओसनिया क्षेत्र की छह टीमें, मेजबान भारत के अलावा, राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच होंगे - दो एकल और उसके बाद युगल। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद, एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्चतम स्तर का एक और आयोजन पाकर रोमांचित है। अय्यर ने कहा, एमएसएलटीए ने पुणे में लगभग सभी बड़े टेनिस आयोजनों की मेजबानी की है, लेकिन हमने कभी भी बीकेजेसी या फेड कप की मेजबानी नहीं की है। एआईटीए और एमएसएलटीए ने इस आयोजन के लिए बोली लगाई है, ताकि लड़कियों के लिए घरेलू परिस्थितियों में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना आसान हो सके। घरेलू समर्थन और परिचित परिस्थितियों के साथ, भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपनी पिछली सफलता को दोहराने और क्षेत्र से उपलब्ध दो योग्यता स्थानों में से एक के लिए मजबूत बोली लगाने का लक्ष्य रखेगी। अंकिता रैना की अगुआई वाली भारतीय महिला टेनिस टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी (सभी 300 और 358 के बीच रैंक की हैं) भी शामिल हैं। अनुभवी युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे (युगल में 137 रैंक की हैं), जो हाल ही में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में उपविजेता रहीं, के शामिल होने से कप्तान विशाल उप्पल को टूर्नामेंट में जाने के लिए कई रणनीतिक विकल्प मिलते हैं।

पूर्व बांग्लादेशी कप्तान तमीम इकबाल को हार्ट अटैक आया

नई दिल्ली, एजेंसी। तमीम इकबाल ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया।बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार की सुबह हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमीम को मैच खेलने के दौरान हार्ट अटैक आया।तमीम



सावर में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच खेल रहे थे, तभी उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। तमीम को अस्पताल में निगरानी में रखा गया क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फीजिशियन डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा, मैच के दौरान तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई और ईसीजी किया गया। वे असहज महसूस कर रहे थे और ढाका वापस जाना चाहते थे। एक एम्बुलेंस को बुलाया गया और जब वह अस्पताल से मैदान पर लौट रहे थे, तो उन्हें फिर से सीने में दर्द महसूस हुआ। इसके बाद उन्हें दूसरी बार अस्पताल लाया गया और पता चला कि उन्हें बहुत बड़ा दिल का दौरा पड़ा है। अब उन्हें फाजिलतुन्नेस अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। तमीम ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था तमीम इकबाल ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। यह दूसरी बार था जब उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहा है। तमीम ने जुलाई 2023 में भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अपना फैसला बदल दिया था। तमीम ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच सितंबर 2023 में खेला। उन्होंने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया।

आईपीएल 2025 में धोनी की स्टंपिंग के कायल हुए सिद्धू, बोले 43 की उम्र में भी सर्वश्रेष्ठ

चेन्नई, एजेंसी । पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी की तारीफ की। आईपीएल 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने धमाकेदार स्टंपिंग कर पुराने दिनों की याद ताजा करा दी। सिद्धू ने यहां तक दावा किया कि धोनी 50 की उम्र में भी सीएसके के लिए अर्धशतक बना सकते हैं। धोनी ने सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया, जब एमआई कप्तान नूर अहमद की गुगली को समझने में विफल रहे। सूर्यकुमार नूर अहमद की गेंद पर शॉर्ट खेलने के प्रयास में जैसे ही क्रीज से बाहर निकले, विकेट के पीछे खड़े धोनी ने अपने पुराने अंदाज में बेल्स उड़ा दीं। यह आईपीएल में धोनी की 44वीं स्टंपिंग थी। सिद्धू ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 43 साल की उम्र में भी वह सर्वश्रेष्ठ हैं। वह पुरानी शराब की तरह हैं जो समय के साथ बेहतर होती जा रही है। उनकी फिटनेस पर गौर करें। एक विकेटकीपर का टिके रहना इस पर निर्भर करता है और धोनी की तकनीक और उनका सहज क्रियान्वयन, दोनों ही उल्लेखनीय हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जो



सम्मान अर्जित किया है, वह वाकई आश्चर्यजनक है। सीएसके की जीत के बाद धोनी ने विपक्षी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाया, उन्होंने इसके बाद 24 वर्षीय स्पिनर विग्नेश पुथुर की पीठ थपथपाई, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए अपने आईपीएल पदार्पण में प्रभाव छोड़ा था।

सिद्धू ने कहा, वह सबसे मधुर और हृदयस्पर्शी दृश्य था, जब वह युवा विग्नेश के पास गए, उसकी पीठ थपथपाई और उसका उत्साहवर्धन किया। यह खिलाड़ी को जीवन की सबसे कठिन चुनौतियों से पार पाने के लिए ऊर्जा प्रदान करती है। कहीं न कहीं, धोनी ने दिल जीत लिया है। जुलाई में 44 साल के हो जाने वाले धोनी लगातार 18वें आईपीएल सीजन में खेल रहे हैं, जिनमें से 16 में उन्होंने सीएसके का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अब तक 264 मैच खेले हैं और 5243 रन बनाए हैं। वह रन सूची में छठे स्थान पर हैं, उनके नाम 24 अर्धशतक हैं। धोनी की फिटनेस की तारीफ करते हुए सिद्धू ने कहा, उनके पास साबित करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है, फिर भी लोग नहीं चाहते कि वे खेल छोड़ें। और मैं एक बात पर अपनी जान की बाजी लगा सकती हूं–वह शायद एकमात्र क्रिकेटर होंगे जो 50 साल की उम्र में भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अर्धशतक बना सकते हैं।

नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप

जैस्मीन का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी। जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। जीत हासिल करने वाली खिलाड़ियों में लम्बोरिया के साथ रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सनमाचा चानू भी शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने 8वीं इलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। प्रारंभिक दौर में चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर की आरएससी जीत के साथ लम्बोरिया ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लाइटवेट वर्ग की मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लम्बोरिया पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में आई थीं और अब इसी कटेगरी में खेलती हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था कांस्य पदक

जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। जीत हासिल करने वाली खिलाड़ियों में लम्बोरिया के साथ रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सनमाचा चानू भी शामिल हैं। यूथ विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर अपनी एकतरफा जीत के दौरान खेल पर पूर्ण नियंत्रण दिखाया।



यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से बीएफआई द्वारा आयोजित की जा रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज 10 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह आयोजन विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है, जिसमें एक मिनट के रेस्ट ब्रेक के साथ 3-3 मिनट के राउंड शामिल हैं।



बीसीसीआई ने किया नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान, इन 16 खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साल 2024-25 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है. बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है. बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है. 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है. वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं. इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है. ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है.

बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है. वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है. ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं. इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने प्रेस रिलीज करते हुए इसका ऐलान किया.

हरभजन सिंह पर गंभीर आरोप, नस्लभेदी टिप्पणी पड़ी भारी

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 की शुरुआत में ही एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह



अपनी कमेंट्री के चलते फैंस के निशाने पर आ गए हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर हरभजन सिंह का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है. ये वीडियो राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले का है, जिसमें उन्होंने एक ऐसा कमेंट किया है, जिसने खलबली मचा दी है. फैंस उन पर नस्लभेदी टिप्पणी करने का आरोप लगा रहे हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो राजस्थान रॉयल्स की पारी के 18वें ओवर का है. तब पिच पर ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन बल्लेबाजी कर रहे थे और जोफ्रा आर्चर गेंदबाजी पर थे. इस दौरान जब क्लासेन ने आर्चर की दूसरी और तीसरी गेंद पर लगातार चौके लगाए, तो हरभजन सिंह ने कहा, लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है, और यहां पर आर्चर साहब का मीटर भी तेज भागा है.' उनका ये कमेंट पर जमकर वायरल हो रहा है और फैंस ने उन्हें कमेंट्री से बैन करने की मांग उठा रहे हैं.


फैंस का मानना है कि हरभजन सिंह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तुलना 'ब्लैक टैक्सी' से की है, जो एक नस्लभेदी टिप्पणी है. एक यूजर ने लिखा, 'हरभजन सिंह ने जोफ्रा आर्चर को हिंदी कमेंट्री में काली टैक्सी कहा. यह बहुत ही खराब बात है. कृपया इन्हें बैन कीजिए.' वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'नस्लवाद चरम पर, हरभजन सिंह आर्चर काली को काली टैक्सी को बुला रहे हैं.'

एक साल में दो बार टूटा दिल, विराट कोहली ने किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली का दिल जिस पर आया, वो अब उनकी पत्नी हैं. दोनों की पर्सनल लाइफ मजे से चल भी रही है. फिर भारतीय बल्लेबाज के ऐसा कहने के पीछे माजरा क्या है, कि एक साल में दो बार दिल टूट चुका है. दरअसल, इसके पीछे की वजह भी खुद विराट कोहली ने ही बताई है. सोशल मीडिया पर उनका एक इंटरव्यू वायरल है, जिसमें एक आईपीएल मैच के बाद वो अपने दिल के टूटने की वजह बयां कर रहे हैं. विराट की बातों से पता चलता है कि दोनों ही मौकों पर उनके दिल के टूटने की वजह निजी नहीं बल्कि क्रिकेट के मैदान से जुड़ी है.

एक साल में दो बार टूटा दिल– विराट कोहली

विराट कोहली एक आईपीएल मैच के बाद ये कहते दिख रहे हैं कि उनका दिल एक ही साल में दो बार टूट चुका है. विराट के मुताबिक ऐसा 2016 में हुआ था. पहली बार तो उनका दिल इसलिए टूटा था क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप जीतने में टीम इंडिया नाकाम रही थी. और दूसरी बार उनके दिल के टूटने की



वजह उसी साल आईपीएल फाइनल में आरसीबी को मिली हार बनी थी.

आईपीएल 2016 में विराट का प्रदर्शन रहा सबसे दमदार

सिर्फ विराट कोहली के प्रदर्शन के लिहाज से आईपीएल 2016 अभी भी इस क्रिकेट लीग का सबसे शानदार सीजन है. ऐसा इसलिए क्योंकि उस सीजन में उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उतने अभी तक किसी भी सीजन में किसी भी बल्लेबाज ने नहीं बनाए हैं. मतलब एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन बनाने का रिकॉर्ड आज भी विराट कोहली के नाम पर है, जो कि आईपीएल 2016 में बना था.

आईपीएल में विराट कोहली का कोई मुकाबला नहीं!

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं. वो इकलौते प्लेयर हैं, जिनके नाम आईपीएल में 8000 से ज्यादा रन हैं. और, ये सभी रन उन्होंने एक ही फ्रेंचाइजी यानी आरसीबी से खेलते हुए बनाए हैं.

आईपीएल 2025 में भी हैं छाए

उन्होंने आईपीएल 2025 का आगाज भी जोरदार किया है. विराट ने आईपीएल 2025 में खेले पहले मैच में शानदार अर्धशतक जड़ा और अपनी टीम को जीत दिलाकर ही लौटे. चयक्रके खिलाफ 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 36 गेंदों पर 59 नाबाद रन बनाए थे.

पिता रिक्शा चालक, लोकल मैच से आए थे मुंबई इंडियंस की नजर में...

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एक मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से पराजित किया. इस मुकाबले के बाद चेन्नई की जीत से ज्यादा चर्चा मुंबई इंडियंस के ऐसे गेंदबाज की हो रही है, जिसका नाम इस मुकाबले से बहुत कम लोग जानते थे. इस बॉलर का नाम है विघ्नेश पुथुर, जो मैच में रोहित शर्मा की जगह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे और चेपॉक (एमए चिदंबरम स्टेडियम) में तबाही मचा दी.

केरल के मल्लपुरम से आईपीएल तक का सफर...

चाइनामैन गेंदबाज विघ्नेश पुथुर के चलते



डेब्यू में कलाई के कमाल से धूम मचाने वाले विघ्नेश पुथुर की कहानी

ही इस मुकाबले में रोमांच आया और मैच आखिरी ओवर तक गया. नहीं तो एक समय ऐसा लग रहा था कि सीएसके आसानी से मैच जीत जाएगी. विघ्नेश ने अपने लगातार तीन ओवर्स में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुड्डा जैसे धाकड़ बल्लेबाजों को आउट करके मुंबई की वापसी कराई. यदि मुंबई ने 10-15 रन और बनाए होते, तो शायद वो मैच भी जीत सकती थी. अपना आईपीएल डेब्यू मैच खेल रहे विघ्नेश ने 4 ओवरों में 32 रन देकर तीन विकेट लिए.

विघ्नेश पुथुर की मुंबई इंडियंस में एंट्री काफी रोचक है. 24 साल के विघ्नेश केरल के मलप्पुरम के रहने वाले हैं और उनके पिता एक ऑटो रिक्शा चालक हैं. बड़ी बात यह है कि केरल के लिए सीनियर लेवल पर विघ्नेश ने अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है. ऐसे में उनका ये प्रदर्शन तारीफ के योग्य है. विघ्नेश शुरुआत में मीडिय पेस बॉलिंग करते थे, लेकिन केरल के क्रिकेटर मोहम्मद शेरिफ ने उन्हें स्पिनर बनने का सुझाव दिया. फिर क्या था... विघ्नेश पुथुर ने स्पिन गेंदबाजी शुरू कर दी. बाएं हाथ की कलाई से गेंद को स्पिन कराना उनके लिए एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ. स्थानीय लीग और कॉलेज टूर्नामेंट में लगातार अभ्यास करने से उनकी स्पिन बॉलिंग में और निखार आया. फिर सेंट थॉमस कॉलेज और जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद उनका सेलेक्शन केरल टी20 लीग के पहले सीजन के लिए हुआ, जिसमें वो एलेप्पी रिपल्स टीम का हिस्सा बने.विघ्नेश पुथुर ने केरल टी20 लीग के पहले सीजन में केवल तीन मुकाबले खेले और दो विकेट लिए. हालांकि इसी दौरान उन्होंने मुंबई इंडियंस की स्काउटिंग टीम का ध्यान खींचा. फिर विघ्नेश को स्क्वॉड की ओर से ट्रायल के लिए बुलाया गया.

संक्षिप्त समाचार

3 दिन में 4 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ सकता है तापमान



नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में अब टेम्प्रेचर का टॉर्चर अब बढ़ने वाला है। अगले तीन दिनों के बीच अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अब रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में रविवार सुबह से ही तेज धूप निकली रही। इस दौरान दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है।

मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान के 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने, जबकि न्यूनतम तापमान के 17 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई हैं।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अब दिल्ली में तेज गर्मियों का दौर शुरू हो सकता है। दिनभर आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। इसके चलते अधिकतम तापमान में भी इजाफा होगा। 26 मार्च तक अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच सकता है। दूसरी ओर, न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी का रुख देखने को मिलेगा और यह 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

वायु गुणवत्ता सूचकांक 194 अंक पर रहा : मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली की हवा अपेक्षाकृत साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का समग्र तौर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 194 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। बता दें कि, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है।

महिलाओं को खीर नहीं 2500 रुपए चाहिए; आतिशी ने एक बार फिर दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर साधा निशाना



नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली विधानसभा में सोमवार से बजट सत्र शुरू हो रहा है। आज सदन में डीटीसी पर कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बार फिर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने बहुत सारे वादे किए थे। आतिशी ने पूछा है कि महिलाओं को आखिर कब 2500 रुपए मिलेंगे। 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये मिलने थे। लेकिन आज तक इस योजना का रजिस्ट्रेशन तक शुरू नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने रेखा गुप्ता के खीन बनाने पर भी तंज कसा। आतिशी ने कहा, दिल्ली की महिलाओं को खीर नहीं चाहिए, उन्हें 2500 रुपए चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 8 मार्च तक दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन पैसे देना तो दूर, अभी तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू नहीं हुआ है। विपक्ष की नेता होने के नाते हम इस मुद्दे को विधानसभा में उठाते रहेंगे। आप नेता ने आगे कहा, चुनाव से पहले भाजपा ने बहुत सारे वादे किए थे। हमें उम्मीद है कि इस बजट सत्र में वो वादे पूरे होंगे। पहला और सबसे अहम वादा था कि 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये मिलेंगे। आज तक उस योजना का रजिस्ट्रेशन भी शुरू नहीं हुआ है। साफ है कि पीएम मोदी ने झूठ बोला और दिल्ली की जनता को धोखा दिया।

दिल्ली में बजट से पहले सीएम रेखा गुप्ता ने बनाई खीर

खुद भगवान राम को लगाया भोग





नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली बार दिल्ली विधानसभा में 'खीर सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद अपने हाथ से खीर बनाकर सबसे पहले भगवान राम को भोग भी लगाया। इस 'खीर सेरेमनी' के दौरान तमाम मंत्री, विधायक और विधानसभा के अधिकारी भी मौजूद रहे।

दिल्ली विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र सोमवार को खीर सेरेमनी के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि मिठास प्रगति का प्रतीक है । मुख्यमंत्री पद के साथ वित्त विभाग भी संभाल रहीं रेखा गुप्ता 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार का पहला बजट पेश करेंगी।

इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने वहां उपस्थित लोगों से कहा, यह लगभग वैसा ही है जैसे भगवान राम 14 साल बाद लौटे हों और यह सरकार 27 साल बाद लौटी हो। भगवान राम को भोग लगाकर हमने इस बजट को दिल्ली के विकास के लिए खीर की मिठास से जोड़ा है। दिल्ली के इतिहास में पहली बार इस खीर समारोह के माध्यम से इस बजट से जुड़े समाज के सभी वर्गों- जिन्हें दिल्ली सरकार और उसके बजट से उम्मीदें और अपेक्षाएं हैं- को शामिल किया गया है।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि बजट सत्र का ऐतिहासिक महत्व है। उन्होंने कहा कि आज, व्यवसायी, ऑटो चालक, दलित भाई-बहनों सहित विविध पृष्ठभूमि के लोग एक साथ 'खीर' खाएंगे। बजट कल पेश किया जाएगा।

भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बजट दिल्ली के लिए प्रगति का संदेश है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएम गुप्ता ने महिलाओं और युवाओं से लेकर व्यवसायियों और कॉलोनियों के निवासियों तक के व्यापक लोगों से बात की है और बजट को आकार देने के लिए सुझाव एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि मिठास प्रगति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री संदेश दे रही हैं कि दिल्ली का विकास पटरी पर है। यह बजट महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों और यहां तक कि कॉलोनी निवासियों की आवाज को दर्शाता है, यह सुनिश्चित करता है कि उनकी राय प्रक्रिया का हिस्सा हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम समावेशी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बता दें कि, पिछले महीने हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी है। 70 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के 48 और 'आप' के 22 विधायक चुनकर आए हैं।

दिल्ली में बिना हेलमेट बाइक-स्कूटी चलाने वाले सावधान, सख्त ऐक्शन लेगी पुलिस; लाइसेंस तक होगा कैंसिल



नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की सड़कों पर अब बिना हेलमेट वाहन चलाना भारी पड़ सकता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को हेलमेट संबंधी उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस को अयोग्य या रद्द घोषित करना और चालान काटना शामिल है। ये निर्देश पिछले महीने के अंत में एडिशनल पुलिस कमिश्नर (ट्रैफिक हेडक्वार्टर) सत्य वीर कटारा ने सभी ट्रैफिक कर्मियों को एक सर्कुलर भेजा है। जिसमें दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई तेज करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 40 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहन सवारों की हुई थीं। राजधानी में हुई दुर्घटनाओं में 611 वाहन चालक मारे गए और 2,233 घायल हुए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,551 लोगों की जान चली गई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (यातायात) दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा, दोपहिया वाहन सवारों की मौत के कारणों का विश्लेषण करने पर पता चला कि उनमें से कई या तो बिना हेलमेट के थे या उन्होंने ठीक से हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उन्हें सिर पर गंभीर चोटें आईं। हेलमेट की खराब गुणवत्ता भी मौतों का एक और कारण थी। यातायात फ्लो के विपरीत चलना, तेज गति से वाहन चलाना और लाल बत्ती पार करना ऐसे सवारों की मौत और चोटों के दूसरे कारण थे। मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम की धारा 129 के अनुसार, चार साल से ज्यादा उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को, जो दोपहिया वाहन चला रहा है या उस पर सवार है, सार्वजनिक स्थान पर अच्छी गुणवत्ता वाला सुरक्षात्मक हेडगियर पहनना अनिवार्य है। कटारा ने सर्कुलर में कहा, नियमों के अनुसार, हेलमेट नियमों का उल्लंघन करने पर 1,000 रुपए का जुर्माना लगता है। दिल्ली यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल और उससे ऊपर रैंक के अधिकारी अपराध को कम करने के लिए अधिकृत हैं। एमवी अधिनियम की धारा 206 की उप-धारा 4 के अनुसार, अपराधी/चालक का लाइसेंस जब्त किया जा सकता है और धारा 19 के तहत अयोग्यता या निरस्तीकरण की कार्यवाही के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजा जा सकता है। हमने सभी यातायात अधिकारियों को निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया है।

एडमिशन दिलाया, फिर लूटने लगा इंजीनियरिंग छात्रा की आबरू

हैवान कॉलेज डायरेक्टर गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद के पलवल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा के साथ होटल में ले जाकर लगातार तीन वर्ष तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। छात्रा ने कॉलेज के ही निदेशक (एडमिन डायरेक्टर) पर हैवानियत करने का आरोप लगाया। मुंडकटी थाना की पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी निदेशक को शनिवार रात को गिरफ्तार किया है। मुंडकटी थाना प्रभारी रेणु शेखावत के अनुसार 22 वर्षीय एक युवती शहर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा है। कॉलेज के ही एडमिन डायरेक्टर ने वर्ष 2022 में उसको दाखिला दिलाया था। दाखिले के 15 दिन के अंदर उसकी कॉलेज में पार्ट टाइम नौकरी भी लगवा दी थी। पीड़िता ने पुलिस शिकायत में बताया है कि एडमिन डायरेक्टर दबाव बनाकर उसे 2022 में एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। पीड़िता के अनुसार आरोपी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई दुष्कर्म करता रहा। उसने जब आरोपी की बात मानने से मना कर दिया तो वह उसे जान से मारने और वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। फरीदाबाद स्थित उसके घर पहुंचकर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। इससे वह काफी सहम गई थी इस वजह से उसने पुलिस को शिकायत नहीं दी। इससे आरोपी उसे और परेशान करने लगा तो उसकी हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने अब फरीदाबाद के धौज थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दे दी।

एसीपी ने हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा से छीना माइक, बीच में ही बंद कराया लाइव शो

नईदिल्ली, एजेंसी। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के गुरुग्राम में आयोजित शो में गन कल्चर और बदमाशी से प्रेरित एक प्रतिबंधित गाना गाने को लेकर पुलिस ने उनका शो बीच में ही बंद करवा दिया। हालांकि मासूम शर्मा ने अपने फैंस की डिमांड पर गाने के कुछ बोल ही गाए थे, तभी गुरुग्राम पुलिस के एसीपी ने माइक को छीनकर शो खत्म होने की घोषणा कर दी। लाइव शो में मासूम शर्मा के गाने सुनने आए फैन को वापस जाने का निर्देश दिया गया। हालांकि पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। बता दें कि कुछ महीने पहले ही हरियाणा में गन कल्चर से संबंधित गानों के बनाने और गाने पर पाबंदी लगा दी गई थी। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा का शनिवार को सेक्टर-29 स्थित जिमखाना क्लब में लाइव शो का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में मासूम शर्मा के गानने सुनने के लिए हजारों की संख्या में फैंस आए थे।

औरंगजेब विवाद के बीच विहिप प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में हुमायूं मकबरे का किया निरीक्षण

नईदिल्ली, एजेंसी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने रविवार को कहा कि संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित हुमायूं के मकबरे का निरीक्षण किया। इस कवायद का उद्देश्य दिल्ली के ऐतिहासिक संदर्भ का अध्ययन करना है। विहिप के प्रतिनिधिमंडल का दूसरे मुगल शासक हुमायूं के मकबरे का दौरा महाराष्ट्र में औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग को लेकर कुछ हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच हुआ है। इन संगठनों का आरोप है कि 17वीं सदी के मुगल शासक ने हिंदुओं पर अत्याचार किए थे। विहिप की दिल्ली इकाई ने एक बयान में कहा कि उसके पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही सफदरजंग मकबरे का निरीक्षण करने जाएगा। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल हुमायूं के मकबरे पर जाने वाले विहिप प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन की दिल्ली इकाई के सचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। बयान में कहा है कि सुरेन्द्र गुप्ता ने स्पष्ट किया कि इस निरीक्षण का कोई विवादास्पद मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति के 5 पोते-पोतियों की मां को मिला नया जीवनसाथी, जूनियर ट्रंप से हो गया था तलाक

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स ने डोनाल्ड ट्रंप की बहू रह चुकीं वैनेसा ट्रंप के साथ अपने रिश्ते सार्वजनिक कर दिए हैं. उन्होंने पुष्टि की है कि वह वैनेसा ट्रंप के साथ रिश्ते में हैं. वुड्स ने अपने 6.4 मिलियन फॉलोअर्स को एक्स पर लिखा, 'प्यार में डूबा हुआ हूं और आपके साथ जीवन बेहतर है. हम जीवन भर साथ-साथ चलने के लिए उत्सुक हैं. इस समय हम अपने दिल के करीब रहने वाले सभी लोगों की प्राइवेसी की सराहना करते हैं.' वैनेसा की शादी साल 2005 में डोनाल्ड ट्रंप जूनियर से हुई थी और ये 2018 तक चली. वैनेसा और जूनियर ट्रंप के पांच बच्चे हैं, जिनमें 17 साल काई भी शामिल है. काई को 2026 में मियामी यूनिवर्सिटी में गोल्फ खेलेंगे. काई भी वुड्स के बच्चों सैम और चार्ली के साथ उसी स्कूल में पढ़ते हैं. काई और चार्ली ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक इंविटेशनल टूर्नामेंट में भाग लिया था. सैम और चार्ली दोनों वुड्स और एलिन नॉर्डग्रेन के बेटे हैं. वुड्स का एलिन से 2010 में तलाक हो गया था क्योंकि कपल के कई विवाहेतर संबंधों का खुलासा हुआ था. पिछले कई हफ्तों से वुड्स और वैनेसा ट्रंप की के बीच रिलेशनशिप चर्चा का विषय बनी हुई थी. हालांकि वुड्स अपनी निजी जिंदगी को बेहद प्राइवेट रखते हैं, लेकिन आखिर उन्हें सार्वजनिक करनी पड़ी है. इसी तरह उन्होंने 2013 में भी लिंडसे वॉन के साथ रिलेशनशिप की सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. वुड्स ने उस समय कहा था कि वह और वॉन ÷स्टॉकराजी' और उन सभी घटिया वेबसाइटों के कयासों को खत्म करना चाहते है जो उन्हें लगातार फॉलो कर रही हैं. इसके पीछे उन्होंने तर्क दिया था कि बार-बार गलत सूचनाओं के चलते उनके बच्चों को काफी परेशानी हो सकती है.

रूस के हमले से दहला यूक्रेन, युद्धविराम पर बातचीत के बीच पुतिन ने भेजे 147 ड्रोन



कीव, एजेंसी। यूक्रेन में रविवार रात को रूस के ड्रोन हमलों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई. यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं ने यह जानकारी दी. यूक्रेन की राजधानी कीव पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत होने की संभावना है. अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच सोमवार को अप्रत्यक्ष वार्ता हो सकती है, जिसमें ऊर्जा सुविधाओं और नागरिकों से संबंधित बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए जाने वाले लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले हमलों पर रोक लगाने के संबंध में चर्चा की जाएगी.

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि बातचीत से एक दिन पहले यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में अमेरिका के अधिकारियों से मिल सकता है. उन्होंने कहा कि यूक्रेन आंशिक युद्धविराम के विवरण पर चर्चा करने के लिए तकनीकी टीम भेजने की योजना बना रहा है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब में होने वाली बातचीत में कुछ वास्तविक प्रगति हो सकती है. यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने यूक्रेन में 147 ड्रोन दागे. इसने बताया कि 97 ड्रोन को मार गिराया गया और यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई के चलते 25 ड्रोन अपने लक्ष्यों तक नहीं पहुंच पाए.

रूस ने खार्कीव, सुमी, चेर्निहीव, ओडेसा और डोनेत्स्क क्षेत्रों के साथ-साथ राजधानी कीव में भी हमले किए. कीव के सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी पर हुए ड्रोन हमले में पांच साल के बच्चे सहित तीन लोग मारे गए तथा 10 अन्य घायल हो गए हैं. राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, ड्रोन हमले के कारण पोडिल जिले की 25 मंजिला इमारत की 20वीं मंजिल पर आग लग गई. वहीं, होलोसिव्स्की में एक गोदाम और कार्यालय की इमारत में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. डोनेट्स्क क्षेत्र के गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने बताया कि क्षेत्र में हुए रूसी हमलों में चार लोग मारे गए हैं.

मोहम्मद यूनुस के साथ बैठक करेंगे पीएम मोदी? बांग्लादेश की ओर से द्विपक्षीय वार्ता पर विचार कर रहा भारत



ढाका , एजेंसी। भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है।

सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले राजनीति से प्रेरित थे और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर नहीं किए गए थे।

यूनुस और पीएम मोदी की बैठक को लेकर क्या बोले एस जयशंकर?: जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? विदेश मंत्री ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया और कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है।

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी।

जयशंकर ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात करेंगे। जयशंकर ने बैठक में यह भी कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने संकेत दिया कि प्रधानमंत्री मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की।

पीएम मोदी का श्रीलंका दौरा: पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। ध्यान रहे कि बांग्लादेश में पांच अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बीएसएल ने दिया स्वच्छता का संदेश

















बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) केंद्र के सभागार में स्वच्छता की थीम पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी सहित अधिशासी निदेशक, डी आई जी (सी आई एस एफ) श्री दिग्विजय कुमार सिंह, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, महिला समिति बोकारो की उपाध्यक्षगण व अन्य सदस्य तथा दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. दीप प्रज्वलन के उपरांत अपने सम्बोधन में निदेशक प्रभारी ने कहा कि स्वच्छता का अभियान सही मायनों में तभी सफल होगा जब हम सभी इसे अपनी सोच और आदत में शामिल करें. उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में भी स्वच्छ भारत मिशन की अहमियत को रेखांकित किया और सभी को स्वच्छता शपथ दिला कर इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बीएसएल कर्मियों व भूतपूर्व कर्मियों की एक संयुक्त टीम द्वारा स्वच्छता पर निदान नामक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई. इसके अलावा बीएसएल के आरसीएल विभाग द्वारा छोटी सी सोच, बड़ा बदलाव नामक लघु नाटिका तथा बीजीएच की टीम द्वारा अतरंगी पड़ोसी नामक लघु नाटिका का बेहद रोचक अंदाज में मंचन किया गया. महिला समिति की ओर से श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी ने स्वच्छता पर एक कविता प्रस्तुत की जबकि संगीत कला अकादमी के कलाकारों द्वारा वंदना (ओडिसी), क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल एंड वोकल, स्वच्छ गंगे थीम पर समूह नृत्य तथा एक समूह गान प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से कल्चरल सचिव (संगीत कला अकादमी) श्रीमती श्वेता कुमार तथा कनीय प्रबंधक, बीएसएल श्री रवि सिन्हा द्वारा किया गया. अंत में संचार प्रमुख श्री मणिकांत धान ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बीएसएल द्वारा सूर्य सरोवर की साफ-सफाई

बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेक्टर 4 एफ स्थित सूर्य सरोवर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री ए के अविनाश तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री सुशांत शिशिर की अगुवाई में बीएसएल की टीम ने सूर्य सरोवर परिसर की साफ-सफाई की और जन-सामान्य को स्वच्छता का सन्देश दिया गया.

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

बीएसएल में 16 -31 मार्च तक जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित 08 बी ,12 ई ,02 सी ,03 डी ,09 ई एवं 09 बी के स्कूलों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने हेतु निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विभिन्न प्रतियोगितओं में बहुत ज्यादा संख्या में बच्चों ने भाग लिया तथा बोकारो सिटी में स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश फैलाया.

बी जी एच में आयोजित हुआ सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है. महिलाओं में इस कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बोकारो जनरल अस्पताल में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. बी. बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिन्दा मंडल, शिशु वार्ड के विभागाध्यक्ष डॉ. इंद्रनील चौधरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग की विभागाध्यक्ष डॉ. कीर्ति अनिमा केरकेट्टा, और नर्सिंग स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नीलिमा कुमारी ने परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जागरूकता अभियान में महिलाओं और युवतियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नियमित जांच और स्क्रीनिंग करने, साथ ही एच. पी. वी. वैक्सीन लेने की सलाह दी गई. सर्वाइकल कैंसर पर आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. बी. बी. करुणामय ने एच. पी. वी. (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया. उन्होंने कहा कि एच. पी. वी. वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और यह सर्वाइकल कैंसर के खतरे को प्रभावी रूप से कम करने में मदद करता है. डॉ. करुणामय ने सभी को वैक्सीनेशन कराने की सलाह दी और बताया कि यह वैक्सीन खासकर युवाओं के लिए बेहद फायदेमंद है, क्योंकि इससे कैंसर से बचाव संभव है. उन्होंने यह भी कहा कि "इलाज से बेहतर रोकथाम है," और इस बात पर जोर दिया कि समय रहते रोकथाम की रणनीतियों को अपनाना भविष्य में बड़ी बीमारियों से बचने के लिए सबसे प्रभावी तरीका है. डॉ. करुणामय ने संगोष्ठी में उपस्थित सभी से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते इलाज किया जा सके. स्त्री एवं प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कीर्ति अनिमा केरकेट्टा ने भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच. पी. वी. वैक्सीन लगवाने पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर को बहुत हद तक वैक्सीनेशन के द्वारा रोका जा सकता है. डॉ. केरकेट्टा ने यह भी बताया कि 9 से 14 वर्ष की आयु में दो डोज और 15 से 45 वर्ष के बीच तीन डोज की आवश्यकता होती है. उन्होंने सर्वाइकल कैंसर को देश से समाप्त करने के लिए एच. पी. वी. वैक्सीनेशन की दो डोज को अनिवार्य बताया और भारतीय प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसाइटी (फॉग्सी) का नारा "2 टिके ज़िंदगी की" को दोहराया. साथ ही, स्त्री एवं प्रसूति विभाग के डॉक्टर्स डॉ. शमा परवीन, डॉ. फरहत मजहरी और डॉ. कविता ने भी इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए. उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए पैप स्मीयर परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला जिससे कैंसर को शुरूआती स्टेज में पहचाना जा सकता है और समय पर इलाज किया जा सकता है. कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से क्विज, स्लोगन लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 200 से अधिक नर्सिंग छात्राएँ, डॉक्टर, नर्सेस और डी. एन. बी. रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया.









संक्षिप्त समाचार

अंतर्मन की चाह सफेद चांद सी होती : शैलजा झा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बोकारो की नियमित मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन संघ कार्यालय जनवृत 2 में रेणुका सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने उनकी बेहतरीन कविता 'शौर्य गाथा' गाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।गोष्ठी की शुरूआत संघ के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी की सरस्वती वंदना एवं मंगलाचरण से हूई। गोष्ठी का अभूतपूर्व संचालन निलम झा ने देशभक्ति के गीत के साथ की।संघ के अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र कुमार राय ने डॉ केशव बलराम हेडगेवार के जीवन एवं उनकी सच्ची देशभक्ति पर प्रकाश डाला। आशा पुष्प की नव वर्ष गीत,संघ के प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक की भक्ति गीत ' कृपाणी दयानी भव भय हरणी मातु भवानी'डॉ. राम नारायण सिंह की'तू हो,गीता कुमारी गुस्ताख की 'मल दे गुलाल मोहे मल दे गुलाल गाकर खुब वाह वाही लूटी।डी.एन. सिंह की रंगो का समन्वय,शैलजा झा की अंतर्मन की चाह सफेद चांद सी होती,करुण कलिका की हे प्रीये सब धवस्त ना हो,नीता सहाय की मेरी लेखनी मेरी जान,रिंकु गिरिरतन की सत्यता,संजु कुमारी की शहीद दीवस क्यों खास है,डॉ व्यंकटेश शर्मा की गजल एवं उपस्थित गणमान्य में शंभू झा,नवकांत झा थे।अंत में धन्यवाद् ज्ञापन ब्रह्मानंद गोस्वामी विकल राही ने की।



सेक्टर 3 में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो स्टील सिटी को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। सेल, बोकारो स्टील प्लांट के आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के यातायात सहित नगरवासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बोकारो स्टील के टाऊन एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के द्वारा लगातार नगर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बोकारो के सेक्टर तीन में अवैध रूप से स्थाई रूप से बनाए गए दुकानों को हटाया गया। टाऊन एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के डीजीएम आर शेखावत ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं है। लेकिन चेतावनी देने के बाद भी स्थाई रूप से दुकान बनाए जा रहे हैं। अतिक्रमण कर बोकारो स्टील की जमीन, पानी और बिजली का मुफ्त उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इस तरह की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।



श्रीराम कथा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीराम कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से श्री रामकथा, बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में चैत्र नवरात्र के 27 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इस नौ दिवसीय कार्यक्रम के लिए बन रहे विशाल पंडाल (जर्मन हैंगर) अंतिम चरण में है। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में श्रीराम कथा स्थल का निरीक्षण किया गया। इतने भव्य तरीके से चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत प्रशासन संतुष्ट होते हुए बोकारो में इस स्तर का पहली बार भव्य आयोजन करने पर श्रीराम कथा आयोजन ट्रस्ट के सदस्यों की सराहना की। बोकारो अभी पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है और अगले 4 अप्रैल तक भक्ति के रस में पूरी तरह सराबोर रहेगा, जिसकी खुशबू कालांतर में बहुत दिनों तक बोकारो वासियों के मानस पटल पर अंकित रहेगी। सूर्य मंदिर के पास चल रहा यज्ञ, दूँदीबाग हटिया स्थित काली मंदिर में हो रहा यज्ञ, जनवृत 2 सी के हनुमान मंदिर में हो रही कथा और अब 27 मार्च से मजदूर मैदान में शुरू होने वाली श्रीराम कथा पूरे बोकारो वासियों को भक्तिमय बना दिया है। श्री राजन जी महाराज की कथा में बोकारो सहित आसपास के जिलों से आधिकाधिक संख्या में श्रद्धालु श्रोतागण की आने की संभावना है, जो उनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण कथा का आनंद लेकर अपना जीवन सफल बनाएंगे।

संचालित योजनाओं की धीमी प्रगति पर पूछा स्पष्टीकरण

जिला समन्वय समिति की मैराथन बैठक में संचालित योजनाओं की समीक्षा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त विजया जाधव ने जिला समन्वय समिति की बैठक की। इसमें उन्होंने शेष विभागों खाद्य आपूर्ति, बिजली वितरण निगम लिमिटेड,सहकारिता, पशुपालन झ गव्य, भूमि सर्वेक्षण, शिक्षा, राजस्व, खेल, यूआइडी, जेएसएलपीएस आदि अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस क्रम में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ - सीओ, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अहम दिशा - निर्देश दिया। मौके पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा समेत सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ)/अंचलाधिकारी (सीओ) आदि उपस्थित थे।



कृषि विभाग के समीक्षा क्रम में जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) को लेकर आवेदन सृजन में रूचि नहीं दिखाने एवं सरकार की महत्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को प्रेरित नहीं करने, योजना के लिए किसानों का निबंधन नहीं करने को लेकर उपायुक्त ने नारजगी जताई। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) मो. शाहिद से मामले में स्पष्टीकरण पूछा है। समीक्षा क्रम में जिले के 86 हजार किसानों के बीच लगभग 52,741 किसानों को ही केसीसी कार्ड बनाया गया है। उन्होंने इस कार्य में एटीएम झ बीटीएम को लगाते हुए 15 अप्रैल तक जिले के सभी किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं, विभाग द्वारा संचालित किसान समृद्धि योजना एवं खरीफ फसल योजना में लक्ष्य के अनुरूप जिले का प्रदर्शन कम था। इनमें सुधार का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा क्रम में आहर्ता नहीं रखने वाले लोगों का राशन कार्ड से नाम सत्यापन के बाद हटाने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। उन्होंने सभी विपणन पदाधिकारी (एमओ)/बीडीओ - सीओ को इस दिशा मे कार्य करने को कहा। उन्होंने 06 महिने, 09 महिने और 12 महिने से जिन्होंने राशन नहीं लिया है, वैसे लाभुकों की सूची तैयार करने को कहा। उपायुक्त ने आहर्ता नहीं रखने वाले राशन कार्डधारियों से अपील किया है कि वह स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड समर्पित करें, अन्यथा सत्यापन के क्रम में पकड़ें जाने पर अब तक किए गए राशन उठाव का राशन का बाजार दर के साथ अतिरिक्त 12 फीसदी राशि की वसूली की जाएगी। समीक्षा क्रम में ससमय पर राशन का उठाव गोदाम से नहीं करने वाले डिलर व कार्डधारियों के बीच ससमय राशन नहीं वितरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि राशन उठाव के साथ ही वितरण सुनिश्चित करें, उन्होंने डीएसओ को डिलर द्वारा राशन उठाव करने के साथ ही प्रेस विज्ञप्ति जारी करने को कहा। सभी बीडीओ/सीओ को कार्डधारियों उनके परिजनों का प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से समन्वय कर आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा। आवंटन के अनुरूप लाभुकों के बीच चीनी, चना दाल, नमक आदि वितरण को कहा। प्रखंडों में धोती - साड़ी- लुंगी योजना का जो शेष है, उसे अविलंब शिविर लगाकर वितरण का निर्देश दिया। सभी कार्डधारी आगामी 31 मार्च 2025 तक अपने राशन का ई-केवाईसी कराएं, यह जरूरी है। धान विक्रय ई - उपार्जन पोर्टल में किसानों का निबंधन कम होने पर उपायुक्त ने गहरी नारजगी जताई। उन्होंने 25 से 15 अप्रैल तक अभियान चलाकर किसानों का निबंधन करने झ धान क्रय करने के कार्य को गति देने, लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। वहीं, राइस मिलों को लंबित सीएमआर को 31 मार्च तक पूरा करने को कहा। डीएओ को किसानों को प्रेरित करने के लिए अपने स्तर से कार्रवाई करने को कहा। सहकारिता विभाग की समीक्षा क्रम में डीसीओ ने जिले के 76 पैक्सों के कंप्यूटराइजेंशन करने के दिशा में कार्यालय - गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने को लेकर अंचलाधिकारियों को पत्र भेजे होने की बात कहीं। उपायुक्त ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) को सीओ कार्यालय से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को जल्द पूरा करने को कहा।

राजस्व विभाग की उपायुक्त ने की समीक्षा

विशेष शिविर में प्राप्त दाखिल-खारिज मामलों का करें त्वरित निष्पादन



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने राजस्व संबंधित मामलों की सोमवार शाम समीक्षा की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, राजस्व शाखा प्रभारी वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी अंचलाधिकारी (सीओ), अंचल निरीक्षक (सीआइ) आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अवर निबंधन चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को निर्देशित किया कि फ्लैट के निबंधन क्रम में दस्तावेजों में प्लाट वार रकवा संख्या अंकित होना जरूरी है। इसे सुनिश्चित करेंगे, इसके बाद ही निबंधन का कार्य पूरा करेंगे। साथ ही वैसे प्लाट का निबंधन जिसमें प्लाट संख्या शून्य अंकित है, संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा सुधार के बाद निबंधन की कार्रवाई करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने 18 फरवरी से 04 मार्च तक आयोजित राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। जिसमें अपर समाहर्ता ने बताया कि कुल 5050 आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें 3554 आवेदनों को निष्पादित कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष आवेदनों को भी जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को दाखिल - खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रद्द आवेदनों को स्पष्ट कारण के साथ रद्द करने को कहा। बेवजह झ छोटी कारणों से किसी आवेदन को रद्द नहीं करेंगे। उन्होंने उत्तराधिकार/बंटवारा नामा के आधार पर निबंधन हेतु 50 - 50 रुपये के निबंधन शुल्क निर्धारित होने की बात कहीं। पार्टिशन म्यूटेशन के लंबित 75 मामलों को निष्पादित करने को कहा। साथ ही, प्रत्येक माह 50 - 50 आवेदनों उत्तराधिकार/बांटवारा नामा का प्राप्त कर अंचलाधिकारी निष्पादित करेंगे।

वसंतोत्सव संगीत समारोह में कलाकारों ने बांधा समां

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रविवार की शाम को प्लॉट नं. 38 ए, आदर्श कोआपरेटिव सोसायटी, सेक्टर 12 में ध्रुपद सम्राट पंडित राम वृक्ष पाठक अखिल भारतीय वसंतोत्सव संगीत समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ संगीतज्ञ बच्चन जी महाराज द्वारा आयोजित इस संगीत कार्यक्रम में लगभग चार घंटे तक सुरों की सरिता बहती रही और वरिष्ठ कलाकारों के साथ ही उदीयमान कलाकारों ने गायन वादन से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों व कलाकारों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। कलाकारों का स्वागत माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। वरिष्ठ बैंक अधिकारी व संगीत प्रेमी हिमांशु शेखर मिश्रा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पं. बच्चन महाराज की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से कलाकारों को मंच मिलता है और संगीत प्रेमियों को अच्छा संगीत सुनने का अवसर मिलता है। संगीत कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत में भजन, गजल, होली, चैती व लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति व बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एकल तबला वादन, गिटार वादन ने संगीत रसिकों को आनंदित किया। वरिष्ठ संगीतज्ञ पं श्याम गोस्वामी, अरुण पाठक, चंद्र कांत शर्मा, प्रभा मोहनन नायर, रंजना राय, फुलमती देवी, हरेकनाथ गोस्वामी, राजू गोस्वामी, दीप नारायण गोस्वामी, उमेश कुमार झा, शैलेश कुमार हिमांशु, अशोक बाबला, हंसमुख पांडेय, प्रमोद कुमार, शंकर कुमार, रोहित, आर्यन, कृष्णा तुलसी, अनंदिता पाठक, शान्वी राज, प्रीति गोस्वामी, रानी, आयुष्मान भट्टाचार्या, श्लोक इशान, चित्रा अधिकारी, अंकित राज, अथर्व राज, अर्पण कुमार गिरी आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। बाल कलाकार अक्षर राज, अर्श भारद्वाज, आदित्य राज, कुमार गोपाल ने तबला वादन प्रस्तुत किया। दीप नारायण गोस्वामी ने खयाल गायन, प्रभा मोहनन नायर ने कनार्टक संगीत व भजन, चंद्र कांत शर्मा ने शास्त्रीय राग पर आधारित ह्यसाजनवा आयो मोर मंदिरवा...ह्ल की सुंदर प्रस्तुति के बाद पश्चात गजल ह्यजिंदगी में तो सभी प्यार किया करते हैं..., अरुण पाठक ने ह्यहोली कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर व ह्यराम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी..., रंजना राय व फुलमती देवी ने चैता व लोकगीत, कृष्णा तुलसी ने ह्यजिसको नहीं है बोध तो गुरु ज्ञान क्या करे...., शान्वी राज ने छोटा खयाल, प्रीति गोस्वामी ने भजन की सुमधुर प्रस्तुति की। कार्यक्रम में तबले पर पं. बच्चनजी महाराज, राजू गोस्वामी, सिंथेसाइजर पर सदय कुमार झा व हारमोनियम पर दीप नारायण गोस्वामी व शंकर कुमार ने संगति की। मंच संचालन हंसमुख पांडेय ने किया।



स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com